दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 149 | जयपुर | शुक्रवार, 04 अप्रैल, 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष सप्तमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

**मौसम** जयपुर

34.0° अधिकतम तापमान

22.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

सेंसेक्स 76,295.36 -322.08 (0.42%)

निफ्टी 23,250.10 -82.25 (0.35%)

**सर्राफा** सोना/चांदी

सोना 92,965 /10g

चांदी 1,03,000 /Kg

# राज्यसभा में जेपी नड्डा ने गिनाई वक्फ बिल की खूबियां

## बोले- हम लिप सर्विस नहीं, रियल सर्विस करते हैं



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के नेता और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने वक्फ (संशोधन) विधेयक का बचाव करते हुए कहा कि यह देश के हित में है। उन्होंने कहा कि विपक्ष वक्फ विधेयक को बुलडोज करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि मैं इस विधेयक के समर्थन में खड़ा हूँ और मुझे उम्मीद है कि सदन भी इसका समर्थन करेगा। मुझे उम्मीद है कि उम्मीद (एकीकृत वक्फ प्रबंधन सशक्तीकरण, दक्षता और विकास) का समर्थन होगा। इस विधेयक का मूल उद्देश्य वक्फ संपत्तियों में सुधार और उचित प्रबंधन लाना है। इस पर बहुत चर्चा हुई है।

नड्डा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा लाए गए इस वक्फ विधेयक को ध्वस्त करने के लिए शोर मचाया जा रहा है। एक जिम्मेदार राजनीतिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में, मैं इस शोर को रोकता हूँ और इस नैरेटिव का विरोध करता हूँ। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में कहा जाता है कि 'जब आपके पास तर्क होते हैं, तो आप तर्कपूर्ण होते हैं और उसी के अनुसार बोलते हैं, और जब आपके पास तर्क नहीं होते, तो आप अपनी आवाज उठाते हैं और सनसनी फैलाने की कोशिश करते हैं।' मैंने देखा कि बहस पटरी से उतर गई और भटक गई। मैंने कल लोकसभा में भी यही देखा।जेपी नड्डा ने दावा किया कि वक्फ संशोधन बिल देश के हित में है। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन बिल से जवाबदेही बनाने की कोशिश है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने मुस्लिमों को दोयम दर्जे का नागरिक बनाया। उन्होंने दावा किया कि मुख्यधारा में मुस्लिम बहनों को लाने से कांग्रेस ने रोका है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हमारी कोशिश सिर्फ नियमों के दायरे में लाना है। उन्होंने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक राष्ट्रहित में है, विपक्ष मुद्दे को भटकाने और गलत विमर्श बनाने की कोशिश कर रहा है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार सभी लोकतांत्रिक मानदंडों का पालन कर रही है। आपने (विपक्ष ने) संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मांग की थी, और हमने इसका गठन किया। 2013 में जब वक्फ बिल के लिए जेपीसी का गठन किया गया था।

### संजय राउत ने कहा- मुस्लिमों की इतनी चिंता जिन्ना ने भी नहीं की थी

शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि दोनों सदनों में गरीब मुस्लिमों की बहुत चिंता हो रही है। हिंदु और मुस्लिम दोनों इससे डरे हुए हैं। बैरिस्टर जिन्ना ने भी मुस्लिमों की इतनी चिंता नहीं की थी। मुझे लगता है कि जिन्ना की आत्मा कब्र से उठकर रिजिजू जी के शरीर में घुस गया है। उन्होंने कहा कि जब भी बेरोजगारी, मंहगाई का मुद्दा आता है तो 2-3-5 दिन आप चर्चा कर लेते हो। आपको मुस्लिमों की चिंता कब से होनी लगी। आप लोग उनको चोर बोलते हो, बोलते हो की मुस्लिम आपकी जमीन छीन लेंगे, गले की चेन छीन लेंगे।

### खड़गे बोले -माइनॉरिटीज का हक छीनने की कोशिश
### बीजेडी बोली- पार्टी ने व्हिप जारी नहीं किया, सांसद अंतरात्मा की सुनें



नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- मेरी किस्मत अच्छी है कि मुझे सुनने के लिए गृहमंत्री भी है, लेकिन गुफ्तगु कर रहे हैं। उन्होंने कहा- वक्फ बिल के बारे में सारे देश में ऐसा माहौल बना है कि माइनॉरिटीज को तंग करने के लिए ये बिल लाया गया है। ऐसा कोई बहुत से बदलाव अगर 1995 के एक्ट से होते तो हम मान लेते। जो वहां है वो इसमें डाल दिया। जो नहीं डालना चाहिए वो भी डाल दिया। बीजू जनता दल ने वक्फ बिल पर कहा है कि पार्टी ने अपने सांसदों को कोई व्हिप जारी नहीं किया है। सांसद अपनी अंतरात्मा की सुने और वक्फ बिल पर फैसला लें। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वक्फ बिल पर विपक्ष के रुख को लेकर निशाना साधा। नड्डा ने कहा- हमने कांग्रेस नेतृत्व वाली क्कसरकार की तुलना में वक्फ बिल को लेकर कहीं ज्यादा गंभीरता दिखाई।। यह बिल पार्टी इंट्रेस्ट का नहीं है, यह नेशनल इंट्रेस्ट का विषय है।



### रिजिजू बोले : बिल में ट्रांसपैरेंसी, अकाउंटेबिलिटी, एक्यूरेसी केंद्रित बदलाव

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि व्यापक चर्चा के बाद तैयार किए गए बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया था। वक्फ को लेकर जेपीसी ने जितना काम किया, उतना काम किसी कमेटी ने नहीं किया। इससे पहले बुधवार देर रात तक चर्चा के बाद इस बिल को लोकसभा से पारित कर दिया गया। रिजिजू ने राज्यसभा में कहा- संशोधित बिल में मुसलमानों के धार्मिक क्रियाकलापों में किसी तरह का हस्तक्षेप कोई गैर मुस्लिम नहीं करेगा। हमने ट्रांसपैरेंसी, अकाउंटेबिलिटी, एक्यूरेसी पर केंद्रित बदलाव किए हैं। हम किसी की धार्मिक भावना को चोट पहुंचाने के लिए नहीं हैं। गरीब मुसलमानों को न्याय मिले, हमारा यही उद्देश्य है।

## जयपुर कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी

### 200 कमरे खाली करवाए



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर जिला कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी के बाद खाली करवाया गया। कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी की सरकारी आईडी पर धमकी का ईमेल आया था। गुरुवार सुबह 11:30 बजे मिले ईमेल की जानकारी कलेक्टर ने जयपुर पुलिस कमिश्नर को दी। इसके बाद आनन-फानन में पूरे परिसर से लोगों को बाहर निकाला गया। करीब 200 कमरों की जांच के लिए बम स्क्वॉड और इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (ERT) को भी बुलाया गया। हालांकि, करीब 2 घंटे के सर्च के दौरान किसी भी एजेंसी को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

### कर्मचारियों में दहशत, बोले- तुरंत बाहर आए

कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर जमा कर्मचारियों ने बताया कि सुबह सामान्य दिनों की तरह कामकाज चल रहा था। अचानक 11:30 बजे के आसपास शोर मचने लगा। सभी को परिसर खाली करने के लिए कहा गया। जब तक कॉम्प्लेक्स के बाहर पहुंचे, बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी अंदर पहुंचने लगे थे। बाहर आकर जानकारी मिली कि कलेक्टर के पास बम की धमकी का ईमेल आया है। इसके बाद से सभी लोग डरे हुए हैं। दोपहर 2 बजे तक भी बिल्डिंग परिसर में बम स्क्वॉड की टीमें मौजूद थीं। अधिकारियों ने बताया कि जब तक एजेंसी क्लीयरेंस नहीं दे देती, अंदर जाने की परमिशन नहीं दी जाएगी।

### धमकी के ईमेल में यह लिखा-

जयपुर कलेक्टर ऑफिस एक भयंकर आईडी पाइप बम के टारगेट पर है। यह कदम 2-जी मामले में सवुक्कु शंकर के साथ हुए अनुचित व्यवहार और सादिक बलवा की हिरासत में हुई मौत का बदला लेने के लिए उठाया गया है। हम सुरक्षा एजेंसी को भगवान के नाम पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने का चैलेंज देते हैं। बम वीकेंड पर पहले से ही आज के लिए लगा दिया गया है। जो अन्ना यूनिवर्सिटी एमआईटी कैंपस के मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में तैयार किया गया है। आज इस बम में धमाका करेंगे। हमारा लक्ष्य जन्नत देखना है। कलेक्ट्रेट हमारे साथ नष्ट हो जाएगा! आज का ऑपरेशन पूरा होने के बाद शहीद हो जाएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना सीएम को फटकार लगाई

### कहा- अवमानना पर कार्रवाई न करके क्या हमने गलती की; तेलंगाना विधायकों की अयोग्यता का मामला

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** तेलंगाना बीआरएस के 10 बागी विधायकों की अयोग्यता वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई।

इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को उनके एक बयान पर फटकार लगाई। रेवंत रेड्डी ने 26 मार्च को तेलंगाना विधानसभा में 10 विधायकों को संबोधित करते हुए बोला था कि राज्य में कोई भी उपचुनाव नहीं होने वाले हैं। कोर्ट ने कहा कि हमको नेताओं के बयान से कोई फर्क नहीं पड़ता। जैसे हम लोकतंत्र के अन्य दो स्तंभों का सम्मान करते है। नेताओं से भी यही अपेक्षा करते हैं। इसलिए मुख्यमंत्री को संयम रखना चाहिए।

इस याचिका की सुनवाई जस्टिस बी. आर. गवई और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने किया। कोर्ट ने कहा कि क्या हमने गलती कर दी, जब हमने कोर्ट की अवमानना करने के लिए आप पर कोई कार्रवाई नहीं की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### सोने ने तोड़े सभी रिकॉर्ड, चांदी के घटे दाम

**10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत पहुंची 93,800, चांदी 1500 रुपए हुई सस्ती**



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में हो रहे बदलाव के बाद सोने और चांदी की कीमत लगातार बदल रही है। भारतीय बाजार में गुरुवार को स्टैंडर्ड सोने की कीमत में एक बार फिर बढ़ोतरी हुई। इसके बाद राजस्थान के सर्राफा बाजार में स्टैंडर्ड सोने ने कीमत 93 हजार 800 रुपए के ऑल टाइम हाई के शिखर पर पहुंच गई है। जबकि चांदी प्रति किलो की कीमत में 1500 रुपए की गिरावट हुई है।सर्राफा व्यापारी पंकज सोनी ने बताया कि शेयर बाजार में लगातार हो रहे बदलाव की वजह से भारत में सोने की कीमत में अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। वहीं, दुनियाभर के कई देशों में मौजूदा पॉलिटिकल हालत ठीक नहीं है। इसकी वजह से न सिर्फ महंगाई बढ़ रही है। बल्कि, कीमती धातुओं में निवेश भी बढ़ने लगा है।

### अल्पसंख्यकों में डर पैदा करने लाए वक्फ बिल : गहलोत

**नए वक्फ कानून की जरूरत ही नहीं थी, मुख्य मुद्दों से ध्यान हटाने की साजिश**



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने वक्फ संपत्तियों पर लाए गए बिल को लेकर केंद्र सरकार और बीजेपी पर सियासी पलटवार किया है। गहलोत ने सोशल मीडिया पोस्ट करके इसे मौजूदा मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए तनाव पैदा करने की साजिश बताया है। गहलोत ने एक्स पर लिखा- ऐसा लगता है कि भारत सरकार महंगाई, बेरोजगारी, शेयर मार्केट में चल रही गिरावट, रुपए के वेल्यू गिरने जैसे जरूरी मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए बार-बार अल्पसंख्यक वर्ग को निशाने पर लेने वाले कानून बनाती है।

पहले सीएए के दौरान भी ऐसा देखा गया। क्योंकि कानून 2020 में ही बना दिया, लेकिन इसके नियम 2024 में बनाए गए थे। इसका राजनीतिक लाभ लेने के लिए बार-बार इस मुद्दे को उछाला गया। पूरे देश में तनाव पैदा किया गया। वक्फ को लेकर बनाया गया कानून भी इसी का हिस्सा है।

**डोटासरा बोले- वक्फ संपत्तियों पर केंद्र की नीयत में खोट**-वक्फ एक्ट में संशोधन बिल पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा। डोटासरा ने कहा- वक्फ संपत्तियों को लेकर केंद्र सरकार की नीयत में खोट है।

## दिल्ली-एनसीआर में 1 साल तक पटाखे बैन

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- सभी एयर प्यूरीफायर नहीं लगा सकते

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखे बनाने, स्टोर करने और बेचने पर लगे प्रतिबंध को एक साल के लिए बढ़ा दिया। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा- वायु प्रदूषण का स्तर काफी समय से खतरनाक बना हुआ है।

आबादी का एक बड़ा हिस्सा सड़कों पर काम करता है और प्रदूषण से सबसे ज्यादा प्रभावित है। पीठ ने कहा कि हर कोई अपने घर या ऑफिस में एयर प्यूरीफायर नहीं लगा सकता। जब तक कोर्ट इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाता कि ग्रीन पटाखों से बहुत कम प्रदूषण होता है, तब तक पिछले आदेशों पर पुनर्विचार करने का सवाल ही नहीं उठता।

सुनवाई के दौरान निजी रूप से पेश इंजीनियर मुकेश सिंह ने कहा कि पटाखे पर पाबंदी का फैसला ठीक नहीं है। पटाखे पर्यावरण साफ करते हैं। उन्होंने दलील दी कि पटाखे पर बैन अंतरराष्ट्रीय षडयंत्र का हिस्सा है।

सुप्रीम कोर्ट ने 12 दिसंबर, 2024 को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर साल भर के लिए पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया था। कोर्ट पर्यावरणविद एमसी मेहता की 1985 में दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा है। याचिका में दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में प्रदूषण रोकने के लिए निर्देश देने की मांग की गई है।

कोर्ट ने इंजीनियर को चेतावनी देकर छोड़ा सुनवाई के दौरान मुकेश सिंह नाम के इंजीनियर निजी रूप में पेश हुए थे। उन्होंने मामले पर अपनी बात रखने की इजाजत मांगी थी।

## शिवाजी महाराज ने विदेशी आक्रमणों का चक्र तोड़ा : भागवत

### भारत हार की परंपरा से जूझ रहा था, उन्होंने यह दौर खत्म किया, इसलिए वे युगपुरुष

बढ़ता राजस्थान



**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चीफ मोहन भागवत ने बुधवार को नागपुर में एक बुक लॉन्च इवेंट में कहा- छत्रपति शिवाजी महाराज ने देश में सदियों से चल रही विदेशी आक्रमणकारियों से हार की परंपरा को खत्म किया। उन्होंने देश में आक्रमणों के चक्र को तोड़ा। इसलिए उन्हें युगपुरुष कहा जाता है।

भागवत ने कहा- युद्ध हारने की यह परंपरा सिकंदर महान के समय से लेकर इस्लाम फैलाने के नाम पर हुए बड़े हमलों तक जारी रही। भारत की व्यवस्थाओं को नष्ट किया जाता रहा। विजयनगर साम्राज्य और राजस्थान के राजा भी इसको लेकर कोई समाधान नहीं निकाल पाए।

भारत लंबे समय तक हार की परंपरा से जूझता रहा। 17वीं शताब्दी में मराठा साम्राज्य स्थापित हुआ। शिवाजी महाराज पहले व्यक्ति थे जिन्होंने ऐसे हमलों और आक्रमणों का समाधान निकाला।

विदेशी आक्रमणकारियों से लगातार हार का दौर शिवाजी महाराज के उदय के साथ समाप्त हो गया।






सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

## इनरव्हील दीवास ने नवरात्रि में शक्ति का प्रतीक रहीं नारियों का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** उदयपुर के मोती मगरी स्थित ब्रह्मकुमारी केंद्र में इनर व्हील क्लब ऑफ उदयपुर दीवास द्वारा एक विशिष्ट कार्यक्रम में प्रतिभावान नारियों का सम्मान किया गया। क्लब की अध्यक्ष नयना जैन ने बताया कि इस नवरात्रि देवी माँ के 9 रूपों को ध्यान में रखते हुए उदयपुर की 9 शक्ति स्वरूप नारियों का सम्मान किया गया, जिनमें सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर वर्षा राव, अनन्य सुंदरी कॉन्टेस्ट विनर विजेता मेहता, श्रद्धा गट्टानी, डॉ. संगीता बोर्डिया, सगुन तलेशरा , अर्चना सक्तावत, ब्रह्मकुमारी से रीटा दीदी, नैना दीदी, और शान्ति दीदी शामिल थीं। सभी ने वहां अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम की शुरुआत 2 बच्चियों द्वारा किए गए वेलकम डांस से हुई। सभी सम्मानित नारियों को माता की चुनरी ओढ़ाई गई तथा इनर व्हील दीवास के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर आशा श्रीमाली, शशि मेहता, बेला व्यास, ज्योति साहू, लीना डांगी, प्रीति श्रीमाली, सुशी पालीवाल, प्रमिला कोठारी, जागृति रवानी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# चिर निंद्रा में सो गया माँ भारती का लाल

## सैन्य सम्मान के साथ सेना के जवान को दी अंतिम विदाई, तारानगर के बिलियां गांव के लाल सेना के जवान लखबीर सिंह ने चूरू के अस्पताल में तोड़ा दम

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** भारतीय थल सेना की 25 राजपुताना रेजिमेंट में नायक रहे तारानगर के बिलियां गांव के लखबीर सिंह ने बुधवार को चूरू के राजकीय भरतिया अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। गांव बिलियां में जैसे ही खबर मिली तो उनके परिजनों सहित ग्रामवासी एकदम स्त्बध रह गए। उनका पार्थिव शरीर गांव की ओर रवाना हुआ तो गांव रैयाटूण्डा से युवाओं ने तिरंगा यात्रा निकाली और भारत माता के जयघोष से साथ यात्रा उनके गांव बिलियां पहुंची। जवान की पार्थिव देह उनके पैतृक गांव में घर पहुंची तो परिजन बिलख पड़े। गांव में आए सेना के जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया और तिरंगे में लिपटे अपने साथी को सलामी दी।





**सड़क हादसे में हुआ था घायल :** मिली सूचना अनुसार बिलिया गांव के रूपसिंह के पुत्र भारतीय सेना की राजपुताना रेजिमेंट में नायक लखबीर सिंह अन्यत्र तबादला होने पर वे फाजिल्का पंजाब से अपने गांव आ रहे थे कि वे रविवार रात को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें नोहर चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। चिकित्सकों ने उनका उपचार किया लेकिन उनकी गंभीर हालत देखते हुए रैफर कर दिया गया। जिस पर उन्हें चूरू के राजकीय भरतिया अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन बुधवार को उपचार के दौरान जवान लखबीर सिंह ने अंतिम सांस ली। उनके साले ने पुलिस थाना साहवा में मामले की लिखित सूचना देकर मामला दर्ज कराया। जिस पर साहवा पुलिस के हैडकांस्टेबल जयवीरसिंह ने चूरू के राजकीय भरतिया अस्पताल में उनकी पार्थिव देह का पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

**सैन्य सम्मान से दी अंतिम विदाई :** अपने घर में तिरंगे में लिपटे चिरनिंद्रा में सोए जवान लखबीर सिंह के सैन्य अधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धा व्यक्त की।

67 आर्टलरी बीकानेर के आए 15 सदस्यी सैन्य दल ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने पुष्प अर्पित किए। उनकी अंतिम यात्रा घर से रवाना हुआ और चिन्हित किए गए स्थान पर पहुंची जहां केप्टन मोहित 67 ऑर्टलरी बीकानेर, उपखण्ड अधिकारी राजेन्द्र कुमार, तहसीलदार शुभम शर्मा आरएएस, थानाधिकारी राम प्रताप, कैप्टन करणी सिह, गजराज सिंह राजवी, मोहर सिंह जिगसाना, वीर बहादूर सिंह राठौड़, जयवीर सिंह, बिमला कालवा, लीलाधर नैण, गणेश सिंह, प्रदीप सिंह रैड़ी, अजीत सिंह राठौड़, राकेश जांगिड़ तारानगर, मनफूल सिंह वैद, पुनरास आदि ने पुष्प अर्पित किए । केप्टन मोहित ने 6 वर्षीय पुत्र कुलदीप को उसके दादा रूपसिंह के साथ तिरंगा सौंपा । 67 आर्टलरी बीकानेर की 15 सदस्य टोली ने केप्टन मोहित के नेतृत्व में गार्ड ऑफ ऑनर दिया। 6 वर्षीय पुत्र कुलदीप ने मुखाग्नि दी। सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

# मंदिर की संपत्ति बेचना या अन्य के नाम स्थानांतरित करना गैर कानूनी : ओपी बायला

- भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई व मंदिर भूमि का विक्रय रद्द करवाने की मांग
- राम भवन व श्रीराम मंदिर सम्पत्ति विक्रय किये जाने से ग्रामीणों में आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा में सुभाष चौक स्थित राम भवन व श्रीराम मंदिर की सम्पत्ति को विक्रय किये जाने के मामले में ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। प्राचीन मन्दिर को भामाशाह कोटपूतली निवासी गौरी सहाय के पुत्र प्रभुदयाल पटवारी की धर्मपत्नी घोटी देवी द्वारा बनवाया गया था। आरोप है कि जिन्हें मंदिर की देखरेख व रख रखाव के लिए नियुक्त किया वो ही इसे बेचने पर तुले है। पूर्व विधायक इन्द्रराज गुर्जर ने भी इस मामले को लेकर नाराजगी व्यक्त की है तथा उक्त प्रकरण को लेकर वे बुधवार दोपहर करीब 1 बजे रामभवन में लोगों के साथ पहुंचे। जहां पण्डित सुरेश शर्मा की अध्यक्षता में ग्रामीणों ने आक्रोश जताया। इस मौके पर पूर्व विधायक इन्द्रराज गुर्जर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पावटा में भूमाफिया सक्रिय हो चुके है। भामाशाहों द्वारा दान की मंदिरों की भूमि को भी नहीं छोड़ रहे है। यहां भी दो लोगों को मोहरा बनाकर रामभवन व श्रीराम मंदिर भूमि को हड़पना चाहते है। गुर्जर ने कहा कि उन लोगों कि मंशा यहाँ कॉम्प्लेक्स बनाने की है, जो सरासर गलत है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से हस्तक्षेप की अपील की। पूर्व पार्षद सांवर मल बंसल ने बताया कि यह भूमि धर्मार्थ के लिए दान की गई थी, जिसका उपयोग केवल धार्मिक कार्यों के लिए होना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला ने कहा कि मंदिर की जमीन को बेचने का अधिकार किसी व्यक्ति को नहीं है। बायला ने कहा कि मंदिर की संपत्ति को बेचना या किसी अन्य के नाम स्थानांतरित करना गैरकानूनी है। भामाशाह परिवार सदस्य व पूर्व वार्ड पार्षद सांवर मल बंसल, पूर्व जिला पार्षद जगदीश मीणा, गौसेवक सुशील योगी, पूर्व प्रधान महादेव यादव, जगदीश डाबड, कन्हैयालाल मीणा, बजरंग लाल, नरेश बंसल आदी वक्ताओं ने कहा कि मंदिर निर्माण करवाने वाला परिवार हाल में छत्तीसगढ़ में रहता है और उन्होंने वहीं मकान बना लिये है। जिसका फायदा उठाते हुए उन्हीं के एक दूर के रिस्तेदार ने इस रामभवन व मंदिर की भूमि का हक जताते हुए बेचान नामा लिख दिया। क्षेत्र के लोगों को जब इस सम्बन्ध में जानकारी लगी तो उन्होंने इसकी कड़े शब्दों में निन्दा की और विरोध दर्ज करवाते हुए मंदिर भूमि विक्रय को रद्द करवाने की मांग की। लोगों का आरोप है कि मंदिर की 22 बिस्वा भूमि से 11 बिस्वा खाली जमीन राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से बेची जा रही है, जबकि यह धार्मिक एवं जनोपयोगी संपत्ति है। जबकी यहाँ नियमित रूप से पूजा पाठ व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की, तो जनता बड़े आंदोलन के लिए सड़क पर उतरने को मजबूर होंगी। इस दौरान सुरेश कुमार बजरंगपुरा, मालीराम बाड़ीगर, विनोद यादव, जितेन्द्र यादव प्रागपुरा, सीताराम सिंघल, सुनील बिड़ला, ओमप्रकाश गौड, दीपक गोयल, विजय राठी, कैलाश चौधरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



# मेवाड़ टूरिज़्म क्लब ने अपने दोनों मैच जीते, ताज होटल भी विजयी

## हरफनमौला प्रदर्शन पर यदुराजसिंह कृष्णावत के साथ प्रतीक और जितेंद्र भी मैन ऑफ द मैच बनें

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** मेवाड़ टूरिज़्म कप 2025 के तहत चल रहे क्रिकेट टी 20 के मुकाबले में मेवाड़ टूरिज्म क्लब ने रॉयल गाइड को 40 रनों से, मेवाड़ टूरिज़्म क्लब ने लीजेंड्स इलेवन को और ताज होटल ने पैरेलल को 4 विकेट से हराया। हरफनमौला प्रदर्शन पर यदुराजसिंह कृष्णावत के साथ प्रतीक और जितेंद्र भी मैन ऑफ द मैच बनें। पहले मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मेवाड़ टूरिज्म क्लब ने निर्धारित 20 ओवर में 199 रन का विशाल स्कोर बनाया। मेवाड़ टूरिज्म क्लब की ओर से यदुराज सिंह कृष्णावत ने शानदार अर्धशतक लगाते हुए 85 रन, शुभ गट्टानी ने 37 रन और अंशुल बाबेल ने 29 रनों का योगदान दिया। जवाब में रॉयल गाइड 160 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। रॉयल गाइड की ओर से अर्जुन मीणा ने धुआंधार अर्धशतक लगाया और 80 रन तरुण ने भी 45 रन बनाएं। मेवाड़ टूरिज्म क्लब की ओर से शानदार गेंदबाज़ी करते हुए नमन सरूपरिया ने 5 विकेट, यदुराज सिंह कृष्णावत ने 2 विकेट हासिल किए। शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाज़ी के लिए यदुराज सिंह कृष्णावत को मैन ऑफ द मैच चुना गया। रात्रि कालीन मुकाबले में ताज होटल ने पैरेलल होटल को चार विकेट से हराया। ताज होटल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। पैरेलेल होटल ने शानदार बल्लेबाजी दिखाते हुए ओ. पी. जांगिड़ के 94 रनों के बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 165 रन बनाए। ताज होटल की ओर से आई एस मालवीय ने तीन विकेट लिए। जवाब में ताज होटल ने निर्धारित लक्ष्य को 18.5 ओवर में 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ताज होटल की ओर से जितेंद्र ने शानदार अर्धशतकीय पारी के साथ नाबाद 97 रन बनाएं। शानदार बल्लेबाजी के लिए ताज होटल के जितेंद्र को मैन ऑफ द मैच दिया गया। एक अन्य मुकाबले में मेवाड़ टूरिज्म क्लब ने लीजेंड्स 11 को 53 रनों से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मेवाड़ टूरिज्म क्लब ने निर्धारित 20 ओवर में 186 रन बनाए।

# ईशांत सोलंकी को मिली विश्व शतरंज संघ की रेटिंग

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** महू कस्बा निवासी 12 वर्षीय ईशांत सोलंकी पुत्र नरेश सोलंकी को विश्व शतरंज संघ की स्टैंडर्ड रेटिंग 1460 मिली है हाल ही में 23 मार्च से 27 मार्च 2025 तक चले सागर, मध्यप्रदेश के दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित फाईड रेटेड ओपन इंटरनेशनल चेस टूर्नामेंट में ईशांत सोलंकी गुजरात और पंजाब के रेटेड प्लेयरों को हराकर यह रैंकिंग प्राप्त की है। अंतराष्ट्रीय रैपिड रेटिंग ईशांत ने इसी वर्ष फरवरी में 1526 प्राप्त कर ली थी जो जयपुर में आयोजित टूर्नामेंट में खेलकर रेटेड प्लेयर से 4.5 अंक अर्जित करके प्राप्त की थी। जिला करौली में शतरंज के प्रति ज्यादा लोगों का रुझान नहीं होने के कारण ईशांत को इस क्षेत्र में काफी दिक्कतों का सामना किया लेकिन ऑनलाइन कोचिंग लेकर लगातार कोचों के संपर्क में रहकर क्लास लेता है शुरुआत में अपने दादाजी रिटायर शारीरिक शिक्षक श्री रामलाल सोलंकी से शतरंज सीखा और शतरंज का शातिर बनने की अपने दिमाग में ठान कर वर्तमान में त्रिपुरा के अगरतल्ला से सौविक रॉय चौधरी से ऑनलाइन कोचिंग ले रहा है, इससे पहले जयपुर के विक्रम सिंह व जिला करौली के भगवानसहाय अवस्थी से कोचिंग ले चुका है और आज भीं लगातार उनके संपर्क में रहता है। अत: राज्यस्तर, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता खेलने के लिए जिले से बाहर अन्य शहरों में व अन्य प्रांतों में जाकर ईशांत सोलंकी अब तक कुल 23 टूर्नामेंट खेल चुका है।जयपुर, अलवर, प्रतापगढ़, हनुमानगढ़, दौसा, मथुरा, दिल्ली, भीलवाड़ा, कोटा, गुजरात, मध्यप्रदेश सहित कई जगह शतरंज टूर्नामेंट खेल चुका है राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महू खास के प्रधानाचार्य कमलेश शुक्ला व समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया और कहा कि जिले करौली में पहली शतरंज खेल में अंतराष्ट्रीय रेटिंग हमारे सरकारी स्कूल के नवी कक्षा के छात्र ने प्राप्त की है। एवं सभी परिवारजनों और क्षेत्र के प्रमुख लोगों द्वारा बधाई दी गई।



# जैन सोशल ग्रुप स्वास्तिक कि आगामी कार्यकारिणी का गठन एवं आम सभा संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** जैन सोशल ग्रुप स्वास्तिक की आम सभा एवं कार्यकारिणी के गठन का कार्यक्रम द सीक्रेट रिसॉर्ट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भावना कावड़िया एवं सरिता कटारिया द्वारा मंगलाचरण से की गई। कटारिया ने हिन्दू नववर्ष के अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहाँ कि में आशा करता हूं कि नया साल आपके जीवन में खुशियां, समृद्धि और सफलता लेकर आए। अध्यक्ष सुनील गांग ने उपस्थित सदस्यों का अभिवादन कर स्वस्तिक द्वारा किए गए प्रमुख कार्यक्रमों को आगे भी जारी रखने का आव्हान किया एवं मेवाड़ रीजन में जोन कॉर्डिनेटर के रूप में मिली नई जिम्मेदारियां के बारे में विस्तार से बताया। सचिव गौरव सुराणा द्वारा पिछले दो वर्ष के कार्यकाल में ग्रुप द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सार संक्षेप में चर्चा की। कोषाध्यक्ष पंकज जैन ने पिछले दो वर्षों का आय व्यय लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और आम सभा में सर्वसम्मति से अनुमोदन कराया।संस्थापक अध्यक्ष धीरज छाजेड़ ने आम सभा में सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी के मनोनयन के साथ ही आमसभा में उपस्थित सदस्यों द्वारा आगामी गर्मी को देखते हुए पेड़ पौधों को लगाने के साथ साथ पशु पक्षियों हेतु भोजन पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लिया।

वर्तमान कार्यकारिणी एवं आम सभा में उपस्थित सदस्यों द्वारा आगामी 25-27 के लिए विमल चंद कटारिया को सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। गौरव सुराणा एवं संजय धाकड़ को संयुक्त रूप से उपाध्यक्ष, पंकज जैन को सचिव, भावना कावड़िया को सहसचिव, कुशल प्रकाश लोढ़ा को कोषाध्यक्ष, अंकुर लोढ़ा को एक कदम जिनालय की ओर कार्यक्रम का संयोजक, राजेंद्र हिंगड़ एवं पंकज लोढ़ा को भोजन व्यवस्था प्रभारी के रूप में मनोनयन किया गया।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वी जयंती 11 अप्रैल को



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** स्थानीय कस्बे में दिल्ली जयपुर राजमार्ग स्थित सब्जी मंडी पावटा में माता सुन्दरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति एवं माली - सैनी महासभा पंचायत संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 11 अप्रैल शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वीं जयंती बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई जायेगी। माता सुन्दरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा कार्यकारिणी अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता मोहन लाल सैनी ने बताया कि इस मौके पर पावटा सब्जी मंडी से कस्बे के प्रमुख रास्तों से भव्य शोभायात्रा व बाईक रैली निकाली जायेगी तथा डी.पी. हॉस्पिटल में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं पावटा सब्जी मंडी प्रांगण में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन कर फ्री दवा वितरण की जायेगी। माली - सैनी महासभा पंचायत संस्था पावटा अध्यक्ष रामसिंह सैनी पटेल ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर श्री श्री 1008 मंगलदास जी महाराज के कर कमलों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया है।

# सूरौठ गणगौर मेले का हैला ख्याल दंगल के साथ हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान

**सूरौठ ( अंशु गुप्ता )।** सूरौठ कस्बें में चल रहे चार दिवसीय गणगौर मेले का सीताराम जी मंदिर के सामने मुख्य बाजार में हैला ख्याल दंगल के साथ समापन हुआ। समारोह सरपंच प्रतिनिधि रामवतार शर्मा , विश्राम मीणा, जाकिर हुसैन, व नरेंद्र बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि हैला ख्याल दंगल में सूरौठ धाधरैन, खरैरी बागरैन, जटवाडी, सोप हनुमान भक्त मंडल सहित 10 हैला ख्याल गायन पार्टीयों ने दंगल में भाग लिया हैला ख्याल गायन पार्टी में द्वारा बारी-बारी से धार्मिक ,राजनीतिक ,सामाजिक समस्याओं पर गायन प्रस्तुत कर मन प्रफुल्लित कर दिया सर्व समाज के पंच पटेल द्वारा सभी पार्टियों के सदस्यों का माला व साफा पहनाकर जोरदार तरीके से भव्य स्वागत सम्मान किया गया , व साथ ही ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल पाराशर कि ओर से पधारे हुए सभी हैला ख्याल गायन पार्टियों को गणेश जी भगवान कि शील्ड वितरित कि गई, इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि राम अवतार शर्मा ,नत्थू सिंह राजावत ,ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल पाराशर स्वागत सम्मान किया गया, मेले के अंतर्गत झूलों में बच्चे जवान ,और बुजुर्ग झूलते हुए नजर आए, गंगौरी बाजार में सूरौठ ग्राम में जुड़े हुए समीप के गांव के लोगों ने जमकर खरीदारी की मेले में मेला कमेटी की ओर से शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन में झांकियां में सभी कार्य में सहयोग करने वाले लोगों का मेल कमेटी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया समापन समारोह के मौके पर महादेवा जांगिड़ मदन पटेल, , भगवान सिंघल , भोलेशंकर शर्मा घनश्याम मंगल प्रमोद तिवारी, संतोष शर्मा, बत्तू मेम्बर, प्रेम पटेल, लट्टे पटेल टीपू विजयवर्गीय, बबलू तिवारी प्रहलाद बाबा, मेघ चंद मीना संजय मीना बाबू खांन, रोशन, शिवदयाल शर्मा, गोपाल पीलोदिया, सहित कई लोग उपस्थित रहे ।



# श्री श्याम परिवार की ओर से चतुर्थ वार्षिकोत्सव व विशाल भजन संध्या का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** वजीरपुर मे बुधवार को श्री श्याम परिवार की ओर से चतुर्थ वार्षिकोत्सव व विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसकी कलश यात्रा में निशान यात्रा सुबह7.30 बजे मदन मोहन जी मंदिर से नगर भ्रमण करते हुए उत्सव स्थल मंडी प्रागण पहुंची और रात्रि को भजन संध्या का हुआ आयोजन जिसमे श्याम दरबार विनोद आभानेरी से श्री श्याम म्यूजिकल ग्रुप लालसोट से, विष्णु साउंड वजीरपुर से भजन गायक सुरजीत सिंह अलवर से,दीपक शर्मा बस्सी से,मनीषा रावत नोएडा से, रानू सैन सवाई माधोपुर से, रात भर बाबा के मीठे- मीठे भजनों से भक्तों को रिझाया।

पूर्व तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर ने ली बैठक

# केंद्रीय गृह मंत्री, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री एवं मुख्यमंत्री का बावड़ी के बाबा बालनाथ आश्रम में 06 अप्रैल को दौरा प्रस्तावित

## कहा- समस्त अधिकारी सक्रियता के साथ सम्पूर्ण तैयारियां चाक चौबंद रखें

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव व प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पावटा तहसील के बावड़ी में स्थित बाबा बालनाथ आश्रम में एक वर्ष से अनवरत चल रहे 108 कुण्डीय रूद्र महामृत्युंजय महायज्ञ की पूर्णाहुति हेतु आयोजित कार्यक्रम में आगामी 06 अप्रैल को दौरा प्रस्तावित है। जिसकी पूर्व तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचायत समिति पावटा के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रस्तावित दौरे की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान बैठक व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, सभा स्थल, कानून व सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, बिजली, एम्बुलेंस, पार्किंग एवं ट्रैफिक नियंत्रण, रूट डाईवर्जन, साफ-सफाई, मोबाईल शौचालय, हैलीपेड को लेकर समुचित व्यवस्था, एलईडी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये जिला कलेक्टर ने एडीएम ओमप्रकाश सहारण को समस्त यात्रा कार्यक्रम का प्रभारी अधिकारी एवं एसडीएम पावटा कपिल कुमार को सह प्रभारी नियुक्त कर अन्य संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारियां आवंटित कर समस्त तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये।

प्रस्तावित यात्रा अनुसार लाडा का बास में निर्मित हैलीपेड, बाबा बालनाथ समाधि स्थल, बाबा बालनाथ मंदिर परिसर एवं सनातन सम्मेलन में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सहित अन्य अव्यवस्थाओं को बनाये रखने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। इस दौरान एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एएसपी वैभव शर्मा, आश्रम कमेटी से डॉ. सुरेंद्र यादव, मदन यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**जिला कलेक्टर ने किया आयोजन स्थल का निरीक्षण :** जिला कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों के साथ बावड़ी में हैलीपेड एवं बाबा बालनाथ आश्रम पहुँचकर कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से सभी आवश्यक व्यवस्था हेतु समाधि स्थल, मंदिर परिसर, यज्ञशाला, भोजनशाला एवं सनातन सम्मेलन स्थल पर व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सभी स्थलों के लिये नियुक्त प्रभारी अधिकारियों को समुचित व्यवस्थायें बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम आयोजक आश्रम समिति के सदस्यों के साथ समन्वय रखते हुये श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों की सहूलियत अनुसार समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायें तथा गर्मी को ध्यान में रखते हुये बैठने, छाया एवं पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। उन्होंने समस्त अधिकारियों को आपसी समन्वय एवं सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिये है। वहीं गुरूवार देर शाम सम्भागीय आयुक्त पूनम, आईजी अजयपाल लाम्बा, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, एसपी राजन दुष्यंत ने विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ व पूर्व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुँचकर आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया।

# पशुपालन और गोपालन मंत्री की अध्यक्षता में गोपालन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

बेहतर परिणाम के लिए गोपालन मंत्री ने दिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में गुरुवार को शासन सचिवालय में गोपालन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डॉ समित शर्मा, शासन सचिव पशुपालन एवं गोपालन भी उपस्थित थे। बैठक में गोशालाओं को भूमि आवंटन के नियमों में संशोधन पर राजस्व विभाग के प्रतिनिधि के साथ विस्तृत चर्चा हुई। वर्तमान नियमों के अनुसार ग्राम पंचायतों में आश्रय स्थल खोलने में कठिनाई हो रही है। कुमावत ने इस समस्या के निराकरण के लिए गौशाला अधिनियम 1960 के दिशानिर्देशों में कुछ लचीलापन लाने के निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर आश्रय स्थलों की योजना के नियमों में कुछ संशोधन किया जाए जिससे गोशालाएं खोलने में सुविधा हो और इनकी संख्या बढ़े। जैसलमेर जिले की गोशालाओं द्वारा फर्जी अनुदान प्राप्त किए जाने के जांच की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि फर्जी गोशालाओं के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए और दंडस्वरूप उनसे वसूली भी की जाए जिससे दूसरे गोशाला संचालकों के लिए भी उदाहरण पेश हो। उन्होंने गोशालाओं के बकाया अनुदान के भुगतान की व्यवस्था भी शीघ्र कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने सूचित किया कि अप्रैल माह से गोशालाओं को नई बजट घोषणा के अनुसार अनुदान राशि दी जाएगी।

बैठक में जिला स्तरीय नंदीशाला योजना के संशोधित प्रारूप पर भी चर्चा हुई। मंत्री श्री कुमावत ने कहा कि वर्तमान में जिला स्तर पर नंदीशाला खोलने के लिए दी जा रही अनुदान राशि बहुत ही कम है जिसकी वजह से नंदीशालाएं नहीं खुल रही हैं। इसे बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने इसके लिए जल्द से जल्द प्रस्ताव बनाकर स्वीकृति के लिए वित विभाग को भेजने के अधिकारियों को निर्देश दिए। गोशाला विकास योजना के लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द निस्तारण कर उन्हें शून्य पर लाने का निर्देश भी श्री कुमावत ने अधिकारियों को दिया। बैठक में बताया गया कि अधिकांश लंबित मामलों का निस्तारण कर दिया गया है।कुमावत ने कहा कि अपात्र गोशालाओं का विभाग की ओर से मार्गदर्शन किया जाए जिससे वे भी अपनी पात्रता सिद्ध कर सकें और उन्हें भी सरकार से सहयोग मिल सके जिससे गोशालाएं अच्छी तरह चल सकेंगी।जोराराम कुमावत ने इस अवसर पर गोपालन विभाग द्वारा अनुदानित गौशालाओं में गौवंश को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु मुख्य निष्पादन संकेतकों के आधार पर मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार कर गौशाला की रैंकिंग व ग्रेडिंग व्यवस्था हेतु गोपालन वेब एप्लीकेशन पर चक्षु के मॉडयूल का लोकार्पण भी किया। इस व्यवस्था को लागू करने से गौशालाओं में सुविधा, विकास एवं अपेक्षित गतिविधियों के क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी। बैठक में गोपालन विभाग के निदेशक प्रहलाद सहाय नागा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण के हो काम, रामगढ़ को एक मॉडल के रूप में तैयार किया जाए : उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,(का.स.)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में गुरूवार को शासन सचिवालय में शेखावाटी क्षेत्र की हवेलियों के संरक्षण के संबंध बैठक आयोजित की गई। दिया कुमारी ने प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, शासन सचिव पर्यटन, झुन्झुनूं,सीकर,चुरू जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट तथा पर्यटक स्वागत केन्द्र, बीकानेर,झुन्झुनूं,सीकर उप निदेशक / सहायक निदेशक, अतिरिक्त निदेशक पर्यटन (विकास) की उपस्थिति में आयोजित बैठक में निर्देश दिए कि शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण के लिए आवश्यक उपाय किये जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए इस क्षेत्र से सम्बन्धित बिन्दुओं का ध्यान में रखकर यदि आवश्यक हो तो विरासत संरक्षण बॉयलॉज को भी अपडेट किया जाए। उपमुख्यमुत्री ने निर्देश दिए कि सीकर,झूंझनूं और चूरू कलेक्टर पटवारियों के माध्यम से शेखावाटी की हवेलियों का सर्वे कर उसका डिजिटलाइजेशन करवाये। उन्होंने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र की हवेलियों के संरक्षण के लिए वृहद स्तर पर विरासत संरक्षण बॉयलॉज की आवश्यता है। जिसके लिए चरणबद्ध कार्य किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि सीकर के रामगढ़ की हवेलियों के संरक्षण के लिए तत्काल प्रभाव से सीकर कलेक्टर इस क्षेत्र में कार्य कर रहे विशेषज्ञों को साथ रामगढ़ का दौरा कर, वहां लोकल स्तर पर बिन्दुवार अध्ययन कर सुधारात्मक कार्य शुरू करे। उन्होंने निर्देश दिए कि रामगढ़ को शेखावाटी क्षेत्र की हवेलियों के संरक्षण के एक मॉडल के रूप में तैयार जाए। जिसके आधार पर शेखावाटी क्षेत्र के अन्य स्थानों की हवेलियों के संरक्षण के कार्य को योजना बनाकर गति प्रदान की जाएगी।

## सरसों-चना खरीद को लेकर पर्याप्त भण्डारण व्यवस्था की जाए सुनिश्चित : सहकारिता मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम कुमार दक ने समर्थन मूल्य पर सरसों एवं चना खरीद के दृष्टिगत पर्याप्त भण्डारण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में प्रक्रिया 10 अप्रेल से पहले सम्पन्न करने के प्रयास किए जाएं। गुरुवार को अपेक्स बैंक में इस सम्बन्ध में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार बाजार भाव की तुलना में समर्थन मूल्य आकर्षक होने की वजह से खरीद केन्द्रों पर सरसों एवं चना की अधिक आवक होने की संभावना है।


## नोटिस जरिये थानाधिकारी थाना निवाई जिला टोंक इश्तेहार

हर खास आम को जरिये इस्तेहार सूचित किया जाता है कि थाना निवाई पर लावारिस वाहन धारा 38 पुलिस एक्ट में 5 चौपहिया वाहन व 64 दुपहिया वाहन जप्त किया गया है, जिसका अभी तक कोई भी वारिस नहीं आया है। उक्त लावारिस वाहनों का कोई वारिस (मालिक) हो तो कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला टोंक या थाना निवाई पर उपस्थित होकर अपना हक एवं सबूत प्रस्तुत करें। यदि इस अवधि के अन्दर कोई अपना हक साबित नहीं करेगा तो लावारिस वाहनों को नियमानुसार नीलाम किया जाकर नीलामी राषि राजकोष में जमा करवा दी जावेगी।

**थानाधिकारी**
**पुलिस थाना निवाई, जिली टोंक**


## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण

### नवरात्र में श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण बहुत सौभाग्य की बात : सीएम शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को वैशाली नगर स्थित 'गोविन्द धाम' जानकी पैराडाइज पहुंचकर महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 ईश्वरानंद ब्रह्मचारी श्री उत्तम स्वामी जी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र में श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण बहुत सौभाग्य की बात होती है। श्रीमद् भागवत कथा से भगवान श्रीकृष्ण के साक्षात स्वरुप का ज्ञान होता है और एक नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों, साधु-संतों, महंतों ने सनातन संस्कृति को दुनिया में आगे बढ़ाते हुए अपना जीवन जनमानस के लिए समर्पित किया है। शर्मा ने युवा पीढ़ी का आह्वान किया कि कथा के माध्यम से प्राप्त ज्ञान को अपने जीवन में आत्मसात् करें। उन्होंने इस अवसर पर भव्य आरती में सम्मिलित होकर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन के लिए प्रार्थना भी की। इस अवसर सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम दक, विधायक श्री शत्रुघ्न गौतम, श्री गोपाल शर्मा, श्री बालमुकुंदाचार्य सहित संत, साध्वी व बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे ।

# नेशनल हाईवे पर बड़ा हादसा, रोड लाइट का पोल गिरा दुकान के ऊपर, बड़ा खतरा टला

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली के नेशनल हाईवे पर बड़ा हादसा होते-होते टला। कोटपूतली चौराहे के पुरानी सब्जी मंडी के सामने अंकित ट्रेडिंग कंपनी की दुकान के ऊपर रोड लाइट गिर गई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन यह घटना प्रशासन की लापरवाही को उजागर करती है।घटना स्थल के ठीक नीचे 11,000 वोल्ट की हाई वोल्टेज बिजली लाइन गुजर रही थी, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका थी। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत प्रशासन को सूचित किया, लेकिन बिजली विभाग ने स्थिति संभालने में कोई तत्परता नहीं दिखाई।



**और भी बिजली के पोल गिरने के कगार पर :** स्थानीय लोगों के अनुसार, हाईवे पर कई अन्य रोड लाइट के पोल भी गिरने की कगार पर हैं, जिससे लगातार खतरा बना हुआ है।

इलाके के व्यापारियों और आम नागरिकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और बिजली विभाग की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**प्रशासन कब लेगा एक्शन :** लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही इन जर्जर पोलों की मरम्मत नहीं की गई, तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब तक इस गंभीर मुद्दे पर कार्रवाई करता है।

## छात्राओं को एसपी कार्यालय व पुलिस थाने का करवाया भ्रमण

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)। पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे स्टूडेन्ट पुलिस कैडेट योजनान्तर्गत एसपी राजन दुष्यन्त के निर्देशानुसार एएसपी वैभव शर्मा के सुपरविजन व एसपीसी प्रभारी कुसमिला यादव, स्टॉफ सदस्य लक्ष्मी यादव, एचटीयू प्रभारी हैड कानि. कविता द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय हरसौरा की कुल 41 छात्राओं को कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक व पुलिस थाना कोटपूतली का भ्रमण करवाया गया। जहाँ उनको एसपी कार्यालय व थाना की कार्यप्रणाली के बारे में व राजकॉप एप के नीड हैल्प फिचर, पोक्सो एक्ट, महिला संबंधित कानून, गुड टच बैड टच, साईबर अपराध व बचाव, आत्म कौशल शिविर, यातायात नियमों व अन्य महत्वपूर्ण हैल्पलाईन नम्बरों के बारे में जानकारी दी गई।


OFFICE OF THE ADDITIONAL CHIEF ENGINEER
WATER RESOURCES ZONE, JAIPUR
Sinchai Bhavan, J.L.N. marg. Malviya Nagar, Jaipur.
E-mail-acejpr.wr@gmail.com
No.-F(367&368)/ACE/JPR/Acctts/2024-25/7246 Date: 26.03.2025
e-NIB No - 16/2024-25

On behalf of the Governor of Rajasthan, bids are invited from eligible bidders for the work of -
1. Repair, Renovation and Restoration work of Sangram SagarNiwariya Dam and Canal, Tehsil Deoli District Tonk. -Estimated value of work is Rs. 425.62 Lac.
2. Repair, Renovation and Restoration work of Panwar Sagar Dam and Canal, Tehsil Deoli District Tonk. -Estimated value of work is Rs. 605.25 Lac.
Last date of submission of Bid is 21/04/2025. Detailed Bid & Bid document can be seen on & downloaded from official website (http://eproc.rajasthan.gov.in, & http://sppp.raj.nic.in)
UBN No.:- WRD2425 WLOB01876, WRD2425 WS0B01875
NIB Code No.:-WAD2425A0534

DIPR/C/4542/2025
Additional Chief Engineer
WRD, Zone Jaipur


## एसजीएसटी की एन्फोर्समेंट शाखा-प्रथम की बड़ी कार्रवाई - करोड़ों रु. की फर्जी आईटीसी का दुरूपयोग करने वाले आरोपित को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** वाणिज्यिक कर विभाग के मुख्य आयुक्त श्री प्रकाश राजपुरोहित के निर्देशन में एसजीएसटी की एन्फोर्समेंट शाखा-प्रथम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों रु. की फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के उपयोग और जीएसटी कर चोरी के मामले में आरोपित को गिरफ्तार किया है। राज्य कर, प्रवर्तन शाखा-प्रथम के अतिरिक्त आयुक्त शालीन उपाध्याय ने बताया कि बोगस फर्मों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत विभाग द्वारा विभिन्न फर्मों के वित्तीय लेन-देन की गहन जांच की गई। जांच के दौरान उजागर हुआ कि ब्रह्मपुरी, जयपुर निवासी श्री किशोर कुमार मूलानी ने अपनी फर्म मैसर्स श्री गोविंद मेटल ट्रेडर्स एवं उनके पुत्र श्री राहुल मूलानी की फर्म मैसर्स साहिल ट्रेडर्स का संचालन कर सुनियोजित तरीके से फर्जी फर्मों से बिना माल आपूर्ति किए केवल बिलों के आधार पर 9.55 करोड़ रुपये की फर्जी आईटीसी प्राप्त कर उसका दुरुपयोग किया। अतिरिक्त आयुक्त ने बताया कि किशोर कुमार मूलानी ने राज्य के बाहर स्थित 27 फर्जी फर्मों से बोगस बिलों के माध्यम से लगभग 53 करोड़ रुपये की फर्जी खरीद दिखाकर राजस्थान में 9.55 करोड़ रुपये की आईटीसी का अनुचित लाभ लिया जिससे राज्य को भारी राजस्व हानि हुई। इस मामले में प्रवर्तन शाखा-प्रथम, जयपुर द्वारा किए गए सर्वेक्षण और विस्तृत जांच के बाद, मुख्य आयुक्त श्री प्रकाश राजपुरोहित द्वारा जीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 69 एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत आरोपी के विरुद्ध गिरफ्तारी आदेश जारी किया गया। विशेष आयुक्त श्री जयदेव सीएस के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन) श्री शालीन उपाध्याय के पर्यवेक्षण में संयुक्त आयुक्त डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल के नेतृत्व में सहायक आयुक्त दिनेश कुमार सोनी ने श्री किशोर कुमार मूलानी को गिरफ्तार किया।


कार्यालय नगर पालिका निवाई

क्रमांक :- न.पा.नि./विकास/2024-25/08 दिनांक :- 01/04/2025

बोली-सूचना

सभी संवेदको/व्यवसायदाताओ को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका निवाई द्वारा निम्न निर्माण कार्य करवाये जाने हेतु मोहरबन्द बोली आमंत्रित की जाती है। जिनकी बोली दिनांक 08.04.2025 को 12:00 बजे तक बेची जाकर दिनांक 08.04.2025 को 2:00 बजे से 4:00 बजे तक बंद लिफाफे मे प्राप्त की जाकर बोली इसी दिन सायंकाल 4:00 बजे उपस्थित संवेदको के समक्ष खोली जावेगी तथा उक्त बोली वेबसाईट **www.sppp.raj.nic.in** पर देखी जा सकती है तथा न0पा0 कार्यालय में निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा करवाकर जमा बोली जमा कराई जा सकती है अथवा उपरोक्त वर्णित निर्धारित तिथि व समय तक शुल्क नगर पालिका कोष में जमा करवाकर रसीद प्रस्तुत करने पर ही अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया व जमा कराया जा सकता है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. व्यय राशि | अमानत राशि 2% | अमानत राशि ½% | टेण्डर शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वायत्त शासन विभाग जयपुर को जीरो वेस्ट कार्यालय के लिए O&M हेतु इंजिनियर उपलब्ध कराने का कार्य। UBN No.:- DLB2526SSOB00133 | 3.00 | 6000 | 1500 | 200 | 31 march 2025 |

नोट :-
1. बिना कारण बताये बोली स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष/अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका निवाई को होगा।
2. रजिस्ट्रेशन की प्रति, पेनकार्ड एवं जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन की प्रति बोली आवेदन के साथ प्रस्तुत करनी होगी। सशर्त बोली मान्य नही होगी।
3. बोली डाक द्वारा मान्य नही होगी केवल बोली प्रपत्र में व बन्द लिफाफे में ही मान्य होगी।

राज.संवाद/सी/25/189
अध्यक्ष नगर पालिका निवाई
अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका निवाई



GOVERNMENT OF RAJASTHAN
DEPARTMENT OF PERSONNEL (B-III)
F.4(4)DOP/B-III/2024 Jaipur, Dated: 27/03/2025
NOTICE INVITING e-BID

Department of Personnel (B-III), Secretariat, Government of Rajasthan invites bid from reputed service provider having ISO-9001 certification for providing house keeping, upkeeping, facility management and comprehensive maintenance services in the CMO & its premises and I,II,III floor of central library building in Government Secretariat and CMR (8-Civil Line & Sanganer Cell & CM office in Rajasthan Assembly) (CMR only for IT Equipments) Jaipur, Rajasthan. The Bid shall only be submitted by 23.04.2024 at 12.00 PM through online biding system on www.eproc.rajasthan.gov.in. All other information related to the tender can also be seen on the departmental website www.dop.rajasthan.gov.in or Rajasthan Transparency in public procurement portal http://sppp.raj.nic.in. (Approximate cost of this work is Rs. 300.00 lacs per annuam (i.e. Rs. 600.00 lacs for two year)
Unique bid number (UBN) PER 2425 SLO B00107

DIPR/C/4517/2025
Deputy Secretary
Department of Personnel (B)
Government Secretariat, Jaipur
Tel. No. 0141-2227700

## सम्पादकीय

# सरकार की बुलडोजर नीति पर सर्वोच्च न्यायालय का सख्त रुख, पीड़ितों के लिए मुआवजा देने का निर्देश

अपराध पर नकेल कसने के लिए कथित अपराधियों की संपत्ति पर बुलडोजर चलाने की परिपाटी-सी चल पड़ी है। यह सिलसिला उत्तर प्रदेश में शुरू हुआ था और अब इसे कई राज्य सरकारों ने अपना लिया है। कहीं भी दो समुदायों के बीच कोई फसाद होता है, कोई बड़ी वारदात होती है, तो प्रशासन कुछ लोगों को चिह्नित कर उनके घर गिरा डालता है। जब यह सिलसिला अतार्किक और मनमाने ढंग से तेजी पकड़ने लगा तो इस पर रोक लगाने के लिए अदालतों के दरवाजे खटखटाए जाने लगे। इस पर करीब पांच महीने पहले सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त निर्देश जारी करते हुए मकानों-दुकानों आदि के ध्वस्तीकरण पर रोक लगा दी। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि किसी के आरोपी या दोषी ठहरा दिए जाने से उसका मकान ढहा देने का अधिकार नहीं मिल जाता। प्रशासन को उचित कारण बताना होगा कि कोई भी मकान गिराना क्यों जरूरी है। इसके लिए दूसरे पक्ष की दलीलें भी सुनी जानी चाहिए। उसे अपना जवाब देने के लिए उचित समय दिया जाना चाहिए। अगर कोई अधिकारी इन निर्देशों का पालन नहीं करेगा, तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मगर इसके बावजूद, मकान-दुकान आदि ढहाने का सिलसिला रुका नहीं है। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में ऐसी ही मनमानी करते हुए कुछ मकान ढहा दिए गए। अब सर्वोच्च न्यायालय ने करीब चार वर्ष पहले प्रयागराज में तोड़े गए मकानों पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए कहा है कि पीड़ितों को दस-दस लाख रुपए मुआवजा दिया जाए। अदालत ने कहा कि इस मामले ने उसकी अंतरात्मा को झकझोर दिया है। दरअसल, प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने कुछ लोगों के मकान इस शक के आधार पर तोड़ डाले थे कि वे एक कुख्यात अपराधी की जमीन पर बने हुए हैं। उन मकानों में रहने वालों को एक दिन पहले नोटिस थमाया गया और अगले दिन मकान तोड़ दिए गए। अदालत ने सवाल किया कि आखिर इस देश में लोगों को आश्रय का अधिकार है या नहीं। जब भी इस तरह मकान-दुकान आदि गिराने के मामले सामने आते हैं, तो सरकारों की दलील होती है कि वे अवैध रूप से बनाए गए थे। मगर यह समझ से परे है कि अवैध रूप से बनाए गए मकानों पर तभी विकास प्राधिकरणों और नगर निगम की निगाह क्यों जाती है, जब कोई आपराधिक घटना घट जाती है। इसके पहले ऐसी जगहों की निशानदेही क्यों नहीं हो पाती। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अपराध पर नकेल कसना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। मगर इसके लिए तय प्रक्रिया को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अपराध करने वाले का अपराध तब तक सिद्ध नहीं माना जा सकता, जब तक कि अदालत ऐसा फैसला न सुना दे। कोई भी सरकार खुद किसी को अपराधी सिद्ध करके उसके घर पर बुलडोजर नहीं चढ़ा सकती। उस मकान में उसके परिजन भी रहते हैं, जो निर्दोष होते हैं। आखिर किसी के अपराध की सजा दूसरे लोगों को बेघर करके क्यों दी जानी चाहिए। अवैध रूप से या कब्जा करके बनाए गए मकानों को ध्वस्त करने के भी नियम-कायदे हैं, इसीलिए इस तरह की मनमानी कार्रवाइयों को सर्वोच्च न्यायालय ने असंवैधानिक और अमानवीय करार दिया है। विचित्र है कि जिन मामलों को सरकारों को अपने विवेक से, लोगों के मानवाधिकारों का ध्यान रखते हुए सुलझाना चाहिए।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 4 अप्रैल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- स्विट्जरलैंड में बेसल यूनिवर्सिटी की 1460 में स्थापना।
- उत्तरी जर्मनी के विस्मार पर रुस और प्रशिया की सेनाओं ने 1716 में कब्जा किया।
- जेकब रोजरविन ने 1722 में पूर्वी आयरलैंड की खोज की।
- अमेरिकी कांग्रेस ने 1818 में राष्ट्रध्वज में '13 लाल और सफ़ेद स्ट्रिप्स तथा 20 सितारे' शामिल करने को मंजूरी दी।
- ह्यूज रोज के नेतृत्व में ब्रिटिश सेना के साथ युद्ध करने के बाद 1858 में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई झांसी से निकलकर काल्पी पहुंची और बाद में ग्वालियर की ओर चली गई।
- कांगरा घाटी में 1905 में आये जबरदस्त भूकंप से लगभग 20000 लोगों की जान गई।
- दार्शनिक श्री अरबिंदो घोष पांडिचेरी (अब पुडुचेरी) पहुंचे जहां उन्होंने 1910 में योग और आध्यात्मिक केन्द्र खोला।
- अमेरिकन सीनेट ने 1916 में प्रथम विश्व युद्ध में हिस्सा लेने को मंजूरी दी।
- लीबिया के बेनगाजी शहर पर जर्मनी की सेना ने 1941 में कब्जा किया।
- ब्रिटिश सेना ने 1944 में इथोपिया के आदिश अबाबा पर कब्जा किया।
- उत्तरी अटलांटिक सैन्य संगठन की 1949 में स्थापना हुई जो शीतयुद्ध के शुरुआती दौर का नतीजा थी।
- अफ्रीकी देश सेनेगल ने 1960 में फ्रांस से स्वतंत्रता हासिल करने की घोषणा की।
- बिल गेट्स और पॉल एलन के बीच 1975 में हुए समझौते के फलस्वरूप माइक्रोसॉफ्ट की स्थापना हुई।
- पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को 1979 में फांसी की सजा दे दी गई।
- अमेरिका के मानवाधिकार कार्यकर्ता मार्टिन लूथर किंग की 1968 में आज ही के दिन हत्या कर दी गई।
- तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा द्वारा 1994 में तिब्बती बालक उग्येन थिनली दोरजी को नये कर्मापा के रूप में घोषणा।
- क्रयशक्ति की क्षमता की दृष्टि से विश्व बैंक ने 1997 में भारत को विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश घोषित किया।
- दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना ने 2008 में भाजपा सदस्यता स्वीकार किया।
- पाकिस्तान की नई सरकार ने 2008 में सेना के खुफिया प्रमुख के पद से मेजर जनरल नदीम को हटाया।
- महाराष्ट्र के ठाणे में 2013 में अवैध रूप से निर्मित इमारत गिरने से तक़रीबन 80 लोग मारे गए।
- छत्तीसगढ़ में 2013 में एक कुल्हाड़ी-हत्या कांड में नौ लोग मारे गए।

### 4 अप्रैल को जन्मे व्यक्ति

- मशहूर हिन्दी कवि, लेखक, नाटककार और पत्रकार माखनलाल चतुर्वेदी का जन्म 1889 को मध्य प्रदेश में हुआ।

## विशेष आलेख

भ्रष्टाचार पर लगाम और पारदर्शिता की नई पहल

# वक्फ संशोधन बिल 2024 : पारदर्शिता और जवाबदेही की ओर एक क्रांतिकारी कदम

**वक्फ संशोधन बिल 2024 लोकसभा में पारित हुआ, जिसका उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना है। भारत में वक्फ बोर्ड के अंतर्गत लाखों एकड़ भूमि आती है, लेकिन वर्षों से इसके दुरुपयोग, भ्रष्टाचार और मनमानी के आरोप लगते रहे हैं। यह बिल वक्फ बोर्डों की मनमानी पर रोक लगाने, संपत्तियों का सही उपयोग सुनिश्चित करने और कानूनी विवादों के समाधान में मदद करेगा। हालांकि, कुछ चुनौतियाँ भी सामने आ सकती हैं, जैसे वक्फ बोर्डों का विरोध और नए तंत्र का प्रभावी क्रियान्वयन। यदि यह कानून प्रभावी रूप से लागू होता है, तो यह वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवादों को कम करने और पारदर्शी प्रशासन सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।**



– प्रियंका सौरभ

भारत में वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवाद और भ्रष्टाचार के आरोप लंबे समय से चर्चा का विषय रहे हैं। देश में लाखों एकड़ भूमि वक्फ बोर्ड के अंतर्गत आती है, जिसका उद्देश्य धार्मिक और सामाजिक कल्याण कार्यों के लिए संपत्तियों का उपयोग करना है। हालांकि, समय के साथ यह देखा गया कि वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन पूरी तरह पारदर्शी नहीं रहा, और कई मामलों में अनियमितताओं, भ्रष्टाचार और मनमानी के आरोप सामने आए हैं। लोकसभा में हाल ही में पारित वक्फ संशोधन बिल 2024 से उम्मीद की जा रही है कि यह बिल वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ाएगा और आम नागरिकों, खासकर उन किरायेदारों को राहत प्रदान करेगा, जो वर्षों से इन संपत्तियों में रह रहे हैं या उनसे जुड़े कानूनी विवादों का सामना कर रहे हैं।

**वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवाद और समस्याएँ :** भारत में वक्फ अधिनियम 1995 के तहत वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन किया जाता है। इस कानून के तहत बनाई गई वक्फ बोर्डों को अत्यधिक शक्तियाँ प्रदान की गईं, जिससे वे अपने अधीन संपत्तियों का नियंत्रण कर सकें। हालाँकि, इस प्रबंधन में पारदर्शिता की कमी और मनमानी फैसलों के चलते कई विवाद उत्पन्न हुए। वक्फ बोर्ड के पास मौजूद कानूनी अधिकारों के कारण कई स्थानों पर उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। रिपोर्टों के अनुसार, कई मामलों में वक्फ बोर्ड अधिकारियों द्वारा संपत्तियों को मनमाने ढंग से लीज़ पर देना, कब्जे खाली करवाना, और बिना उचित प्रक्रिया के संपत्ति बेचने जैसे फैसले लिए गए हैं।

हजारों किरायेदार दशकों से वक्फ संपत्तियों में रह रहे हैं। लेकिन कई बार वक्फ बोर्डों ने पुराने किरायेदारों को कानूनी सुरक्षा प्रदान नहीं की, बल्कि उन्हें संपत्तियों से बाहर निकालने की कोशिश की। ऐसे मामलों में कई परिवारों को कानूनी लड़ाइयों में उलझना पड़ा, और कुछ मामलों में जबरन बेदखली भी देखी गई। वक्फ संपत्तियों की खरीद, बिक्री, और लीज़ में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की शिकायतें आई हैं। कई रिपोर्टें बताती हैं कि वक्फ संपत्तियों को बाजार मूल्य से बहुत कम कीमतों पर बेचा गया या फिर बिना उचित प्रक्रिया के इसे राजनीतिक और व्यावसायिक हितधारकों को सौंप दिया गया। वर्तमान वक्फ कानून में कई अस्पष्टताएँ थीं, जिससे कानूनी विवाद बढ़ते गए। वक्फ संपत्तियों से जुड़े मामलों को सुलझाने के लिए कोई स्पष्ट कानूनी प्रक्रिया नहीं थी, जिससे विवाद लंबित रह जाते थे और पीड़ित पक्ष को न्याय पाने में वर्षों लग जाते थे।

**वक्फ संशोधन बिल 2024- क्या हैं प्रमुख बदलाव?** लोकसभा में पारित वक्फ संशोधन बिल 2024 का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। इस बिल में यह प्रावधान किया गया है कि वक्फ बोर्ड की कार्यप्रणाली की निगरानी और सरकारी हस्तक्षेप को बढ़ाया जाएगा, ताकि संपत्तियों के दुरुपयोग को रोका जा सके। संशोधन के तहत पुराने किरायेदारों को अधिक कानूनी सुरक्षा दी जाएगी, जिससे उन्हें जबरन निष्कासन का सामना न करना पड़े। वक्फ संपत्तियों की लीज़, बिक्री, या हस्तांतरण में पारदर्शिता लाने के लिए नई निगरानी एजेंसियाँ बनाई जाएँगी। इसके अलावा, सभी सौदों की डिजिटल रिकॉर्डिंग और पारदर्शी ऑडिटिंग की व्यवस्था की जाएगी। वक्फ संपत्तियों से जुड़े कानूनी विवादों के निपटारे के लिए विशेष न्यायाधिकरण बनाए जाने का प्रस्ताव है। इससे मामलों का त्वरित समाधान हो सकेगा और आम नागरिकों को लंबे समय तक अदालतों में भटकना नहीं पड़ेगा।


**संशोधन बिल के संभावित प्रभाव :** वक्फ संशोधन बिल 2024 के लागू होने से भारत में वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवादों को सुलझाने और पारदर्शिता बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह संशोधन सुनिश्चित करेगा कि वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में किसी भी प्रकार की धांधली न हो और सभी लेन-देन को सार्वजनिक किया जाए। नए कानून के तहत पुराने किरायेदारों को सुरक्षा मिलेगी और उनके निष्कासन की प्रक्रिया को कानूनी दायरे में लाया जाएगा। नए निगरानी और ऑडिट तंत्र से वक्फ संपत्तियों से जुड़े घोटालों को रोका जा सकेगा। न्यायाधिकरणों के माध्यम से वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवादों का त्वरित समाधान किया जा सकेगा।

**संभावित चुनौतियाँ :** हालाँकि, इस बिल के प्रभावी कार्यान्वयन में कुछ चुनौतियाँ भी हो सकती हैं; कुछ वक्फ बोर्ड इस संशोधन का विरोध कर सकते हैं, क्योंकि इससे उनकी शक्ति और स्वायत्तता पर प्रभाव पड़ सकता है। निगरानी और ऑडिटिंग तंत्र को प्रभावी रूप से लागू करने में समय लग सकता है। संभावना है कि कुछ समूह इस संशोधन को अदालत में चुनौती दे सकते हैं, जिससे इसके क्रियान्वयन में देरी हो सकती है। वक्फ संशोधन बिल 2024 भारत में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को पारदर्शी और न्यायसंगत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यदि इस कानून को प्रभावी रूप से लागू किया गया, तो यह न केवल वक्फ संपत्तियों के सही उपयोग को सुनिश्चित करेगा, बल्कि भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगाएगा। हालांकि, यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इस कानून को व्यवहारिक रूप से कैसे लागू किया जाता है और सरकार इस पर किस तरह की निगरानी रखती है।

## सिद्ध शक्तिपीठ राज राजेश्वरी कैलादेवी मंदिर

'ततः कलियुगे प्राप्ते कैलो नामा भविष्यति ।
मम भक्तस्तस्य नामना भाव्या कैलेश्वरीत्यहम् ।।'

**प्राचीन ग्रन्थों में माता के प्राकट्य एवं चरित्र की अनेक कथायें आती हैं। उन्हीं ग्रन्थों में स्कन्दपुराण के 65वें अध्याय में कैलादेवी के विषय में एक लेख मिलता है। द्वापर में भीमसैन की स्तुति पर प्रसन्न होकर माँ ने कहा था 'कालिकाल में लोक कल्याणार्थ मेरा प्रादुर्भाव होगा और मुझे 'कैलेश्वरी' नाम से जाना जायेगा। मैं उस समय अपनी कला रूप में अवतरित होने से कैला कहलाऊंगी। इस प्रकार कैला भगवती का पौराणिक नाम सिद्ध होता है।**



कैलादेवी

विकास खितौलिया

राजस्थान के करौली जनपद के मुख्यालय से 25 किमी. की दूरी दक्षिण में और मध्य-प्रदेश की सीमा से लग कर बहती हुई चम्बल नदी से लगभग 30 किमी. की दूरी दक्षिण-पूर्व कैला ग्राम के समीप घोर बियावान जंगल में पर्वत श्रेणियों से घिरे त्रिकूट नामक पर्वत पर राज राजेश्वरी कैलादेवी का दिव्य मन्दिर है। इस विशाल बियावान जंगल को कैलादेवी अभयारण्य कहा जाता है। यह उत्तर भारत के सिद्ध शक्तिपीठों में से एक है। मन्दिर के नीचे पहाड़ी की तलहटी में पूर्व से पश्चिम और फिर दक्षिण की ओर धनुषाकार में एक नदी बहती है। यह नदी इसी त्रिकूट पहाड़ी से निकलती है जिसे कालीसिल (शिला) नदी कहा जाता है। लगभग सन् 1700 ई. में निर्मित कैला देवी माँ का यह सिद्ध शक्तिपीठ करौली राज्य में होने के कारण ही इन्हें करौली वाली माता भी कहा जाता है । पूर्व में इस कैलादेवी मन्दिर में केला मां का यह श्री विग्रह कब और कहाँ से आया, इसका कोई प्राचीन लिखित लेख, अभिलेख या बीजक तो मिलता नहीं। हाँ, जनश्रुति तथा वृद्धजनों के आधार पर इस सिद्धपीठ की स्थापना के विषय में जो कुछ मैया केला रानी के चमत्कारों और उत्पति की अनेकों किवदन्तियों से ज्ञात हो सकी वह इस प्रकार है कि प्राचीनकाल में बाँसीखेड़ा के पास ही एक दूसरा प्राचीन ग्राम लोहर्रा के भयानक जंगल में स्थित गिरी, कन्दराओं में एक दानव निवास करता था । दानव का आतंक के कारण संयासी एवं आमजन ग्रामवासी थर-थर कांपते थे। जिसकारण ग्रामवासियों का घरों से निकलना भी कठिन हो गया। लोहर्रा ग्राम से कुछ दूरी पर वर्तमान मन्दिर से 3 किमी दूर एक गुफा बनी हुई है जहाँ बाबा केदारगिरि, माँ भगवती की उपासना तप किया करते थे। ग्राम के वृद्धजन एकत्रित होकर बाबा के स्थान पर पहुँचे। ग्रामवासियों ने अपनी सारी व्यथा अश्रुपूरित नेत्रों से बाबा केदारगिरि को कह सुनाई तथा कहा कि हे महाराज हमें जैसे भी हो इस घोर विपदा से छुटकारा दिलवाइये। बाबा केदारगिरि ने ग्रामवासियों का आश्वासन दिया कि अपने तपोबल से माँ भगवती को प्रसन्न करके दानव का वध करने का आह्वाहन करेंगे तत्पश्चात ग्रामवासियों से विदा लेकर स्वयं हिंगलाज पर्वत पर तपस्या करने चले गए । बाबा केदारगिरि ने हिंगलाज पर्वत पर घोर तपस्या की जिससे प्रसन्न होकर मां कैलादेवी वात्सल्यपूर्ण कन्या के रूप में बाबा के समक्ष प्रकट हुई और बाबा को वरदान दिया कि वह शीघ्र ही दानव का नरसंहार करेगी। कुछ समय पश्चात देवी मां कैला ग्राम में प्रकट हुई और उस दानव का मां कैला ने एक कन्या के रूप में कालीसिन्ध नदी के तट पर वध कर दिया। वर्तमान समय में एक बडे पाषाण पर आज भी दानव के पैरों के चिन्ह तथा माताजी के चिन्ह एक शिला पर बने हुए हैं। वहाँ छोटी सी छतरी भी बनी हुई । इस स्थान का नाम आज भी दानवदह के नाम से जाना जाता है। यह दानादह वर्तमान मन्दिर से 2 कि.मी. उत्तर की ओर तथा काली सिल पर बने पुल से 500मी. पूर्व की ओर मौजूद हैं। दानव के वध के पश्चात बाबा केदारगिरी ने कैलादेवी प्रतिमा की स्थापना 1114 ई. में की थी। बाबा केदारगिरि की गुफा के पास एक बोहरा भगत की एक किवदन्ती के अनुसार वह अपनी बकरियाँ को उस दुर्गम पहाड़ियों पर चराता था। वे खैरालिया गोत्र में उत्पन्न बहोरीपुर ग्राम का वासी था। एक दिन बोहरा भगत ने देखा की उसकी बकरियां एक विशेष स्थान पर अपना दूध सृवित कर रही है इस चमत्कार ने उसे आश्चर्य में डाल दिया।

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान पुलिस के उप निरीक्षक शिव शंकर चतुर्वेदी। जोकि सन 1977 में बसवा तहसील ग्राम करनावर जिला दौसा में जन्में शुरू में पढ़ाई नाइंथ तक बांदीकुई से की उसके बाद में पहला राजगढ़ तहसील जिला अलवर से सीनियर किया। सीनियर करने के बाद सन 1998 में पुलिस कांस्टेबल में भर्ती हो गए आरपीटीसी पुलिस ट्रेनिंग सेंटर जोधपुर से 11 माह की ट्रेनिंग की 6 वर्ष तक कांस्टेबल रहे वर्ष 2005 में हेड कांस्टेबल बन गए। वर्ष 2011 में सहायक उप निरीक्षक बन गए। वर्ष 2019 में उप निरीक्षक बन गये। इसी दौरान एम.ए तक पढ़ाई की सब्जेक्ट हिंदी रहा । 2019 से 20 तक एस.एच.ओ जोबनेर 2020 से 21 थाना अधिकारी सरूड 2021 से 22 तक थाना अधिकारी प्रागपुरा 2022-23 में थाना अधिकारी गोविंदगढ़ जिला अलवर 2023 में थाना अधिकारी नारायणपुर उसके बाद जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर उसके बाद जिला अजमेर पोस्टिंग चल रही है। बेहद शानदार और सरल अधिकारी हैं। हमेशा मुस्कान भरा चेहरा रखते हैं अपने अधिनस्थ कर्मचारी और उच्चाधिकारियों के साथ बेहतरीन तालमेल से कार्य संपादित करते हैं। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्जलव भविष्य की कामना करती है।



श्री शिव शंकर
( उप निरीक्षक राज:पुलिस )

रूपक शर्मा

## 2025_089 a बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 3 | | | 9 | 4 | |
| | 8 | | | | | 1 | 3 | |
| 6 | 9 | 3 | 7 | | 1 | 8 | | |
| | | 6 | 1 | 5 | 9 | | 8 | |
| 9 | | 5 | | | 7 | | | 4 |
| | 7 | | 6 | 3 | | | | 9 |
| 8 | | 9 | 4 | | 3 | | | 1 |
| 7 | 3 | | 5 | 1 | 2 | | | 8 |
| 5 | | | | | | | 7 | 3 |

### Ans_2025_088

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 2 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 | 3 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 | 5 |
| 5 | 4 | 7 | 1 | 3 | 2 | 6 | 9 | 8 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 9 | 3 | 5 | 4 | 6 |
| 9 | 3 | 4 | 6 | 1 | 5 | 2 | 8 | 7 |
| 2 | 6 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 |
| 8 | 7 | 6 | 3 | 2 | 1 | 9 | 5 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 8 | 6 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 2 | 9 | 5 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज गलत जगह पूंजी निवेश न हो, इसका ध्यान रखें। आज आपकी आय और व्यापार में वृद्धि होने के योग हैं। व्यापार में नए लाभदायक संपर्क होंगे। परिजनों और मित्रों के साथ हंसी-खुशी के पल बिताने का अवसर मिलेगा।

**वृष**
परिवार में भाई-बहनों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजरेगा। विदेश यात्रा के लिए अनुकूल संयोग निर्मित होंगे। नौकरी करने वालों को लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य के संबंध में आपको विशेष ध्यान रखना होगा। बाहर खाने-पीने से बचें।

**मिथुन**
आज आप में शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अभाव रहेगा। परिवार में क्लेश, कलह का वातावरण रहने से आपका मन उदास रहेगा। सार्वजनिक जीवन में अपमानित होने की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**कर्क**
विद्यार्थियों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी। संतान के बारे में शुभ समाचार मिलेंगे। साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। आप कोई कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं। नदी, तालाब तथा समुद्र जैसे जलाशयों से संभलकर रहें।

**सिंह**
सरकारी क्षेत्र में आपके काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। आज का दिन आप धर्म, ध्यान तथा देवदर्शन में व्यतीत करेंगे। किसी तीर्थ स्थान पर जा सकते हैं। शारीरिक और मानसिक रूप से खुश रहेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर मिलेंगे।

**कन्या**
नौकरी वालों को उनके काम में यश और सफलता मिलेगी। पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा। विरोधियों के समक्ष विजय मिलेगी। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। ननिहाल पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। धन की हानि होगी।

**तुला**
आज महिला वर्ग से लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के संबंधों में प्रगाढ़ आत्मीयता का अनुभव होगा। भाई-बंधुओं से तथा बुजुर्गों से लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आज दिनभर प्रसन्न रहेंगे।

**वृश्चिक**
नए वस्त्र और आभूषणों की खरीदारी तथा पहनने का अवसर मिलेगा। नए व्यक्तियों के साथ परिचय और दोस्ती होगी। भागीदारी के लिए समय अनुकूल है। आज नौकरीपेशा लोगों के लिए अत्यंत लाभदायक दिन है।

**धनु**
आज किसी सामाजिक या राजनीतिक चर्चा में भाग ले सकते हैं। नौकरीपेशा लोग कुछ अच्छा काम कर पाएंगे। आपके यश में वृद्धि होगी। व्यापार में वातावरण अनुकूल रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण बनेगा।

**मकर**
व्यवसायिक क्षेत्र में काम की प्रशंसा होने से उत्साह भी बढ़ेगा। सहकर्मियों का भी सहयोग प्राप्त होगा। सामाजिक क्षेत्र में भी मान-सम्मान मिलेगा। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजार सकेंगे। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

**कुंभ**
बीमारी के पीछे धन खर्च होगा। नकारात्मक विचार मन पर हावी होंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ सावधानीपूर्वक रहें। ध्यान और चिंतन से मन खुश रहेगा। सामाजिक और सार्वजनिक क्षेत्र में लाभ मिलेगा।

**मीन**
आज का दिन अत्यंत सावधानीपूर्वक व्यतीत करने की सलाह दी जाती है। स्वजनों से वियोग हो सकता है। धर्म करने में धन लूटने जैसी परिस्थिति निर्मित होगी, इसलिए संभलकर रहें। मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

### उदासीनता की हद

# कछुआ चाल से चल रहा हमीर ब्रिज चौड़ाईकरण का कार्य

## इस जुलाई माह तक पूरा करना है शेष कार्य

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** शहर की लाइफ लाइन कहे जाने वाले हमीर ब्रिज की चौड़ाई व विस्तारिकरण का कार्य कछुआ चाल से चल रहा है। हालात यह है कि बीते करीब सवा दो साल में हमीर ब्रिज का केवल 55 प्रतिशत ही काम पूरा हो पाया है, जबकि 45 फीसदी निर्माण कार्य शेष है। इस कार्य को पूरा करने की अवधि जुलाई माह तक रखी है। ऐसे में शेष चार महीने में निर्माण कार्य को पूरा करने की चुनौती बनी है। हमीर ब्रिज के चौड़ाईकरण एवं निर्माण का कार्य 32.91 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। इसके लिए मैसर्स विजय कुमार को कार्यादेश दिया है। इसमें दो स्पान, एक 48 मीटर बोण्स्ट्रिंग गर्डर, मुय रेलमार्ग एवं दूसरा 30 मीटर कपोजिट गर्डर, एक रोटरी 40 मीटर व्यास, वीयूपी रैप आदि का निर्माण कार्य शामिल है।

**2024 में पूरा होना था काम :** हमीर ब्रिज के चौड़ाईकरण व निर्माण का कार्य 18 नवबर 2022 को शुरू हुआ था। हमीर ब्रिज के चौड़ाईकरण कार्य की कार्य समाप्ति तिथि 17 नवबर 2024 निर्धारित थी। लेकिन निर्धारित तिथि तक हमीर ब्रिज की चौड़ाईकरण का कार्य पूरा नहीं हो पाया। ऐसे निर्माण कार्य में देरी होने फिर से निर्माण अवधि को आठ माह और बढ़ाया गया है। मगर जिस गति से निर्माण चल रहा है, उससे तो चार माह बाद भी कार्य पूरा होने का अनुमान नहीं है।

**इसलिए हो रही है कार्य में देरी**

जानकारी के अनुसार कार्य के शुरूआती दिनों में रेलवे की ओर से मुय स्पान 48 मीटर की ड्राइंग बदलने व भूमि अवाप्ति के कारण कार्य लगभग 6 माह का समय लग गया था। इससे कार्य में देरी हुई। रेलवे की ओर से 49 मीटर स्पान और 30 मीटर स्पान के गर्डरों की अनुमोदनों व मैटेरियल निरीक्षण में देरी मुय कारण रही। वहीं टोंक साइड आ रहे रैप में कुछ संरचनाओं को हटाया व लालसोट साइड रैप में भूमि अवाप्ति की कार्रवाई में देरी का प्रमुख कारण रहा।



**जाम से एबुलेंस में मरीजों को होती है परेशानी**

हमीर ब्रिज निर्माण की अवधि 12 जुलाई को पूरी होना प्रस्तावित है। लेकिन अभी इस कार्य योजना में दो रेलवे ब्रिज, दो रैप एवं एक रोटरी का निर्माण आदि कार्य होना शेष है। यह ब्रिज सवाईमाधोपुर शहर खण्डार सड़क (मध्यप्रदेश को जाने वाली एनएच) एवं रणथभौर सड़क को जोड़ने का माध्यम है। ऐसे में हमीर ब्रिज पर रोज बार-बार जाम लग रहा है। विशेषतौर पर एबुलेंस में मरीजों व प्रसूताओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

**इनका कहना है...**

हमीर ब्रिज की चौड़ाईकरण का करीब 55 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। शेष कार्य को जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा।

**वेदप्रकाश शर्मा**
**अधिशासी अभियंता, एनएचआई, सवाईमाधोपुर**

### सरकार की योजनाओं को समय पर पूरा नही करने का मामला

## मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने ग्राम विकास अधिकारी को किया एपीओ

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी (आईएएस) गौरव बुड़ानिया ने गुरुवार को पंचायत समिति खण्डार की ग्राम पंचायत बरनावदा के ग्राम विकास अधिकारी पवन कुमार वर्मा को आवास योजना में लापरवाही बरतने अत्यधिक न्यून प्रगति पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से एपीओ कर मुख्यालय जिला परिषद कर दिया है। इस संबंध में खण्डार विकास अधिकारी के द्वारा रिपोर्ट मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्यालय में प्रेषित की गई थी।सीईओ बुड़ानिया द्वारा राज्य सरकार की योजनाओं को समयबद्ध संचालन हेतु निरीक्षण कर पंचायत समितियों में योजनाओं के सुचारू एवं पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। राज्य सरकार की मंशा अनुसार ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं इस परिप्रेक्ष्य में राजकार्य में उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध भविष्य में भी कार्रवाई जारी रहेगी। राज्य सरकार का ध्येय अंतिम व्यक्ति तक योजनाओ का लाभ पहुँचाना है इसके अनुरूप योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लाने समयबद्ध संचालित करने हेतु लापरवाही बरतने पर भविष्य में भी आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

**गौरव बुड़ानिया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी**

## पल्लेदारों ने दूसरे दिन भी किया कार्यो का बहिष्कार, किसानों को ही उतारना पड़ा वाहनों से माल



बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। कृषि उपज मंडी प्रांगण में हम्माल पल्लेदारों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर कार्यो का बहिष्कार किया। पल्लेदार श्योजी यादव, रामप्रसाद यादव, रामसहाय मीणा, धारासिंह नायक किशनसिंह राजावत, रमेश गुर्जर, किशोर मीणा, कजोडसिंह राजावत, रमेश प्रजापत, सीताराम गुर्जर, रामलाल गुर्जर, देवालाल गुर्जर, लादुलाल बैरवा व बनवारीलाल यादव सहित कई पल्लेदारों ने बताया कि लोडिंग माल की मजदूरी 6 .08 रूपए, दडे की मजदूरी, काट की मजदूरी स्थाई हो तथा सौंप उतराई की मजदूरी सहित अन्य मांगे शामिल हैं। गुरूवार को भी पल्लेदारों द्वारा कार्य बहिष्कार करने के कारण किसानों को ही अपने ट्रैक्टरों से माल को उतारना पड़ा। जिससे किसानों को परेशानी उठानी पड़ी। इधर मंडी सचिव कमलकिशोर सोनी ने बताया कि व्यापार मंडल द्वारा मंडी प्रांगण में हम्माली की दरों को बढ़ाने का निर्णय पूर्व में ही कर लिया गया था। लेकिन कुछ हम्मालों द्वारा ट्रक लोडिंग की दरें निर्धारित करने की मांग की गई हैं। जिसके बारे में अध्यक्ष व्यापार मंडल एवं अध्यक्ष हम्माल पल्लेदार संघ की बैठक बुधवार को आयोजित की गई थी। जिसमें ट्रक लोडिंग की दरों बाबत वार्ता हुई। लेकिन पल्लेदार मंडी बन्द की घोषणा करते हुए मीटिंग छोडक़र चले गए। मंडी ने किसी भी व्यक्ति को कार्य करने से मना नहीं किया है। हम्मालों द्वारा स्वेच्छा से हठधर्मिता धारण करके मंडी बन्द कर रखी है जो नियम विरुद्ध है।

## भारत विकास परिषद की मालपुरा शाखा को मिला सर्वश्रेष्ठ शाखा का सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** भारत विकास परिषद शाखा मालपुरा को परिषद के प्रान्त स्तरीय समारोह में वर्ष 2024-25 में श्रेष्ठ सेवा कार्यो के चलते सर्वश्रेष्ठ शाखा का सम्मान मिला है। प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि गत दिनो जयपूर में परिषद का प्रान्त स्तरीय समारोह का आयोजन हुआ। इस समारोह में परिषद के प्रान्तीय अध्यक्ष आर.एस.सक्सेना एवं महासचिव आर.एस.त्यागी द्वारा राजस्थान उत्तर पूर्व प्रान्त में मालपुरा शाखा को श्रेष्ठ एवं सर्वात तम प्रकाल्यो के लिए प्रान्त स्तरीय श्रेष्ठ शाखा के सम्मान से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि भारत विकास परिषद को यह सम्मान मालपुरा में पक्षी घर निर्माण, विवेकानन्द उद्यान निर्माण, यात्री विश्राम गृह निर्माण तथा 9 दिवसीय रामकथा महोत्सव आयोजन सहित अन्य सेवा प्रकल्पो के चलते मिला है। इस सम्मान प्राप्ति में परिषद के वर्ष 2024-25 के अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा, सचिव ताराकान्त पाठक, वित्त सचिव एवं इस सत्र के अध्यक्ष ज्ञानचन्द जैन सहित अन्य सभी सदस्यो व भामाशाहो की विशेष भूमिका रही है। वहीं परिषद की ओर से श्रेष्ठता का सम्मान मिलने में सहयोग के लिए सभी दानदाताओं, भामाशाहो का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## मुनिराज से महावीर जयन्ती महोत्सव के लिए किया अनुरोध

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** श्री दिगम्बर जैन मन्दिर चन्द्रप्रभू चौधरियान कमेटी की ओर से 10 अप्रैल को मालपुरा में आयोजित महावीर जयन्ती महामहोत्सव में शामिल होकर आर्शिवाद प्रदान करने के लिए मुनिराज से अनुरोध किया गया। गुरूवार को सकल जैन समाज एवं कमेटी के सुरेन्द्र मोहन जेन एडवोकेट, डॉ. राकेश जैन, प्रकाशचन्द पाटनी, एडवोकेट राजकुमार जैन, नरेन्द्र कुमार जैन नीटू, एडवोकेट रवि कुमार जैन, अरूण जैन, भागचन्द मन्दोपुर वाले, अजुन जी कोटा वाले सहित अन्य कई समाजबंधु आचार्य वासुनन्द जी महाराज के शिष्य मुनिराज शिवानन्द जी एवं प्रसामानन्द जी के समक्ष मौजुद रहे। सभी समाजबंधुओं ने दोनो मुनिराज की स्तुति कर आगामी 10 अप्रैल को मालपुरा में आयोजित महावीर जयन्ती महामहोत्सव में शामिल होकर आर्शिवाद प्रदान करने की कामना के साथ श्रीफल भेंट किया।

# अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही करें : डॉ. सौम्या झा

बढ़ता राजस्थान




**टोंक,( का.स. )।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने गुरुवार को जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम को लेकर बैठक ली। वीसी के जरिए सभी उपखंडों के राजस्व, खनिज, परिवहन, पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारियों को अवैध खनन पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके लिए 24ग7 का नियंत्रण कक्ष स्थापित करें। बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि एसआईटी सड़क मार्गों पर बनाएं गए नाकों की नियमित जांच करें और अवैध खनन गतिविधियों के स्त्रोत, स्थान एवं भंडारण को चिन्हित करें। अवैध खनन गतिविधियों वाले क्षेत्रों में मशीनरी एवं वाहनों को जब्त कर सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएं। उन्होंने एसडीओं को निर्देश दिए कि अवैध खनन में लिप्त लोगों पर धारा 177 में केस दर्ज कर ऐसे प्रकरणों को दो माह में डिस्पोज करें। साथ ही, मुख्य सड़क मार्गों के अतिरिक्त गांव के रास्ते एवं खेतों व कच्चें रास्तों पर भी अवैध खनन की आवाजाही को रोकने के लिए सूचना तंत्र को मजबूत करें। उन्होंने सहायक खनिज अभियंता सोहन लाल सुथार को डिग्गी एवं गुंसी में स्थापित किए गए नाकों से गुजर रहे डंपर एवं ट्रैक्टर ट्रॉली के वाहनों की सख्ती से जांच करने के निर्देश दिए। डीटीओ संपतराम वर्मा को कहा कि बिना नंबर वाली ट्रैक्टर ट्रॉली, ओवरलोड एवं अवैध खनन कर रहे वाहनों को जप्त कर भारी पेनल्टी वसूले। जिला कलेक्टर ने वन विभाग के सहायक वन संरक्षक अनुराग महर्षि को वन क्षेत्र निवाई के बहड़ व नोहटा एवं उनियारा में बनेठा क्षेत्र में चौकसी बढ़ाने के लिए निर्देशित किया।

पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि पुलिस विभाग, प्रशासन, वन, परिवहन एवं खनिज विभाग के साथ आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। जब सख्ती से कानून की पालना सुनिश्चित होगी तभी अवैध खनन पर लगाम लग सकेगी। उन्होंने कहा कि सभी उपखंडों के पुलिस उपाधीक्षक अवैध खनन के परिवहन मार्गों पर कड़ी निगरानी रखे। साथ ही, नाकों को बदलते रहे। अवैध खनन में शामिल लोगो, वाहनों के ड्राइवर एवं मालिक को चिन्हित किया जाएं।

बैठक में सभी उपखंडों के एसडीओ, पुलिस उपाधीक्षक, डीटीओ समेत विकास अधिकारी, वन विभाग के रेंजर मौजूद रहे।

## मालपुरा शहर की हाऊसिंह बोर्ड कालोनी में 9 करोड़ रूपये की लागत से बनेगी नवीन टंकी

### गर्मी में पेयजल समस्या के निपटने के लिए सरकार की ओर से जिला कलक्टरो को एक करोड़ रूपये का अतिरिक्त फंड जारी



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** राजस्थान प्रदेश के जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी मंत्री एवं मालपुरा टोडारायसिंह क्षेत्र के विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने प्रदेश की जनता को गर्मी के दिनो से पेयजल की समस्या से राहत प्रदान करने के लिए सभी जिला कलक्टरो को एक करोड़ रूपये का अतिरिक्त फंड जारी किया है। राजस्थान प्रदेश के जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी मंत्री एवं मालपुरा टोडारायसिंह क्षेत्र के विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने गुरूवार कोू एक पत्रकार वार्ता में बताया गया कि इस बार गर्मी के दिनो में आम जन को पेयजल की समस्या से राहत देने के उद्धेश्य से अमृत 2 योजना लागू की है। इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश के लिए सभी जिला कलक्टरो को एक करोड़ रूपये की राशि का अतिरिक्त फंड जारी किया है। चौधरी ने अपने निर्वाचन क्षैत्र के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मालपुरा शहर के जयपुर रोड पर स्थित हाऊसिंग बोर्ड कालोनी सहित आसपास की अन्य आवासीय कालोनीयो में व्याप्त पेयजल संकट को दूर करने के लिए इसी योजनान्तर्गत 9 करोड़ रूपये की एक नवीन पेयजल टंकी का निर्माण करवाया जाएगा।

**चौधरी का बड़ा बयान जारी**

राजस्थान प्रदेश के जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी मंत्री एवं मालपुरा टोडारायसिंह क्षेत्र के विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने प्रदेश की जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा है कि प्रदेश की जनता को गर्मी के दिनो में पेयजल की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पूरी प्रदेश सरकार कार्य कर रही है। गर्मी दिनो की पेयजल समस्या समाधान के बारे में चौधरी ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए 15 अप्रैल तक राजस्थान प्रदेश में पानी की समस्या का सिस्टम बदल देगें। बदले सिस्टम से प्रदेश की जनता को भीषण गर्मी के दिनो में पेयजल समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## 5 नामजद आरोपियों के विरूद्ध पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** निवाई पुलिस थाने में 5 नामजद आरोपियों के विरूद्ध पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज हुआ है। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि पीड़िता के पिता ने मामला दर्ज करवाया है कि बुधवार की रात करीब 8 बजे उसकी पुत्री को आरोपी बिलाल कुरेशी, अफजल कुरेशी, तालिब कुरेशी, इरफान व सिराज कुरेशी उठाकर ले गए और तीन घंटे बाद वापस छोड गए। उन्होंने बताया कि इस पर आरोपियों के विरूद्ध पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर लिया गया है। पीडिता का मेडिकल किया जाएगा।

# प्रथम बार एसी बस के मालपुरा पहुंचने पर यात्रियो का किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन की ओर से गुरूवार को मालपुरा में प्रथम बार केकड़ी से चलकर जयपुर जाने वाली एसी बस के यात्रियो का सम्मान किया गया। रोडवेज प्रशासन की ओर से केकड़ी से जयपुर के लिए प्रतिदिन दो बार यात्रियो की सुविधा के लिए वातानुकूलित बस सेवा उपलब्ध कराई है। गुरूवार को यह बस केकड़ी से चलने के बाद मालपुरा प्रथम बार पहुंची। रोडवेज बस स्टेण्ड पर एसी बस के सभी यात्रियो का रोटरी क्लब मालपुरा की ओर से मालाऐं पहना कर सम्मान कर मुंह भी मीठा करवाया। इस दौरान क्लब अध्यक्ष अमित विजय, पवन जैन संगम, विमल कठमाना,राजेश पारीक, अरविन्द काबरा सहित अन्य कई सदस्य मौजुद रहे। गौरतलब है कि रोडवेज बस प्रशासन की ओर से बुधवार को ही यह बस सेवा शुरू की गई है। इस दौरान रोडवेज प्रशासन के मालपुरा में कार्यरत अधिकारी कर्मचारी सहित एसी बस के चालक परिचालक मौजुद रहे।

**समय निर्धारित :** रोडवेज प्रशासन की ओर से इस बस की समय सारिणी जारी कर दी है। जारी समय सारिणी के अनूसार वातानूकुलित रोडवेज बस प्रतिदिन केकड़ी से प्रात: 6.15 बजे रवाना होकर 9.30 बजे जयपुर पहुंचेगी। यही बस जयपुर से 10.30 बजे रवाना होकर दोपहर 1.45 बजे केकड़ी पहुंचेगी। वहीं एक बार फिर यही बस केकड़ी से दोपहर 2.30 बजे रवाना होकर सायं 5.45 बजे जयपुर पहुंचेगी। तथा एक बार फिर यही बस रात्रि में जयपुर से 7 बजे रवाना होकर 10.15 बजे केकड़ी पहुंच जाएगी। केकड़ी मालपुरा जयपुर सड़क मार्ग पर रोडवेज प्रशासन की ओर चलाई यह प्रथम वातानूकूलित बस केकड़ी जयपुर के मध्य प्रतिदिन दो फेरे करेगी तथा यह बस पूरी तरह से नान स्टाप बस रहेगी। वहीं इस का मालपुरा में स्टाप रहने से मालपुरा के यात्रियो को भी एसी बस से आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

### बार काउंसिल ऑफ इंडिया की रोक

# बार काउंसिल ऑफ राजस्थान ने जारी की वकीलों की सूची एआईबीई परीक्षा- बार के 62 वकीलों की प्रैक्टिस पर खतरा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** गंगापुरसिटी में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के एक फैसले ने कई वकीलों की नींद उड़ा दी है। अब वकीलों को अपनी वकालात सुचारू रखने के लिए 'ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन' (एआईबीई) परीक्षा की कसौटी पर खरा उतरना पड़ेगा। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के इस फैसले का गंगापुरसिटी न्यायालय में प्रैक्टिस कर रहे 62 वकीलों पर असर पड़ेगा। बता दें कि स्थानीय बार में करीब 350 वकील पंजीकृत है।

**सूची में यह शामिल :** बार काउंसिल ऑफ राजस्थान ने स्थानीय बार को 62 वकीलों की सूची भेजी है। साथ ही सूची को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने को कहा गया है, जिसमें वकीलों के नाम, एनरोलमेंट नम्बर और एलएलबी पास करने के वर्ष का उल्लेख किया गया है। सूची में शामिल इन वकीलों को अब एआईबीई परीक्षा पास करनी होगी। इसके बाद ही वे अदालत में पैरवी कर सकेंगे।




**यह है फैसला :** जानकारी के अनुसार बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने 1 जुलाई 2010 के बाद एलएलबी करने वाले और वकील के रूप में पंजीकरण के दो साल के भीतर एआईबीई परीक्षा पास नहीं करने वाले अधिवक्ताओं की प्रैक्टिस पर रोक लगा दी है। अब ये वकील राजस्थान की किसी भी अदालत में पैरवी नहीं कर सकते है।

**कई वकील 10-15 साल से कर रहे प्रैक्टिस :** बार काउंसिल के इस फैसले की चपेट में एक दर्जन से अधिक ऐसे वकील आ गए है, जो कि 10-15 साल से प्रैक्टिस कर रहे है। साथ ही बार कार्यकारिणी चुनाव में भी बढ़चढ़ भाग लेते रहे है।

**इनका कहना है :** बार काउंसिल ऑफ राजस्थान से एआईबीई परीक्षा पास नहीं करने वाले 62 वकीलों की सूची भेजी गई है। बार काउंसिल के निर्देशानुसार यदि वकील दो साल में एआईबीई परीक्षा पास नहीं करते है, तो उनका पंजीकरण रद् माना जाएगा। हालांकि वकील के रूप में नए रजिस्ट्रेशन कराने वाले किसी सीनियर वकील के सानिध्य में दो साल तक काम कर सकेंगे।

**दिनेश चंद शर्मा**
**अध्यक्ष, बार एसोसिएशन गंगापुरसिटी**

## बिना अनुज्ञा और मंडी शुल्क जमा नहीं करवाने के 27 मामलों में 3 लाख 64 हजार वसूले

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा )।** कृषि उपज मंडी सवाई माधोपुर द्वारा इन दिनों बिना लाइसेंस और मंडी शुल्क जमा नहीं कराने वाले व्यापारियों पर सख्ती की जा रही है। उपज मंडी के अधिकारियों ने जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक 27 मामले पकड़े है जिसमें व्यापारी बिना लाइसेंस के गेंहू, चना और सरसो सहित अनाज खरीद कर उनका स्टॉक कर रहे है। साथ ही ऐसे आड़तियां जिनके द्वारा मंडी में जिंस की खरीद करने के बाद मंडी शुल्क जमा नहीं करवाया जा रहा है। कृषि उपज मंडी द्वारा 3 लाख 61 हजार रुपए की वसूली की है। कृषि उपज मंडी सचिव दिलीप मीना ने बताया कि जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक 1 लाख 42 हजार 100 रुपए मंडी शुल्क जमा नहीं करवाने पर वसूली की गई। साथ ही 2 लाख 18 हजार 999 रुपए उन व्यापारियों से पेनल्टी सहित वसूले गए है जिनके द्वारा जिंस खरीद का लाइसेंस नहीं था। फिर भी जिंस खरीद रहे थे। मंडी सचिव ने बताया कि बुधवार को कई वाहनों की जांचे भी की गई।

## तीन बदमाशों ने पुलिस टीम पर किया हमला, पुलिस ने पीछा कर एक बदमाश को दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा( मुकेश शर्मा )।** तिजारा थाना अंतर्गत बुधवार की शाम को तीन बदमाशों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया, पुलिस ने पीछा कर एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है वहीं पुलिस अब अन्य बदमाशों की तलाश कर रही है। तिजारा थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि मुखबिर से खबर मिली कि हसनपुर माफी में तीन बदमाशों की मौजूदगी है। पुलिस की टीम गांव के मदरसे के पास पहुंचे तो वहां पर एक क्रेटा कार खड़ी मिली। पुलिस को देखते ही कार चालक ने वाहन तिजारा की तरफ भगा दिया। एस एच ओ ने कार रोकने का इशारा किया इस पर बदमाशों ने उन पर ही कार चढ़ाने का प्रयास किया, एस एच ओ ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई।




कार में चालक के अलावा अरशद उर्फ लंगड़ा और अजीम उर्फ अज्जी सवार थे। पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया, इस दौरान बदमाश कार को तिजारा बाईपास की तरफ ले गए। इस दौरान थाने की गाड़ी को टक्कर लगने से पुलिस की जीत भी क्षतिग्रस्त हो गई, तथा इस दौरान क्रेटा गाड़ी के चालक को एस एच ओ और पुलिस जाब्ता ने घेरा देकर मौके पर ही पकड़ लिया। बदमाश ने अपना नाम राहुल उम्र 30 वर्ष निवासी मिर्जापुर किशनगढ़ बास होना बताया तथा क्रेटा गाड़ी को अजीम उर्फ अज्जी मेव निवासी बाघोर की होना बताया। पुलिस पूछताछ में राहुल ने बताया की अजीम उर्फ अजी तथा अरशद उर्फ लंगड़ा मैं उसे कहा था की वे दोनों कई मुकदमों में थाने से फरार चल रहे हैं तथा चाहे पुलिस को जान से ही क्यों ना मारना पड़े, गाड़ी नहीं रोकनी है। पुलिस पूछताछ में राहुल ने बताया कि स्विफ्ट कर मस्तक में निवासी पालपुर की है जिसको मुस्ताक ही चल रहा है मुस्ताक को अरशद उर्फ लंगड़ा ने गाड़ी भागते समय फोन करके बुलाया था। पुलिस बदमाशों का पीछा करती हुई ग्राम पालपुर पहुंची तथा एक स्विफ्ट कार अलापुर से रूपवास की घाटी में खड़ी होने की सूचना मिली, रात करीब 11:00 बजे पुलिस वहां पर पहुंची तो एक स्विफ्ट कार घाटी में खड़ी हुई मिली। कर को जप्त कर पुलिस थाने लेकर आई है तथा पुलिस फरार तीनों आरोपियों की तलाश सरगर्मी से कर रही है।

## ये हैं शहर को खूबसूरत बनाने वाले आर्टिस्ट दम्पत्ति

### अद्भुत पेंटिंग के माध्यम से दर्जनों शहरों का बढ़ाया है सौंदृय



बढ़ता राजस्थान







**अलवर ( रूपक शर्मा )।** राजस्थान के विभिन्न शहरों में लोगों को जागरूक करने और पैंटिग के माध्यम से विभिन्न संदेश देने वाले ये फाईन आर्टिस्ट दम्पत्ति हैं भूमिका रघुवंशी और उनके जीवन साथी अंकित रघुवंशी। जी हां इंदौर के रहने वाले इस दम्पत्ति ने राजस्थान सहित अन्य स्टेट में अपनी कला के जलवे बिखेरे हैं।

भूमिका रघुवंशी व अंकित रघुवंशी ने अपने हाथों से कड़ी मेहतन करके अलवर शहर के सौंदृय में भी चार चाँद लगाए हैं। इन्होंने फइन आर्ट में मास्टर्स किया है। इंदौर जैसे शहर की खूबसूरती का जलवा सभी शहरों तक पहुँचे इसका प्रयास लगातार जारी है।

दैनिक बढ़ता राजस्थान से एक मुलाकात में भूमिका ने बताया कि इस कला से जुड़े हुए मुझे 6 साल साल हो गए है और मेरे हसबैंड को 15 साल हो गए है। हमने एमपी में इंदौर, देवास, महू, पिथमपुर, भोपाल, जावरा में शहर की दीवारों को आर्ट के माध्यम से रंगीन बनाकर लोगों के लिए खास आर्क षण बनाया है। राजस्थान में जयपुर के जगतपुरा और विद्याधर नगर में काम किया है और सांभर लेक और अलवर में किया है। पेंटिंग की प्रदर्शनी तो कई शहरों में लगा चुके हैं। भूमिका व उनके पति आर्टिस्ट अंकित को तब बहुत प्रसन्नता होती है जब इनके बनाए चित्रों को कोई निहारता है या उसमें खो जाता है।

## देश के नामी चिकित्सक और टीम करेगी नि:शुल्क चिकित्सा,मौके पर ही होगी निशुल्क जांच

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से मेदांता गुरुग्राम के सहयोग से 6 अप्रेल रविवार को रिवाज रिसोर्टस मंगल परिणय में सुबह 10 बजे से ह्रदय व श्वास रोग चिकित्सा निदान शिविर आयोजित किया जाएगा। डा. नरेश त्रेहान की चिकित्सकों की टीम चिकित्सा परामर्श करेगी। मेदांता समूह की ओर से राजीव शुकला ने बताया कि शिविर में ह्रदय व श्वास रोग के इलाज के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों और उनकी सहायक टीम आ रही है जो मौके पर ही कई जांच करेंगी। शिविर में कार्डियोलोजी टेस्टए मेडिसन टेस्टए ईसीजी,रक्तचाप, बलड शूगर, पीएफ्टी, बीएमडी और चेस्ट एक्स-रे निशुल्क होगा। मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा जिसमें मौके पर ही पंजीयन किया जाएगा। शिविर की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में संरक्षक दौलत राम हजरती, मंजू चौधरी अग्रवाल, डा. आशुतोष शर्मा, सौरभ कालरा, सोनिका अरोड़ा, प्रवीन बत्रा, ललित बेनीवाल, गुरप्रीत सिंह पवित्र, अजय आनंद गोयल व निष्ठा नारंग आदि ने विचार व्यकत किए। इस शिविर में डा.गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट, खानचंद चिमनी बाई हजरती ट्रस्ट, पुरुषार्थी धर्मशाला विवेकानंद चौक और अभिकृति की युवा टीम सहयोग करेगी।

### लॉजिस्टिक्स हब बनने की ओर अग्रसर राजस्थान

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान दिवस सात दिवसीय महोत्सव के दौरान जारी की राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी-2025

## नीति में आकर्षक छूटों और रियायतों के प्रावधान शामिल

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा।** राजस्थान को वर्ष 2030 तक 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और निवेश अनुकूल औद्योगिक वातावरण सुनिश्चित करने के क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी-2025 जारी की है। यह नीति राज्य में औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देने और कनेक्टिविटी में वृद्धि करते हुए लॉजिस्टिक्स लागत में कमी लाएगी और राजस्थान को लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करेगी।

राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है। राज्य की भौगोलिक स्थिति इस प्रकार की है कि यहां लगने वाले उद्योग लॉजिस्टिक्स एवं परिचालन लागत को कम रखते हुए निर्यात के साथ-साथ स्थानीय मांग को भी बखूबी पूरा कर सकते हैं। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात के साथ सीमा साझा करते हुए, हमारा राज्य देश के लगभग 40 प्रतिशत बाजार तक पहुंच रखता है। यह भारत के उत्तरी और पश्चिमी भागों के बीच प्रमुख बुनियादी ढांचे की सुविधा के रूप में उद्योगों को कच्चे माल तथा तैयार उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में पूरी तरह से सक्षम है। देश के राष्ट्रीय राजमार्गों का तीसरा सबसे बड़ा नेटवर्क और दूसरा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क राजस्थान में ही है। इसके अलावा 9 इनलैंड कंटेनर डिपो, 7 एयरपोर्ट और एक एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स हमें लॉजिस्टिक्स और व्यापार के क्षेत्र में मजबूत स्थिति प्रदान कर रहे हैं। राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी-2025 राजस्थान की भौगोलिक स्थिति का लाभ लेते हुए औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देगी और लॉजिस्टिक्स लागत में कमी लाते हुए उद्योगों को भी आगे बढ़ने के भरपूर अवसर प्रदान करेगी।

### लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित करने पर मिलेंगी विशेष रियायतें

प्रदेश में लॉजिस्टिक्स पार्क का विकास करने वाले निवेशकों को भी विशेष रियायतें दी गई हैं। निजी मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क और एकीकृत लॉजिस्टिक्स पार्क डेवलपर्स को 7 वर्षों तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान मिलेगा, जिसकी वार्षिक सीमा 50 लाख रुपए होगी। कर एवं शुल्कों में विभिन्न रियायतें भी दी जाएंगी, जिसमें स्टाम्प ड्यूटी पर 75 प्रतिशत छूट और 25 प्रतिशत पुनर्भरण, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी पर 7 वर्षों तक 100 प्रतिशत छूट, कन्वर्जन ऑफ लैंड चार्जेज पर 75 प्रतिशत छूट और 25 प्रतिशत पुनर्भरण तथा मंडी फीस पर 7 वर्षों तक 100 प्रतिशत छूट शामिल हैं।



### ईएफसीआई की 25% तक कैपिटल सब्सिडी होगी दस वर्षों तक देय

**मुख्यमंत्री शर्मा द्वारा जारी राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी-2025 में राजस्थान को लॉजिस्टिक्स के लिए पसंदीदा गंतव्य स्थल बनाने के लिए कई आकर्षक प्रावधान किए गए हैं। इनमें कई तरह की विशेष छूट और अनुदान शामिल हैं। वेयरहाउस, साइलो, कोल्ड स्टोरेज, इनलैण्ड कन्टेनर डिपो, कन्टेनर फ्रेट स्टेशन, एयर फ्रेट स्टेशन, कार्गो टर्मिनल, ट्रकर पार्क इत्यादि के लिए 5 से 50 करोड़ रुपए तक इलिजिबल फिक्स्ड कैपिटल इन्वेस्टमेंट ( ईएफसीआई ) की 25 प्रतिशत तक कैपिटल सब्सिडी दस वर्षों तक देने का प्रावधान किया गया है।**

## प्रदेश सरकार पर नेता प्रतिपक्ष जूली का बड़ा हमला बोले राइजिंग राजस्थान को बना दिया लाइजिंग राजस्थान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने श्राइजिंग राजस्थानश् पर गंभीर सवाल उठाते हुए प्रदेश सरकार पर बड़ा हमला किया। जूली ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि जैसे ही उन्होंने इस योजना पर सवाल उठाएए भाजपा के मंत्री, विधायक और पूर्व मंत्री सरकार के बचाव में उतर आए।

उन्होंने कहा कि सबकी भाषा एक जैसी है, जिससे स्पष्ट होता है कि मुख्यमंत्री कार्यालय ने ही जनता को गुमराह करने के निर्देश दिए हुए हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ पर तंज कसते हुए जूली बोले आप तो स्वयं नेता प्रतिपक्ष रहे हैंए मुझे विश्वास था कि आप इस पद की जिम्मेदारियों से भली.भांति परिचित होंगे लेकिन अब प्रतीत होता है कि आप भी सरकार और इनके मंत्रियों के साथ जनता को गुमराह करने में लगे हुए है तभी राइजिंग राजस्थान,को लाइजिंग राजस्थान बना दिया।

जूली ने कहा कि सरकार ने 35 लाख करोड़ रुपए से अधिक के एमओयू का दावा किया है लेकिन जब उन्होंने सदन में इन निवेशकों की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की तो प्रदेश के मुखिया कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। उन्होंने कहा कि कोई बात नहीं कम से कम ट्वीट करके ही जनता को 35 लाख करोड़ के आंकड़े उपलब्ध करवा दीजिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। जूली ने सरकार पर लगाया फर्जी एमओयू का आरोप:-जूली ने आरोप लगाया कि कई एमओयू केवल जमीन हथियाने के लिए किए गए हैं।



उन्होंने कहा कि कई कंपनियां सिर्फ कागजों में हैं लेकिन हजारों करोड़ रुपए के एमओयू किए गए यही वजह है कि मुख्यमंत्री को कहना पड़ा कि निवेशक फोन नहीं उठा रहे हैं।उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान को लेकर रोज खबरें आ रही हैं कि न तो कोई जमीन आवंटित हो रही है और न ही निवेशक इसमें दिलचस्पी दिखा रहे हैं। जूली ने भाजपा सरकार के 15 महीनों में राज्य की जीएसडीपी में 30.78 प्रतिशत की वृद्धि के दावे को भी झूठ का पुलिंदा करार दिया है।

### जूली बोले सरकार ने छलावे के सिवाय धरातल पर कुछ काम नहीं किया

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार के 15 महीने के कार्यकाल में छलावे के सिवाय कोई ठोस कार्य नहीं हुआ।उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की प्राथमिकता जनता नहीं बल्कि उद्योगपति मित्रों की जेबें भरना है।जूली ने कहा कि इस सरकार की उपलब्धि तो मिट्टी से बन रही सड़कें, स्कूल के विद्यार्थियों के मुंह से छिनता निवाला,खेल सामग्री में घोटाले, अवैध बजरी खनन, भूमाफ़िया राज, बदहाल कानून व्यवस्था और बेलगाम अफसरशाही है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसान कल्याण हेतु प्रतिबद्धता कर रही है कार्य

### बजट घोषणाओं से किसान बनेगा स्वावलंबी और कृषि क्षेत्र में नवाचारों को मिलेगा बढ़ावा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में सरकार किसानों की आय बढ़ाकर उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि के अंतर्गत प्रदेश में दी जा रही 8 हजार रुपए की राशि को बढ़ाकर 9 हजार रुपए प्रति वर्ष करने की घोषणा की गई है। किसानों को गेहूं के एमएसपी पर दिए जा रहे 125 रुपए प्रति क्विंटल के बोनस के स्थान पर अब 150 रुपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस दिया जाएगा। राज्य में कृषि एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभाता है। यहां की अधिकांश जनसंख्या कृषि कार्यों द्वारा ही अपनी आजीविका चलाती है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा कृषकों को राहत देने व उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गई है। कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई है। 900 करोड़ रूपये का अनुदान देकर 25 हजार फार्म पौण्ड, 10 हजार डिग्गी, 50 हजार सौर पम्प संयंत्र तथा 20 हजार किमी सिंचाई पाइपलाइन द्वारा 4 लाख से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जायेगा। 1 लाख हैक्टेयर क्षेत्र से अधिक में माइक्रोइरिगेशन तथा 3 लाख 50 हजार हैक्टेयर में ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिस्टम लगाने के लिए 1 हजार 250 करोड़ रूपये का अनुदान दिया जाएगा। 324 करोड़ रूपये का व्यय कर 75 हजार किसानों को 30 हजार किमी लम्बाई में तारबन्दी पर अनुदान दिया जायेगा। राजस्थान कृषि विकास योजना अन्तर्गत 1 हजार 350 करोड़ रूपये से कृषि में नई तकनीकों कृषि आदान, जैविक खेती एवं क्षमता विकास के कार्य करवाए जायेंगे। कृषकों को 180 करोड़ रूपये की लागत से 35 लाख बीज मिनिकिट नि:शुल्क वितरित किये जायेंगे । मुख्यमंत्री बीज स्वावलम्बन योजना के अन्तर्गत 5 लाख 44 हजार कृषकों को उच्च गुणवता युक्त बीज उत्पादन हेतु 63 करोड़ रूपये के 1 लाख 13 हजार क्विंटल बीज दिये जायेंगे। मृदा शक्ति संर्वधन योजना के अन्तर्गत किसानों को हरी खाद के लिए 3 लाख ढैंचा बीज मिनिकिट एवं 50 हजार किसानों को गोर्वधन जैविक उर्वरक योजना के अन्तर्गत लाभान्वित किया जायेगा। 210 करोड़ रूपये का व्यय कर 1 हजार कस्टम हायरिंग सेन्टरों की स्थापना की जायेगी। इसके साथ ही आधुनिक तकनीकी आधारित कृषि उपकरणों, ट्रैक्टर चलित यंत्र उपलब्ध कराने हेतु 350 करोड़ रूपये का अनुदान देकर 1 लाख किसानों को लाभान्वित किया जायेगा।

## रात्रि चौपलों से लोगों में बढ़ेगी विकास की जागरूकता-शर्मा ग्राम पंचायत खरखड़ी में रात्रि चौपाल का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के नारायणपुर उपखण्ड क्षेत्र के लोगों ने रात्रि चौपाल में ग्रामीणों को नेशनल हाईवे 248 ए नारायणपुर से निकलवाने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर बोलते हुए सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि नेशनल हाइवे निकलने से क्षेत्र के लोगों का कितना विकास होगा आप कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि आप अधिक से अधिक भारत सरकार के नाम पोस्टकार्ड लिखें आज नहीं तो कल हल जरूर निकलेगा।

शर्मा के आह्वान पर ग्रामवासियों ने बढ़ चढ़कर चौपाल में हाइवे को लेकर सहयोग किया और पोस्टकार्ड पर हस्ताक्षर किए। पोस्टकार्ड एवं हस्ताक्षर अभियान में 2000 पोस्टकार्ड भेजने का लक्ष्य रखा गया था जिसमें अभी तक 2520 पोस्टकार्ड भेजे जा चुके हैं। मोनू शर्मा ने पोस्टकार्ड अभियान में लगे वॉलेंटियर्स को लक्ष्य से ऊपर कार्य करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया है।इस मौके पर खरखड़ी सरपंच भागीरथ सैनी, सुनील कुमार शर्मा, अशोक सोनी, रामौतार गुर्जर,हवासिंह चौधरी, पिंटूसिंह, किरोड़ी सैनी, हनुमान मीणा, रामसिंह गुर्जर, मुकेश सैन, केसरपलसिंह शेखावत, शंकर स्वामी बलबीर सैन, मोहित यादव सहित आदि लोग मौजूद थे।



### विशेष योग्यजन के लिए इलैक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर क्रय के लिए सहायता योजना, 20 अप्रैल तक करें आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा( नि.स. )।** राज्य सरकार द्वारा विशेष योग्यजन को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से इलैक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर क्रय हेतु सहायता योजना चलाई जा रही है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक रमेश दहमीवाल ने बताया कि मांसपेशीय दुर्विकार से ग्रसित 40 से 79 प्रतिशत दिव्यांगता वाले पीला प्रमाण-पत्र धारक अथवा 80 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले नीला प्रमाण-पत्र धारक विशेष योग्यजन इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।आवेदन करने के लिए पात्र विशेष योग्यजन को 20 अप्रैल 2025 तक ऑफलाइन आवेदन जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी, खैरथल तिजारा के कार्यालय में जमा करना होगा। आवेदन हेतु पेंशन पीपीओ, आय प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड व जनाधार कार्ड, राशन कार्ड, मूल-निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, फोटो, जन्मतिथि प्रमाण-पत्र होने आवश्यक है।

## सेवादारो द्वारा किया करणी माता मंदिर पर श्रमदान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** श्री बाला किला करणी माता व्यवस्था समिति ,अलवर की ओर से समिति के सेवादारों द्वारा प्रमोद शर्मा स्काउटिंग वालों के निर्देशन में करणी माता की तरफ जाने वाली सीडीओ के बगल में जो रैंप बना हुआ है वहां पर श्रमदान किया और रैंप को क्लीन कर चलने लायक बना दिया। आज भी इस रैंप पर कार्य श्रमदान कार्यक्रम आयोजित होगा। जिससे की श्रद्धालुओं को भारी भीड़ के समय इस रैंप के माध्यम से चढ़ाया जाएगा और सीडीओ से उतारा जाएगा। समिति के अध्यक्ष रामबाबू शर्मा, मेला कमेटी के संयोजक राजेश जोशी, सहसंयोजक नरेश चौधरी ,सुनील जायसवाल ,सुरेश धारवाल, पंडित कमलनयन शर्मा ,अशोक खेमानी, ओम प्रकाश सेन ,राम लखन मीणा सहित अन्य सेवादारों ने भी अपना सहयोग प्रदान किया। समिति के संयोजक राजेश जोशी ने बताया कि इस कार्य में स्काउट गाइड के स्वयंसेवक को भी साथ लाकर यहां श्रमदान कराया जाएगा। और इस रैंप को श्रद्धालुओं के लिए ऊपर चढ़ने के लिए तैयार पूरी तरह से तैयार किया जाएगा।

# माता स्वरूप माताएँ चाहे पत्थर में हो माँ होती हैं-शेखावत

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित मानसी मार्केट में बंगाली डॉ के घर स्थित काली माता मंदिर से सामूहिक रूप से महिलाओं ने निकाली ध्वजयात्रा ँनगर पालिका क्षेत्र स्थित बसई में कालका माता मंदिर पर ध्वज फहराने के लिए महिलाओं ने निकाली ध्वजयात्रा!

कार्यक्रम के मुख्यअतिथि अतिथि बानसूर के सिंह विधायक देवी सिंह शेखावत भी ध्वज लेकर पहुँचे उनके साथ दलितों से नफरत करने वाले मानद डिग्री से अभिभूत फर्जी डॉ भी पहुँचे। विधायक देवी सिंह शेखावत इस मौके पर मातृशक्ति को सम्बोधित करते हुए कहा कि माता स्वरूप माताएँ चाहे पत्थर में हो माताएँ ही रहती हैं। माता कभी भी अपनी औलाद का दिल कभी नहीं दुखाती!माँ तो एक संजीवनी है जो खुद का जीवन संकट में डालकर औलाद को दुनिया दिखाती है। रही माँ शेरावाली की तो वे तो स्वयं ही जगत जननी हैं, उनके दरबार से कोई खाली हाथ नहीं लौटता!शेखावत ने कहा कि यदि मातृशक्ति नहीं होती तो संसार के समस्त प्राणी कहाँ से आते। भारत के लोगों को चाहिए कि वे मातृशक्ति का सम्मान करें।

इस मौके पर बोलते हुए मातृशक्ति हेमलता सिसोदिया ने कहा कि माता रानी के दरबार से कोई खाली हाथ नहीं लौटता। जिन्होंने मातृशक्ति को अपनी भक्ति माना है वे लोग विश्व के ऊँचे दर्जे के लोग हुए हैं।काली माता मंदिर में विधायक देवी सिंह शेखावत ने ध्वज पूजन किया और विधानसभा क्षेत्र में खुशहाली का आशीर्वाद माँगा।वहीं मौजूद बानसूर नगर पालिका की पूर्व चेयरमैन

### मानशी मार्किट से माता के दरबार तक निकली ध्वजयात्रा

नीता सज्जन मिश्रा ने कहा कि बानसूर के किसी पहले विधायक ने मातृशक्ति को सम्मान दिया है जो माता जी के दरबार में ध्वज लेकर पहुँचे हैं।

माता कालका इन पर बेसुम्मार आशीर्वाद बनाए रखे। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने बानसूर के लोगों को जमकर लूटा है वे आज विधायक बनने का सपना देख रहे हैं उनकी बुरी हालत होने वाली है। इस मौके पर एडवोकेट नरेन्द्र चौधरी, योगेश सोनी, कुमकुम



शर्मा,हेमलता सिसोदिया,प्रमोद सिसोदिया,राखी गुप्ता, कुमकुम शर्मा, राधा शर्मा, अनुराधा पांचाल, ममता महेश्वरी, कविता चौहान, रेखा सिंघल, सुमन राठौड़, मीनू राठौड़, रेखा शेखावत, प्रियंका सिंहल, बबिता, अंजना सिंहल,अंजू गोयल, रानी राय सहित काफ़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

## निष्कासन श्रेणी में आने वाले राशन उपभोक्ता 30 अप्रेल तक अपने नाम हटवाएं

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत गिव-अप अभियान के अंतर्गत निष्कासन श्रेणी में आने वाले परिवार राशन का गेहूं प्राप्त करने के हकदार नहीं है। अपात्र परिवारों, लाभार्थी राशन की दुकान पर उपलब्ध स्व:घोषणा प्रार्थना पत्र भरकर राशन की दुकान पर जमा करवाकर 30 अप्रेल तक खाद्य सुरक्षा से अपना नाम हटवा कर भविष्य में होने वाली दण्डात्मक कार्यवाही से सुरक्षित रह सकते हैं। जिला रसद अधिकारी कुशाल बिलाला ने बताया कि अभियान के दौरान अब तक जिले में 22 हजार 28 व्यक्तियों के राशन कार्ड खाद्य सुरक्षा सूची से हटाए जा चुके हैं। विभाग के अनुसार, कानून में स्पष्ट प्रावधान है कि आर्थिक रूप से सक्षम लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा का लाभ नहीं दिया जाना चाहिए। अपात्र पाए जाने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा सकती है। इससे पहले, कुछ सरकारी कर्मचारियों ने अपात्र होने के बावजूद गेहूं का अनुचित लाभ लिया था, जिनसे 27 रुपअ प्रति किलोग्राम की दर से वसूली की गई थी। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन प्रक्रिया के लिए खाद्य विभाग की वेबसाइट पर 'गिव-अप' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा योजना से स्वयं हटने के लिए विकल्प पर क्लिक करना होगा। इसके बाद जिला चुनने और 12 अंकों के राशन कार्ड नम्बर भरने पर परिवार का पूरा विवरण दिखाई देगा। आधार नम्बर से लिंक मोबाइल पर ओटीपी के सत्यापन के बाद आवेदन पूरा हो जाता है। अभी तक गिव अप अभियान में 2 हजार 170 परिवारों के राशन कार्ड खाद्य सुरक्षा सूची से हटाए जा चुके हैं।

## मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के लिए 12 अप्रेल तक होंगे ऑनलाइन आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजनान्तर्गत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए वर्ष 2024-25 के लिए इच्छुक अभ्यर्थी के द्वारा ऑनलाइन आवेदन एसएसओ पोर्टल द्वारा एसजेएमएस एसएमएस एप पर जाकर 12 अप्रेल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया ने बताया कि अभ्यर्थियों के सभी दस्तावेज जनाधार, राज ई वोल्ट, डीजी लॉकर से ऑनलाइन ही लिए जाएंगे। इनमें मूल निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, आय का विवरण, कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अंक तालिकाएं आदि शामिल रहेंगी। उक्त दस्तावेजों में से 10वीं एवं 12वीं की अंकतालिका का स्वत: सत्यापन नहीं होने की स्थिति में दस्तावेजों को मूल रंगीन स्केन कर पोर्टल पर यथास्थान अपलोड करना होगा। इच्छुक अभ्यर्थी 12 अप्रेल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

## अखिल भारतीय अग्रवाल सेवा उत्थान समिति की गणगौर प्रतियोगिता आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** अखिल भारतीय अग्रवाल सेवा उत्थान समिति कोटा संभाग के तत्वावधान में महिला मंडल द्वारा गणगौर महोत्सव प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें महिलाओं ने पूजा करते हुए सोलह श्रृंगार कर प्रतियोगिता में भाग लिया। महिला अध्यक्ष कमला मित्तल, महामंत्री रूपा अग्रवाल ने बताया कि सम्भागीय अध्यक्ष किरण अग्रवाल, महामंत्री किरण गोयल, राजकुमारी जैन ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंकिता जैन व दूसरा स्थान भारती जैन ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को सम्मान प्रमाण पत्र एवं दुपट्टा और माला पहनाकर सम्मान किया गया।

# रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र के सरकारी स्कूलों के लिए 14.19 करोड़ रुपए स्वीकृत

## शिक्षा मंत्री ने किया सम्पर्क स्मार्ट स्कूल प्रोग्राम का उद्घाटन, सरकारी स्कूलों में लगेंगे स्मार्ट टीवी

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने गुरुवार को रामगंजमंडी के आलोद में आयोजित समस्या समाधान शिविर को सम्बोधित करते हुए कहा कि रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में विभिन्न निर्माण कार्य और मरम्मत के लिए शिक्षा विभाग ने समसा (समग्र शिक्षा अभियान) से 14 करोड़ 19 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। शिक्षा मंत्री ने बताया कि रामगंजमंडी विधानसभा के 57 स्कूलों में इस राशि से कार्य कराए जाएंगे। इसमें राजकीय प्रवेशिका संस्कृत स्कूल मोड़क गांव के लिए 71.42 लाख रुपए, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल डोलिया के लिए 28.93 लाख रुपए, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बसिया खेड़ी के लिए 11.46 लाख रुपए, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रथ ककरा के लिए 22.86 लाख रुपए, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लखारिया के लिए 51.5 लाख रुपए, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय निमोदा के लिए 11.46 लाख रुपए, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कन्नी के लिए 22.86 लाख रुपए, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दोहनियां के लिए 41.31 लाख रुपए, राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरिओम नगर के लिए 22.86 लाख रुपए, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मनोहरपुर के लिए 11.46 लाख रुपए, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भोलू के लिए 11.46 लाख रुपए, राजकीय प्राथमिक विद्यालय उमेदपुरा के लिए 11.46 लाख रुपए, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रोजड़ी के लिए 11.46 लाख रुपए, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुकेत के लिए 41.46 लाख रुपए, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोरिना के लिए 25.46 लाख रुपए, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय असकली के लिए 22.86 लाख रुपए, राजकीय प्राथमिक विद्यालय अजय आहूजा नगर के लिए 22.86 लाख रुपए, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जमुनिया के लिए 54.58 लाख रुपए, राजकीय प्राथमिक विद्यालय सेमल खेड़ी के लिए 11.46 लाख रुपए, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कूकड़ा खुर्द के लिए 32.44 लाख रुपए, राजकीय माध्यमिक विद्यालय कंवरपुरा के लिए 59.48 लाख रुपए, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोयन्दा के लिए 41.88 लाख रुपए, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सातल खेड़ी के लिए 29.88 लाख रुपए, सहित अन्य विद्यालयों को मिलाकर कुल 57 सरकारी स्कूलों के लिए यह राशि स्वीकृत की गई है।

**सम्पर्क स्मार्ट क्लास स्कूल प्रोग्राम का उद्घाटन :** आलोद में जनसुनवाई के लिए पहुंचे शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, आलोद में सम्पर्क फाउंडेशन द्वारा शुरू किए गए सम्पर्क स्मार्ट क्लास स्कूल प्रोग्राम का उद्घाटन किया। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शुरू किए गए सम्पर्क स्मार्ट क्लास स्कूल प्रोग्राम के तहत फाउंडेशन द्वारा रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र के 66 सरकारी स्कूलों को 43 इंच के स्मार्ट टीवी तथा 113 स्मार्ट डिवाइस उपलब्ध करवाए गए हैं।

सम्बंधित स्कूलों के शिक्षकों का भी इसके लिए प्रशिक्षित किया गया है। स्मार्ट क्लास स्कूल प्रोग्राम के तहत कक्षा 1 से 5 तथा कक्षा 6 से 8 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को एक हजार घंटे का प्रशिक्षण मॉडल पढ़ाया जाएगा। इसके लिए इंटरनेट की जरूरत नहीं होगी क्योंकि यह प्रोग्राम सॉफ्टवेयर आधारित है।

# क्षत्राणियों ने धूमधाम से मनाया गणगौर महोत्सव, दिव्या सिसोदिया बनीं गणगौर क्वीन

## संस्कृति और परम्पराओं से जुड़े रहने का संदेश, गणगौर महोत्सव में उमड़ी भीड़



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** राजपूत क्षत्राणियों की ओर से एक रिसोर्ट में गणगौर महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा राजस्थान महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष तरुणा सोलंकी छपावदा के नेतृत्व में यह आयोजन हुआ। महोत्सव में 300 से अधिक क्षत्राणियों ने भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।कार्यक्रम का संचालन अनिता गौड़ ने किया।

**गणगौर क्वीन बनीं दिव्या सिसोदिया :** गणगौर महोत्सव के सबसे प्रतिष्ठित मिस गणगौर प्रतियोगिता में दिव्या सिसोदिया ने जीत हासिल कर गणगौर क्वीन का ताज अपने नाम किया। अतिथियों ने उन्हें सम्मानित किया और भव्य ताज पहनाया। कार्यक्रम में करिश्मा हाड़ा (ब्रांड एम्बेसडर, यूपी ट्रांसपोर्ट, लखनऊ), भंवर शेखावत (राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, दिल्ली), मधु राठौड़ (राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, जयपुर), डॉ. रीना राणावत (बैंक डायरेक्टर एवं बीएड कॉलेज डायरेक्टर, बूंदी), भावना झाला (प्रधान, पंचायत समिति झालरापाटन, झालावाड़), संतोष कंवर (पार्षद, भीलवाड़ा), पूनम खंगारोत (राजपूत समाज सेविका, जयपुर), कीर्ति राठौड़ (सेलिब्रिटी ड्रेस डिजाइनर), डॉ. प्रीति राठौड़ (फिजिशियन, बूंदी) और उर्मिला सोलंकी (सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट) विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहीं।

**रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण :** तरुणा सोलंकी छपावदा ने बताया कि महोत्सव में ग्रुप डांस, छोटे बच्चों के नृत्य प्रदर्शन, घूमर, मिस गणगौर प्रतियोगिता जैसे भव्य आयोजन हुए। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।? इनमें बेस्ट पोशाक, बेस्ट मेंहदी, बेस्ट डांस और बेस्ट ज्वेलरी के लिए विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, सपना सोलंकी को बेस्ट पर्सनलिटी, बेस्ट डांस का पुरस्कार पूजा हाड़ा को, रणबीर हाड़ा एवं आशा कंवर को सरप्राइज ईसर और गणगौर के रूप में चुना गया।

## भारतीय किसान संघ के संभाग कार्यालय का लोकार्पण 28 को, पोस्टर का विमोचन किया



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** भारतीय किसान संघ के काला तलाव स्थित सम्भागीय कार्यालय का लोकार्पण 28 अप्रेल को दोपहर 2 बजे होगा। प्रान्त प्रचार प्रमुख आशीष मेहता ने बताया कि लोकार्पण समारोह में संत निरंजननाथ अवधूत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक राजेन्द्र द्विवेदी तथा भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी मौजूद रहेंगे। समारोह के आमंत्रण पत्र का गुरुवार को मानव विकास भवन में विमोचन किया गया। इस दौरान कोटा जिला की टोली बैठक भी जिलाध्यक्ष जगदीश कलमंडा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें प्रान्त प्रचार प्रमुख आशीष मेहता, जिला मंत्री रूपनारायण यादव, जिला कार्यालय मंत्री महावीर नागर, जिला कोषाध्यक्ष देवीशंकर गोचर, जिला जैविक प्रमुख राजेन्द्र भगवानपुरा, दीगोद तहसील अध्यक्ष बिरधीलाल यादव, सुल्तानपुर तहसील मंत्री पवन शर्मा, कोटा महानगर उपाध्यक्ष रामसहाय उपाध्याय आदि ने भाग लिया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की योजना, रचना पर विचार किया।

### बैठक में यह योजना भी बनाई

इस दौरान कालातलाव में होने वाले सम्भागीय कार्यालय के लोकार्पण, भीषण गर्मी को देखते हुए पशु पक्षियों को पानी की व्यवस्था करने, भूमि सुपोषण कार्यक्रम आदि की योजना बनाई गई। जिला मंत्री रूपनारायण यादव ने बताया कि भारतीय किसान संघ की स्थापना 4 मार्च 1979 को कोटा में किसान संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी जी ने पूरे देश से 600 कार्यकर्ताओं को एकत्रित कर कोटा के दशहरा मैदान में अधिवेशन के रूप में किसानों के क्षेत्र में गैर राजनीतिक संगठन भारतीय किसान संघ की स्थापना की। स्थापना काल से ही पूरे देश में वर्तमान में सम्पूर्ण देश में भारतीय किसान संघ का गठन हो चुका एवं तीव्र गति से किसान किसानों के संगठन के साथ किसानों की समस्याओं को लेकर शासन प्रशासन के सामने समस्याएं रख रहे हैं और समाधान करवा रहे हैं।

## हनुमान जयंती पर आरके पुरम में बालाजी का होगा स्वर्ण श्रृंगार, भक्तिभाव में डूबेंगे भक्त

### -सुंदरकांड, महाभिषेक व महाआरती का होगा आयोजन, पूर्व संध्या पर बालाजी के भक्त निकालेंगे शोभायात्रा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** बालाजी धाम मंदिर, आर के पुरम सेक्टर—ए में भगवान हनुमान जन्मोत्सव पूर्ण श्रद्धाभाव व हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि बालाजी धाम पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुंदरकांड, महाअभिषेक, स्वर्ण शृंगार व आरती का आयोजन हनुमान जयंती, 12 अप्रेल को किया जाएगा। वहीं,हनुमान जयंती की पूर्व संध्या 11 अप्रेल को विशाल शोभायात्रा का आयोजन होगा। संरक्षक एमएम कुर्मी ने बताया कि शोभायात्रा में झांकियां व बैंड बाजे आकर्षण का केन्द्र होंगे। इस अवसर पर आरके पुरम क्षेत्र में विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी और भव्य आतिशबाजी भी की जाएगी। महासचिव योगेश विजय ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव मनाने के लिए लोग आतुर रहते हैं।

मंदिर में सुबह से ही भारी भीड़ देखी जाती है। संरक्षक एमएम कुर्मी, शिवकुमार सोनी, ओपी शर्मा, विजय गोयल, रामकृष्ण खंडेलवाल, ईश्वर लाल सैनी, रामभक्त नाटाणी, गणेश जांगिड़, अनिल गुप्ता आदि आयोजन की व्यवस्थाओं को पूर्ण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मंदिर के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि 12 अप्रेल को बालाजी महाराज का स्वर्ण शृंगार किया जाएगा।



# शक्ति सिंह और दीपा यादव ने 24 आवर स्टेडियम रन में फहराया कोटा का परचम

### -बेंगलुरु की तपती धूप, 35 डिग्री सेल्सियस तापमान व उच्च आद्रता के बीच लगातार 24 घंटे की दौड़ पूरी की

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( राजीव सक्सेना )।** कोटा के दो साहसी धावकों ने बेंगलुरु में आयोजित 24 आवर स्टेडियम रन प्रतियोगिता में अपनी असाधारण दृढ़ता और साहस का परिचय देते हुए नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। 30-31 मार्च, 2025 को आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न हिस्सों से 51 शीर्ष धावकों ने हिस्सा लिया। इनमें 41 पुरुष और 10 महिला धावक शामिल रहीं। बेंगलुरु की तपती धूप, जहां तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, उच्च आद्रता और लागातर 24 घंटे लगातार दौड़ने की चुनौती के बावजूद, इन धावकों ने मानवीय क्षमता की सीमाओं को आगे बढ़ाते हुए प्रतियोगिता को पूरा किया और कोटा का परचम फहराया।

**शक्ति सिंह हाड़ा-अदम्य साहस का परिचय :** एक्स आर्मी मेन एवं अंतराष्ट्रीय धावक कोटा के चमकते सितारे, शक्ति सिंह हाड़ा ने भी अपनी अद्भुत क्षमता का प्रदर्शन करते हुए 24 घंटे में 183.2 किलोमीटर की दूरी तय की। इस शानदार प्रदर्शन के साथ, उन्होंने पुरुष धावकों में 7वां और समग्र प्रतियोगिता में 8वां स्थान हासिल किया।



शक्ति सिंह ने बताया, 24 घंटे लगातार दौड़ना शारीरिक से ज्यादा मानसिक चुनौती है, रात के घंटों में जब शरीर थकान से चूर हो जाता है, तब आपका मानसिक संकल्प ही आपको आगे बढ़ाता है। कोटा की पहली महिला अल्ट्रा-मेराथन धावक दीपा यादव ने 171.6 किलोमीटर की दूरी तय कर इतिहास रच दिया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ, दीपा ने महिला धावकों में चौथा स्थान और समग्र प्रतियोगिता में 13वां स्थान हासिल किया।

**प्रेरणा का स्रोत :** रनिंग कोच अजय सेठी ने कहा कि कोटा के इन धावकों की जीत संकल्प, दृढ़ता और अटूट विश्वास की कहानी है। नींद की कमी, शारीरिक थकान और प्रतिकूल मौसम के बावजूद, दीपा और शक्ति ने साबित किया कि सच्चा जुनून और समर्पण किसी भी चुनौती को पार कर सकता है। कोटा के ये दो धावक हमारे युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। सेठी ने बताया कि वर्ल्ड 24 आवर अल्ट्रामैराथन के इसी प्रतियोगिता के आधार पर भारतीय टीम का चयन किया जाता है।

**पूर्व में भी कोटा को किया है गौरवांवित :** ये धावक पूर्व में भी कोटा का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर चुके हैं। गौरतलब है? कि शक्ति सिंह ने ग्रीस में आयोजित स्पार्टथलॉन मैराथन में 246 किमी की दूरी 36 घंटे में पूरी की थी। 197 किमी दूरी की ताऊ देवीलाल स्टेडियम चंडीगढ़ 2024 में आयोजित टफमैन प्रतियोगिता में उन्होंने दूसरा स्थान प्राप्त किया था।

इसके अलावा वर्ष 2023 में बॉर्डर रेस में 161 किमी 18 घंटे 17 मिनट में जैसलमेर से लोंगेवाला बॉर्डर दौड़ में चौथा, टफ मैन रेस स्टेडियम रन (चंडीगढ़) 2023 में 204 किमी, बैकयार्ड अल्ट्रा वर्ल्ड चैंपियनशिप - गुरुग्राम (2022) में 134 किमी, बैकयार्ड अल्ट्रा रन जयपुर (2021) में 174 किमी, बेंगलुरु स्टेडियम रन (2021) में 100 किमी, चम्बल चैलेंज कोटा 2020 में 84 किमी की दूरी पूरी कर चुके हैं। दीपा यादव ने चंडीगढ़ टन मैन 24 में 100 किमी तथा कोटा चम्बल चैलेंज में 84 किमी की दौड़ पूरी की है, वही बीटीएस जून चेलेंज स्पर्धा 2019 में 1000 किमी दौड़ने का कीर्तिमान बनाया।

## जेईई मेन-अप्रेल 2025 के दूसरे दिन की परीक्षा में केमिस्ट्री व फिजिक्स मध्यम एवं मेथ्स लेंदी रही

### मोशन क्लासेज के फाउंडर एवं सीईओ नितिन विजय का विश्लेषण

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** जेईई मेन-अप्रेल 2025 की दूसरे दिन की परीक्षा में विद्यार्थियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह की पारी में केमिस्ट्री, फिजिक्स एवं मेथ्स का स्तर मध्यम रहा। मेथ्स का पेपर सुबह की पारी में लेंदी रहा। मोशन क्लासेज के फाउंडर एवं सीईओ नितिन विजय ने बताया कि सुबह की पारी में केमिस्ट्री का पेपर मध्यम रहा। इनऑर्गेनिक केमिस्ट्री से 24 प्रतिशत, फिजिकल केमिस्ट्री से 40 प्रतिशत एवं ऑर्गेनिक कैमेस्ट्री से 36 प्रतिशत प्रश्न पूछे गए। पेपर में सिंगल विकल्प प्रश्नों में स्टेटमेंट तथा मेचिंग लिस्ट के प्रश्न भी पूछे गए। फिजिकल केमिस्ट्री में केमिकल इक्वेलिब्रियम से दो प्रश्न, मोल कॉन्सेप्ट कंसन्ट्रेशन टर्म, एटोमिक स्ट्रक्चर, केमिकल काइनेटिक्स, थर्मोडाइनेमिक्स, थर्मोकेमिस्ट्री एवं इलेक्ट्रोकेमेस्ट्री से एक-एक प्रश्न पूछा गया। जबकि इनऑर्गेनिक केमेस्ट्री में अधिकतर टॉपिक्स से एक-एक प्रश्न पूछे गए। इसमें पीरियोडिक टेबल, कॉर्डिनेशन कम्पाउंड, सॉल्ट एलालिसिस, डी एंड पी ब्लॉक से एक-एक प्रश्न पूछा गया, जबकि ऑर्गेनिक केमिस्ट्री में ओजोनोलिसिस, ओइसोमेरिजम, एसिडिक स्ट्रेन्थ एंड बेसिक स्ट्रेन्थ, बॉयोमोलिक्यूल, आईओपीएससी नोमनक्लेचर से एक-एक एवं प्रेक्टिकल ऑर्गेनिक केमिस्ट्री से दो प्रश्न पूछे गए। नितिन विजय ने बताया कि फिजिक्स के पेपर में एलास्टिसिटी हीट एंड थर्मोडाइनेमिक्स एवं मॉडर्न फिजिक्स से तीन-तीन प्रश्न पूछे गए। इसी प्रकार काइनेमेटिक्स, ज्योमेट्रिकल ऑप्टिक्स, ग्रेविटेशन, करंट इलेक्ट्रिसिटी, मेग्नेटिक इफेक्ट ऑफ करंट एंड मेग्नेटिज्म से दो-दो प्रश्न पूछे गए। जबकि रोटेशनल डायनेमिक्स, वर्क पॉवर एनर्जी, फलंइड मेकेनिक्स, सिम्पल हारमोनिक मोशन इलेक्ट्रोस्टेट, केपेसिटेन्स, इलेक्ट्रो मेग्नेटिक वेव्ज एंड वेव्ज ऑप्टिक्स और एरर्स इन मेजरमेंट एंड इन्स्ट्रूमेंट व सेमीकंडक्टर से एक-एक प्रश्न पूछे गए। प्रेक्टिकल डाइनेमिक्स से 16 प्रतिशत, इलेक्ट्रोमेग्नेटिज्म से 24, एसएचएम वेव्ज से आठ, फलुइड्स से चार, हीट एंड थर्मो व मॉडर्न फिजिक्स से 12, ज्योमेट्रिकल ऑप्टिक्स से आठ एवं 16 प्रतिशत प्रश्न मिश्रित पूछे गए। सुबह की पारी में मैथ्स का पेपर मध्यम स्तरीय लेकिन लेंदी रहा। ऐसे में पेपर सॉल्व करने में समय लगा। एलजेब्रा से 36 प्रतिशत, वेक्टर थ्री डी से 12 प्रतिशत, को-ऑर्डिनेट्स से 16, केलकुलस से 24 प्रतिशत, ट्रिग्नोमेट्री से चार एवं आठ प्रतिशत प्रश्न मिश्रित पूछे गए।

# गेहूं की फसल निकालते समय थ्रेसर में फंसा किसान का हाथ

## सरमथुरा रोड़ पर पलटी केलादेवी से लौट रहे श्रद्धालुओं की पिकअप, मां-बेटे सहित आधा दर्जन घायल

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बसेड़ी के नवलू का पुरा में गेहूं की फसल को थ्रेसर में निकालने के दौरान घटना हुई है। जहां थ्रेसर मशीन में किसान का हाथ आने से वह पूरी तरह घायल हुआ है। घटना के बाद घायल किसान को बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल धौलपुर रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना शहर के सरमथुरा रोड पर चिलाचोंद टोल प्लाजा के पास हुई है। जहां कैलादेवी से दर्शन कर लौट रहे ग्वालियर निवासी श्रद्धालुओ की पिकअप ड्राइवर को नींद की झपकी आने के चलते पलट गई। दुर्घटना में जहां मां बेटे बुरी तरह घायल है। वही आधा दर्जन श्रद्धालुओं को मामूली चोटें आई है। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार बसेड़ी के नवलूपुरा गांव निवासी 22 वर्षीय किसान जयपाल पुत्र सत्यवीर सिंह ठाकुर अपने खेत में परिजनों के साथ गेहूं की फसल को थ्रेसर से निकालने का काम कर रहा था। इस दौरान आसपास के किसान भी मौके पर मौजूद थे। अचानक से जयपाल का हाथ थ्रेसर मशीन में चला गया लेकिन गनीमत यह रही कि पास खड़े लोगों ने तुरंत थ्रेसर मशीन को बंद कर दिया। जिससे बड़ा हादसा नहीं हुआ लेकिन जयपाल का एक हाथ बुरी तरह लहूलुहान हो गया। जिसे तुरंत बाड़ी सामान्य अस्पताल लाया गया। जहां से चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर होने पर धौलपुर जिला अस्पताल रेफर किया है। वहीं दूसरी घटना गुरुवार को दिन में सरमथुरा रोड पर चिलाचोंद टोल प्लाजा के पास हुई है। जहां ग्वालियर निवासी पिकअप सवार श्रद्धालु ड्राइवर को नींद की झपकी आने के चलते गाड़ी पलटने से घायल हो गए। घटना में राजवती पत्नी भगवान सिंह कुशवाह और मोनू पुत्र भगवान सिंह घायल हुए हैं। वही आधा दर्जन श्रद्धालुओं को चोटे आई है। जिनको हाईवे एंबुलेंस 1033 से बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है।

# घर में घुसकर 20 हजार रुपए और जेवरात चोरी: महिला ने रोकने का प्रयास किया तो चाकू से हमला कर फरार हुए बदमाश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर के निहालगंज थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ लूट की वारदात सामने आई है। घटना बुधवार देर रात करीब 1 बजे की है। खोसला विहार कॉलोनी निवासी पुष्पा देवी अपने घर में सो रही थीं। इसी दौरान दो अज्ञात बदमाश उनके घर में घुस आए। बदमाशों ने घर में रखा पुष्पा देवी का मोबाइल फोन, दो सोने की अंगूठी, एक जोड़ी चांदी की पायल और 20 हजार रुपए नकद चुरा लिए। जब बदमाश सामान के बक्से को उठा रहे थे, तब आवाज सुनकर पुष्पा देवी जाग गईं। पीड़िता ने जब बदमाशों को रोकने की कोशिश की तो उन्होंने चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में पुष्पा देवी के सिर के आगे की तरफ चोट आई। पीड़िता के चिल्लाने पर उनके पिता और बच्चे जाग गए। इसके बाद दोनों बदमाश छत से कूदकर फरार हो गए। पीड़िता ने निहालगंज थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हिमाचल की मंडी धर्मशाला में मिला नाबालिक का अपहरणकर्ता, काल डिटेल से पता लगा आरोपों का

बढ़ता राजस्थान

**बयाना /भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल ) ।** बयाना सदर थाना पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता को हिमाचल प्रदेश के मंडी धर्मशाला से बरामद किया है। आरोपी ओमप्रकाश जाटव (23) रुदावल थाना क्षेत्र के गांव महलपुर चूरा का निवासी है। वह एक होटल में काम कर रहा था। आरोपी की बहन की शादी पीड़िता के पड़ोस में हुई थी। इसी वजह से उसका पीड़िता के गांव में आना-जाना था। सदर थाना प्रभारी कृष्णवीर सिंह के अनुसार, 22 मार्च को दसवीं कक्षा की छात्रा का अपहरण हुआ था। पीड़िता के परिजनों ने ओमप्रकाश के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने कॉल डिटेल के आधार पर आरोपी का पता लगाया। एक टीम को हिमाचल भेजा गया। तीन दिन की तलाश के बाद आरोपी और पीड़िता को एक किराए के कमरे से पकड़ा गया। पुलिस आरोपी को बयाना ले आई। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया है। पीड़िता को नारी निकेतन भेज दिया गया है।

# श्री राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा 6 को

## पूर्व सांसद शतायु पंडित रामकिशन शोभा यात्रा को दिखायेगे हरि झंडी

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** प्राचीन कोटी वाले हनुमान मंदिर से प्रतिवर्ष की भांति आयोजित होने वाली श्री राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा का आयोजन मंदिर कमेटी की ओर से 6 अप्रैल 2025 रविवार को किया जाएगा दोपहर 12ः00 बजे महा आरती के उपरांत श्याम 4.00 बजे शोभायात्रा का आयोजन होगा जिसमें वयोवृद्ध सभी समुदायों को साथ लेकर चलने वाले पूर्व सांसद पंडित रामकिशन अतिथि के बतौर कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे एवं शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे।

### सर्व समाज की ओर से पंडित रामकिशन जी का होगा सम्मान

पंडित रामकिशन के 100 वें जन्म दिवस के उपलक्ष में सर्व समाज की ओर से कोठी मंदिर प्रांगण में सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा । पंडित रामकिशन मूल रूप से वेर विधानसभा क्षेत्र के ललिता मुड़िया गांव के निवासी हैं इन्हें विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं जिला प्रमुख बनाने में आमजन का पूर्ण सहयोग रहा है. इसके साथ ही भरतपुर संसदीय क्षेत्र से उस समय सांसद रहे हैं जिस समय अलवर जिले की लक्ष्मणगढ़ एवं कठूमर विधानसभा क्षेत्र भरतपुर संसदीय क्षेत्र में सम्मिलित हुआ करते थे।

# जल जीवन मिशन से बनी आकाशीय टंकी से पेयजल सप्लाई की मांग

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भुसावर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत चैटोली मुख्यालय पर जल जीवन मिशन से बनी हुई पानी की आकाशीय टंकी से पेयजल सप्लाई करने को लेकर ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को मांग पत्र सोपा है। पंचायत समिति सदस्य वार्ड नंबर 11 के सदस्य कृष्ण गोपाल सहित बबलू जंगलिया सैनी रूप सिंह चेतराम भंवर बलबीर मीणा बाबू रामवीर प्रभु दयाल मीणा मुंशी सहित अनेक ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त पत्र में बताया गया है कि वर्तमान में भूमि में जल का स्टार 300 फुट से नीचे पहुंच चुका है । आमजन को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। सभी हैंडपंप नकारा हो गए हैं जल जीवन मिशन के तहत आकाशीय टंकी बनी हुई है उससे जल्दी से जल्दी पर जल सप्लाई कराए जाने की व्यवस्था काराये।

# बयाना कल्याण फाउंडेशन लगाएगा वैर में पहला रक्तदान शिविर

## 20 अप्रैल को होगा आयोजन, शिविर की तैयारियों जोरों पर

बढ़ता राजस्थान

**बयाना /भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** रक्तदान महादान सामाजिक सरोकारों में अग्रणी संस्था श्री कल्याण फाउंडेशन बयाना के सफल रक्तदान शिविर के बाद अब वैर कस्बे में भी रक्तदान शिविर आयोजित करने जा रही है। इसके लिए वैर कस्बे के दाऊजी महाराज पंचायती मंदिर परिसर में कल्याण फाउंडेशन टीम ने सर्व समाज के लोगों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। फाउंडेशन के अध्यक्ष विनय अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में आगामी 20 अप्रैल को दाऊजी मंदिर परिसर के हॉल में शहर का पहला रक्तदान शिविर लगाए जाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए जल्द ही कमेटी गठित कर शिविर की जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। फाउंडेशन के सचिव रमन धाकड़



ने बताया कि शिविर में आरबीएम अस्पताल भरतपुर की ब्लड बैंक की टीम द्वारा रक्त संग्रहण का कार्य किया जाएगा। बैठक में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान सबसे पुनीत कार्य है जिसके जरिए हम रोती हुई मानवता के चेहरे पर मुस्कुराहट ला सकते हैं। रक्त की कमी से रोजाना कई लोग अपना अनमोल जीवन गंवा देते हैं। शिविर में रक्तदान करके ब्लड बैंक में रक्त कमी को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। ताकि जरूरतमंदों को समय पर ब्लड मिल सके। वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक जिम्मेदारी के भाव से रक्तदान कर ब्लड बैंक में रक्त की कमी को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने सभी स्वस्थ व्यक्तियों से शिविर में आकर रक्तदान करने की भी अपील की है। इसके लिए शहर के सभी प्रमुख सामाजिक संगठनों और शैक्षणिक संस्थानों में जनसंपर्क कर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। बैठक में फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष किशनचंद गुप्ता, ओमप्रकाश सिंघल, घनश्याम धाकड़, उमेश गोयल, हेमराज गुप्ता खेमा, डॉ वीरेंद्र धाकड़, लोकेश अग्रवाल, प्रवीण मिश्रा, मुकेश प्रजापत, डॉ. कमलचंद गुप्ता, भूपेंद्र गर्ग, शशिकांत शर्मा, केशव चौधरी, विष्णुदत्त शर्मा, संजय धाकड़, चंद्रशेखर ठेकेदार, दीपक कोठारी, महेश गर्ग, नंदकिशोर धाकड़, भीमसिंह धाकड़, बच्चूसिंह सूबेदार, अरविंद गुप्ता, केशव देव गुप्ता, सुनील कटारा, प्रदीप आर्य, गोविन्द उपाध्याय, लक्ष्मण धाकड़, विष्णु उपाध्याय आदि कई लोग मौजूद रहे।

# भाजपा नेता का कार्यालय जेसीबी मशीन से किया ध्वस्त

## नगर परिषद ने आधी रात को की कार्रवाई, कलेक्टर और पुलिस टीम रही मौजूद



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले में नगर परिषद की कार्रवाई फिर से विवादों में है। आधी रात नगर परिषद की टीम ने घंटाघर क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद करने के बाद भाजपा नेता के कार्यालय पर बुलडोजर चला दिया। भाजपा नेता के कार्यालय के ठीक बगल में मौजूद दूसरी बिल्डिंग को भी जेसीबी की सहायता से क्षतिग्रस्त कर दिया गया।

बिल्डिंग तोड़ने की कार्रवाई रात करीब 10 बजे से शुरू हुई। जेसीबी ने रात साढ़े 12 बजे तक भाजपा नेता के कार्यालय और उसके बगल में मौजूद बिल्डिंग को तोड़ने की कार्रवाई की। शहर के गुरुद्वारा रोड पर हुई कार्रवाई के बाद जिले में हड़कंप मचा हुआ है। पूर्व में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रहे पीड़ित भाजपा नेता अकील अहमद ने बताया कि उन्होंने कार्यालय बनाने के लिए नगर परिषद से मंजूरी ली थी। देर रात को जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी उनके कार्यालय पर पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस और नगर परिषद टीम के साथ मिलकर बिना नोटिस दिए जेसीबी मशीन चला दी। भाजपा नेता ने बताया कि प्रशासन ने उन्हें कार्यालय से सामान निकालने तक का मौका नहीं दिया। देर रात को ही कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा नेता के समर्थक मौके पर जुट गए। जिन्हें पुलिस की मदद से मौके से हटाकर कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

**तोप तिराहे पर भी हुआ था विवाद :** होली के मौके पर नगर परिषद द्वारा तोप तिराहे पर भी कई पक्की दुकानों को ध्वस्त किया गया था।

राज परिवार से जुड़ी जमीन पर अतिक्रमण हटाने के लिए नगर परिषद ने मशीन चला दी थी। जिस कार्रवाई के दौरान महिलाएं पेट्रोल की बोतल लेकर आगे आई थी। महिलाओं के विरोध के बावजूद नगर परिषद की टीम ने दुकानों को ध्वस्त कर दिया था।

# नवदुर्गा महोत्सव के तहत मातारानी के मेले में हुआ राजस्थानी कार्यक्रम का आयोजन

## कालबेलिया नृत्य और घूमर पर थिरके दर्शक, कोटा के कलाकारों ने बिखेरा समा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** चैत्रीय नवरात्र में बाड़ी शहर में नगर पालिका द्वारा माता रानी के नवदुर्गा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव के दौरान मेला रंगमंच पर बुधवार की रात पंचमी को राजस्थानी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें कोटा से आए कलाकारों ने ऐसा शमां बिखेरा की दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। घूमर नृत्य,कालबेलिया नृत्य,मयूर नृत्य और मलखंब जैसे नृत्य पर श्रोता ताली बजाए बिना नहीं रह सके। पूरा आयोजन देर रात तक जारी रहा।

बाड़ी नगर पालिका द्वारा आयोजित किया जा रहे इस नवदुर्गा महोत्सव को लेकर मंच संचालक बाबूलाल कुलश्रेष्ठ ने बताया कि कार्यक्रम से पूर्व मेला अध्यक्ष अमर सिंह पोसवाल द्वारा वरिष्ठ पार्षद राजकुमार भारद्वाज,ओमवीर सिंह,समाजसेवी नन्हे सिंह गौर,वरिष्ठ अधिवक्ता एवं गीतकार राधेश्याम चंसौरिया का मेला मंच पर सम्मान किया गया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष होतम सिंह,बाइस चेयरमैन अहमद जमा खां,नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल ने




शहर वासियों से आग्रह किया कि वे मेला रंगमंच पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल हो और माता रानी के मेले का आनंद उठाएं। बाबूलाल कुलश्रेष्ठ ने बताया की राजस्थानी कार्यक्रम के दौरान कलाकार एवं सिंगर समीर ने भक्ति और माता रानी के भजनों की ऐसी प्रस्तुति दिए कि श्रोता झूमते नजर आए। इस दौरान पुलिस प्रशासन को भी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। गुरुवार को माता रानी की छठवीं पर मेला रंगमंच पर कव्वालियों का आयोजन होगा। जिसमें कानपुर से आये महिला कव्वाल और पुरुष कव्वालों के बीच जबरदस्त मुकाबला होगा।

# विधायक ने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली

## अधिकारियों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की बजट घोषणा को जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** विधायक डॉ. ऋतु बनावत ने गुरुवार को पंचायत समिति सभागार में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी विभागों की सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। विधायक ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की बजट घोषणाओं को गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। बिजली विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सुधारने के निर्देश दिए गए। गर्मी के मौसम को देखते हुए शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बिजली सप्लाई सुचारू करने को कहा गया। उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के आदेश दिए। जल जीवन मिशन के तहत पीएचईडी



अधिकारियों से ग्राम पंचायतों को हैंडओवर की गई योजनाओं की सूची मांगी गई। खराब हैंडपंपों की मरम्मत के लिए पंचायती राज विभाग से समन्वय करने को कहा। पेयजल समस्या वाले क्षेत्रों में टैंकरों से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चिकित्सा विभाग की समीक्षा में ग्रामीण अस्पतालों में डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की कमी सामने आई। विधायक ने सीएमएचओ को फोन कर रिक्त पदों को भरने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम दीपक मित्तल, सीओ कृष्णराज, तहसीलदार व ईओ अंकुर जैन, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल, प्रीतम सूपा, नायब तहसीलदार वैशाली धाकड़, बीसीएमओ डॉ धर्मेंद्र चौधरी, पीएमओ डॉ जोगेंद्र सिंह गुर्जर, प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र शर्मा, प्रवर्तन निरीक्षक साक्षी देशवार, सीबीईओ रामलखन खटाना, एईएन डिस्कॉम श्रीमन मीना, एईएन पीएचईडी मनेंद्र बैंसला, कृषि उपज मंडी सचिव दिलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# स्वागत पार्टियां अपनत्व का बोध कराती है

## आज के दौर में विद्यार्थियों को उचित समय प्रबंधन और अनुशासन के साथ कड़ी मेहनत करनी चाहिए



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** स्टॉफ व विद्यार्थी कॉलेज का वृहद परिवार है, हम सभी को मिलकर महाविद्यालय का विकास करना है। विद्यार्थी के विकास में ही कॉलेज का विकास निहित है। अत: आज के कठिन दौर में विद्यार्थियों को उचित समय प्रबंधन और अनुशासन के साथ कडी मेहनत करनी चाहिए। भुसावरवासियों के साथ मिलकर हमें इस महाविद्यालय को सम्पूर्ण भारत का श्रेष्ठ संस्थान बनाना है। यह कहना है कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ. उदयभान सिंह का। डां. सिंह महाविद्यालय में गुरुवार 3 अप्रेल 2025 को सीनियर विद्यार्थियों द्वारा जूनियर विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन अवसर पर अपना उदबोधन दे रहे थे। डॉ. राहुल कुमार ने कहा कि इस महाविद्यालय के अधिकतर विद्यार्थी बाहर के जिलों के हैं, इस तरह की स्वागत पार्टी विद्यार्थियों को अपनत्व का बोध कराती है। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कृषि स्नातक प्रथम वर्ष के छात्र सचिन गुर्जर को मिस्टर फेशर व छात्रा सुलोचना को मिस फेशर चुना गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा प्रियांशु मीना व छात्र दीपक राय ने किया। छात्र राहुल जाखड ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. बी. एल. जाखड, डॉ. मोहित कुमार, डॉ. एल.एस. यादव, गीता गवारिया, दीपक मीना, राहुल मीना सहित समस्त कॉलेज स्टॉफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# भुगतान नहीं मिलने से वन विभाग के मजदूर परेशान

## 33 स्थानों पर पौधे लगाने का काम पूरा, डीएफओ जांच का हवाला देकर टाल रहे पैसे

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर में वन विभाग की ओर से करवाए गए पौधारोपण का भुगतान नहीं मिलने से मजदूर परेशान हैं। मजदूरों ने पारिस्थितिक विकास समिति के साथ मिलकर एसपी को ज्ञापन सौंपा है। मजदूरों ने बताया कि वन विभाग ने उन्हें 33 स्थानों पर पेड़ लगाने का काम दिया था। समिति के माध्यम से मिला यह काम समय पर पूरा कर दिया गया। वन विभाग की ओर से देवराज और रणवीर इस काम की निगरानी करते थे। दोनों को जनवरी 2025 में निलंबित कर दिया गया। मजदूरों का कहना है कि उन्होंने वर्क ऑर्डर के अनुसार सभी जगह पेड़ लगा दिए। डीएफओ ने इसका एक छोटा सा बिल बनाया, लेकिन



जब मजदूरों ने अपना भुगतान मांगा तो उन्हें टालना शुरू कर दिया। डीएफओ काम की उच्च स्तरीय जांच का हवाला देकर भुगतान नहीं कर रहे हैं। परेशान मजदूरों ने अब एसपी से गुहार लगाई है। उन्होंने अपना बकाया भुगतान दिलाने की मांग की है।

# राजाखेड़ा के लाठ वाली माता के लक्खी मेले का शुभारंभ, विधायक ने मंदिर में किया हवन यज्ञ, लोगों की खुशहाली की कामना की

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजाखेड़ा में विनतीपुरा ग्राम पंचायत स्थित लाठ वाली माता के प्रसिद्ध लक्खी मेले का आयोजन शुरू हो गया है। बुधवार को राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा ने फीता काटकर मेले का विधिवत उद्घाटन किया। विधायक बोहरा ने मंदिर में पूजा-अर्चना की और हवन यज्ञ में भाग लिया। उन्होंने क्षेत्रवासियों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। विधायक ने कहा कि माता लाठ वाली सभी का कल्याण करें और उनका आशीर्वाद सदैव बना रहे। लाठ वाली माता का ये मंदिर पूरे धौलपुर जिले में विशेष मान्यता रखता है। हर साल चैत्र नवरात्रि के दौरान यहां लक्खी मेला लगता है। इस मेले में स्थानीय लोगों के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, जो भी भक्त सच्चे मन से माता की पूजा करता है, मां लाठवाली उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी करती हैं।



# हमीरगढ़ में बोनस को लेकर श्रमिकों का हंगामा फैक्ट्री और पुलिस वाहन पर किया पथराव

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** हमीरगढ़ थाना इलाके में गुरुवार को श्रमिकों ने संगम फैक्ट्री में जमकर उत्पात मचाते हुए पथराव कर दिया। हंगामे के दौरान मौके पर पहुंची पुलिस की डायल 112 गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए गए। स्थिति बिगड़ते देख अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हालात को काबू में किया। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को डिटेन किया है। हमीरगढ़ थाना प्रभारी संजय गुर्जर के अनुसार, स्वरूपगंज क्षेत्र स्थित संगम इंडिया लिमिटेड के प्रबंधन ने श्रमिकों को तीन-तीन हजार रुपये बोनस देने का वादा किया था। आरोप है कि यह बोनस सभी श्रमिकों को न देकर कुछ ही लोगों को दिया गया, जिससे बाकी श्रमिक नाराज हो गए। इसी को लेकर गुरुवार को श्रमिकों ने फैक्ट्री गेट पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस की डायल 112 गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन श्रमिकों ने अचानक उत्पात मचाना शुरू कर दिया।



उन्होंने फैक्ट्री के साथ ही पुलिस वाहन पर भी पथराव कर दिया, जिससे गाड़ी के शीशे टूट गए। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए एएसपी, डीएसपी और थाना प्रभारी अतिरिक्त पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाइश देकर शांत किया। सूत्रों के मुताबिक, स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। पुलिस ने फैक्ट्री और पुलिस वाहन पर पत्थर फेंकने के आरोप में पांच संदिग्ध लोगों को डिटेन किया है।

**इनका कहना :** संगम इंडिया लिमिटेड स्पिनिंग यूनिट में श्रमिक बराबर ड्युटी करे इसके लिये प्रबन्ध द्वारा एक ईनामी योजना लायी गयी जिसमें यह लिखा गया था कि जिस युनिट में श्रमिक टारगेट एफिशियेन्सी देंगे और 25 फरवरी से 31 मार्च के मध्य 25 हाजरी बराबर देंगे उन्हें ईनाम दिया जायेगा। जिस युनिट में टारगेट एफिशियेन्सी आई और जिन्होने 25 हाजरी बराबर भरी उन श्रमिको को ईनाम की राशि का भुगतान कल दिनांक 2.04.2025 को कर दिया गया। दिनांक 3.04.2025 को प्रात: 7 बजे जो श्रमिक डयुटी पर आये और जो छुट कर जाने वाले थे वो सभी एक जगह एकत्रित होकर जिन युनिट में टारगेट एफिशियेन्सी नहीं आयी और श्रमिको ने 25 हाजरी भर दी वो भी ईनाम की मांग करने लगे। उन्हें समझाया गया कि योजना प्रारम्भ करने से पहले आप सभी को नोटिस एवं व्यक्तिगत रूप से बताया गया था कि टारगेट एफिशियेन्सी लायी जायेगी तभी आप ईनाम के हकदार होंगे।

**मनीष स्वामी**
**संगम इंडिया लिमिटेड,कॉर्पोरेट मानव संसाधन**

## स्कूल शिक्षा परिवार की बैठक मंगलवार को

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** स्कूल शिक्षा परिवार के तत्वावधान में विश्व भारती माध्यमिक विद्यालय परिसर में मंगलवार की शाम 4 बजे बैठक का आयोजन किया जाएगा। रामेश्वरप्रसाद जांगिड ने बताया कि बैठक में निजी शिक्षण संस्थानों के संगठन का विस्तार करने व सत्र 2025-26 पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह निर्णय गुरुवार को आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में शिवदयाल पंवार, शिवराज चौधरी, रामकल्याण चौधरी, कमलेश गौतम, रामेश्वरप्रसाद जांगिड़, ललित सक्सेना, ब्रजसुंदर शर्मा, विष्णुदत्त शर्मा व ललित जायसवाल सहित कई कई संस्था प्रधान मौजूद थे।

## रामनवमी के अवसर पर सर्व सनातन समाज द्वारा कपासन में विशाल शोभायात्रा एवं धर्मसभा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** रामनवमी के उपलक्ष्य में सर्व सनातन समाज एवं विभिन्न हिन्दू संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में राम जन्मोत्सव 6 अप्रैल रविवार को नगर पालिका कपासन क्षैत्र में विशाल शोभायात्रा एवं धर्मसभा का आयोजन किया जायेगा।शोभायात्रा में विभिन्न महापुरुषो से प्रेरित झांकियां होगी।नगर में रामनवमी के अवसर पर आयोजित होने वाली शोभायात्रा के मार्ग को स्वागत द्वार एवं भगवा ध्वज लगाकर सजाया जा रहा हैं।साथ ही कार्यकर्ताओं द्वारा निमंत्रण पत्र सौंपकर घर व वाहनों पर भगवान ध्वज लगाने का अनुरोध करने के साथ ध्वज का वितरण किया जा रहा है।विशाल धर्मसभा का 6 अप्रैल 2025 पुराना बस स्टैंड पर आयोजन किया जायेगा।जिसको लेकर विभिन्न हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुवे है।जिसमे नगर राजमार्ग पर विशाल श्री सांवरिया सेठ द्वारा लगाया गया है।यहां नववर्ष से मंदिर-मंदिर धर्मयात्रा करते हुए नगर के समस्त क्षेत्र में भजन संकीर्तन कर आयोजित होने वाली धर्मसभा एवं शोभायात्रा की सूचना प्रदान दी जा रही है।

## नकली पुलिस बनकर किसान से लूटे पचास हजार, सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की तलाश में जुटी

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला/झालावाड़ (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के चौमहला मंडी में गेहूं बेचने आए किसान से नकली पुलिस बन कर 50 हजार रुपए ठगी कर आरोपी फरार हो गए। थाना प्रभारी अमरनाथ जोगी ने बताया कि क्षेत्र के चरूड़ी गांव निवासी दुला पिता कुशाल बागरी गुरुवार को मंडी में गेहूं बेचने आया था उसने एक लाख पांच हजार रुपए के गेहूं बेच कर सहज महाराज बस स्टेंड रोड के समीप खड़ा था कि दो अज्ञात व्यक्ति उसके पास नकली पुलिस बन कर पहुंचे तथा डरा धमका कर तलाशी लेने की बात कर पूछा क्या है तुमारे पास ,अभी चेकिंग चल रही है उसने कहा गेहूं बचने आया था,जैसे ही किसान ने रुपए जेब में रखे रुपए दिखाए तो 50 हजार की गड्डी छीन कर फरार हो गए, किसान ने घटना की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज करवाई, किसान के पुत्र पप्पू बागरी ने बताया कि मेरे पिता दुला टैक्टर ट्राली में गेहूं भरकर चौमहला मंडी में बेचने गए थे माल बेच कर गांव आने की तैयारी में बस का इंतजार कर रहे थे इसी दौरान उनके साथ ठगी की घटना हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया,थाना प्रभारी ने बताया कि घटना स्थल के आसपास के सीसी कैमरे खंगाले जा रहे है आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया है,आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।इसी तरह की घटना दोपहर एक बजे करीब डग कस्बे में भी हुई। नकली पुलिस बनकर घर रहे आरोपियों के हौसले इन दिनों बुलंद है करीब एक माह पूर्व बेलडा निवासी विजय सिंह से उनकी कान की सोने की बालियां लेकर फरार हो गए थे,एक अन्य घटना बाहर से आने वाले व्यापारी के साथ हुई थी। पुलिस आरोपियों पर अंकुश नहीं लगा पा रही है।इस तरह की घटनाओं से लोगो में रोष है।

## जिले में विभिन्न मेडिकल स्टोर्स की जांच, नियमों की पालना नहीं करने पर की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** जिले में स्थित कई मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। यह कार्रवाई औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 और नियमावली 1945 के प्रावधानों के तहत की गई है। निलंबित किए गए मेडिकल स्टोर्स में नवल मेडिकल एंड जनरल स्टोर सांगरिया तहसील फूलियाकलां, मैसर्स गुप्तेश्वर मेडिकल स्टोर सास्वाके के सामने कोटा रोड़ मांडलगढ़, मैसर्स जैन मेडिकल स्टोर 29, नागोरियों की बगीची माणिक्य नगर भीलवाड़ा, मैसर्स सवाईभोज मेडिकल स्टोर हॉस्पिटल रोड़ आसींद, मैसर्स बालाजी मेडिकल स्टोर, मंडपिया स्टेशन भीलवाड़ा और मैसर्स जी एन मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर मांडल शामिल हैं। अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक महेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं में रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति, शेड्युल एच 01 औषधियों का विक्रय विवरण प्रस्तुत नहीं करना, शिड्युल एच 01 रजिस्टर संधारित नहीं करना और निरीक्षण पुस्तिका उपलब्ध नहीं कराना शामिल हैं। उन्होंने नियमों की पालना नहीं करने पर लाइसेंस को निलंबित कर दिया है।

### निलंबन की अवधि इस प्रकार है

नवल मेडिकल एंड जनरल स्टोर का लाइसेंस 15 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025 तक के लिए निलंबित किया गया है। इसी प्रकार मैसर्स गुप्तेश्वर मेडिकल स्टोर का लाइसेंस 15 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025 तक, मैसर्स जैन मेडिकल स्टोर का लाइसेंस 15 अप्रैल से 18 अप्रैल 2025 तक, मैसर्स सवाईभोज मेडिकल स्टोर का लाइसेंस 15 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025 तक, मैसर्स बालाजी मेडिकल स्टोर का लाइसेंस 15 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025 तक, मैसर्स जी एन मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर का लाइसेंस 15 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025 तक के लिए निलंबित किया गया है।

### जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत चावण्डिया में की जनसुनवाई

## जन समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका निश्चित समय अवधि में निस्तारण करे अधिकारी - ज़िला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा, (अमित शर्मा)।** ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई गुरुवार को चावण्डिया उपखण्ड करेडा में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जनसुनवाई में समस्त विभागों के कुल 23 परिवाद प्राप्त हुए। जिनमे से अधिकांश परिवादों का मौके पर ही निस्तारण किया गया एवं आमजन को राहत प्रदान की गई। शेष परिवादों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारीगण को जिला कलेक्टर द्वारा जांच कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये गए।जनसुनवाई के दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि अधिकारी जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने देने की मंशा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करे। राज्य सरकार की मंशानुसार जनता की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान पूर्ण निष्ठा से करने का प्रयास ही अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिये।जनसुनवाई में करेड़ा उपखण्ड अधिकारी जोगेन्द्र सिंह सहित संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बूलीवाल राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित होंगे

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा शिक्षा विभाग राज्य स्तरीय मंत्रालय एवं सहायक कर्मचारी पुरस्कार एव सम्मान समारोह 2024 में भीलवाड़ा जिले के पुष्पेन्द्र कुमार बूलीवाल,सहायक प्रशासनिक अधिकारी,राबाउमावि गंगापुर जिला भीलवाड़ा ने उल्लेखनीय कार्य करने पर सम्मानित किया जाएगा। जिसमें प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह और ग्यारह हजार रुपए की राशि का चेक प्रदान की जाएगा। निदेशालय माध्यमिक शिक्षा बीकानेर ने आज राज्यस्तरीय 38 कर्मचारियों की चयन सूची जारी की, जो हर वर्ष संस्थापक अधिकारी से लेकर सहायक कर्मचारी को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाता है।

## तीन दिवसीय गणगौर महोत्सव का कपासन में हर्षोल्लास के साथ समापन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** तीन दिवसीय गणगौर महोत्सव का बुधवार को गणगौर सवारी निकालने सहित धूमधाम के साथ हर्षोल्लासपूर्वक समापन किया गया।जिसमे बैंड बाजों के साथ गुलाबी गणगौर की सवारी निकाली गयी।

जानकारी अनुसार नगर पालिका क्षेत्र कपासन में तीन दिवसीय गणगौर महोत्सव को पारंपरिक एवं धूमधाम के साथ मनाया गया।यहां गणगौर महोत्सव के तहत गुलाबी गणगौर की सवारी निकाली गयी।जिसके अंतर्गत बुधवार सांय नगर में स्थित प्राचीन श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर तथा कल्याणरायजी मंदिर चौक से बेंडबाजों के साथ गुलाबी गणगौर की सवारी निकाली गयी।गुलाबी गणगौर की सवारी नगर के पीपली बाजार,लोड़किया चौक,खारी बावड़ी हनुमान मंदिर,पांचबत्ती चौराहा से गुलाब सागर किनारे स्थित डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी उद्यान पहुंची।उद्यान में महिला वर्ग द्वारा ईसर एवं पार्वती माता की पूजा अर्चना उपरांत पारंपरिक एवं लोकगीतो पर नृत्य किया गया।

नगर पालिका कपासन पार्षद सुनीता शर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय गणगौर पर्व को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष कपासन मंजुदेवी सोनी एवं अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा के निर्देशन में नगर पालिका की और से डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी उद्यान परिसर में आर्कषक रंगबिरंगी विद्युत साज सजावट सहित डीजे साउंड की व्यवस्था की गयी।जिस पर नगर क्षेत्र की महिलाओं द्वारा पारंपरिक एवं लोकगीतों पर नृत्य किया गया।इस अवसर पर नगर पालिका पार्षद पुष्पा वैष्णव,वंदना सोनी,वंदना दाधीच,पूर्व पार्षद सुनीता सांवला,पूर्व नपा अध्यक्ष मंजूदेवी दुग्गड़,भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष रानी सिरोया,उपाध्यक्ष अलका सिरोया आदि महिला वर्ग उपस्थित रहा।

## विधायक कोठारी की अनुशंसा पर वार्ड नम्बर 43 में पीने के पानी की पाइप लाइन डाली



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** वार्ड नम्बर 43 में स्थित वैभवनगर गली नम्बर 5 में रेणु विला के पास वाली गली में कुछ मकानों के आगे पानी की पाइप लाइन नही होने से वार्डवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, वार्डवासियों ने शहर विधायक अशोक कोठारी को इस विषय से अवगत करवाया। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, वार्डवासियों द्वारा पानी की पाइपलाइन की समस्या को विधायक ने तुरंत संज्ञान में लेते हुए अधिकारियों को निर्देश देकर पाइप लाइन का कार्य पूर्ण करवाया। वार्डवासियों ने शहर विधायक की प्रशंसा कर आभार जताया।

## महावीर जन्म कल्याणक से पूर्व विश्व नवकार महामंत्र कलश यात्रा का आयोजन

### 9 अप्रैल कपासन में होगा नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** भगवान महावीर के 2624वें जन्म कल्याणक से पूर्व 9 अप्रैल को आयोजित होने वाले सामूहिक नवकार महामंत्र जाप का निमंत्रण देने हेतु राजस्थान मे विश्व नवकार महामंत्र कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।उक्त यात्रा का गुरुवार को कपासन आगमन पर सकल जैन समाज की अगुवाई में स्वागत किया गया। श्रमण संघ अध्यक्ष कपासन सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि 9 अप्रैल सुबह 8 से 9.30 बजे तक पूरे विश्व में शांति सामंजस्य एवं कल्याण की भावना को बढ़ावा देने हेतु नवकार महामंत्र का समूह जाप किया जायेगा।

जिसके तहत नगर कपासन स्थित अंबेश भवन से विश्व नवकार महामंत्र कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ।जो नया बाजार,पिपली बाजार,गांधी चौक,पांचबत्ती चौराहा से स्थानीय नगर पालिका परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि उक्त विश्व नवकार महामंत्र कलश यात्रा का उद्देश्य वासुदेवकुटुंब की भावना को बढ़ावा देने तथा सर्व हित कल्याण हेतु आज जागरूकता का प्रसार करना है।नगर



कपासन में 9 अप्रैल विश्व नवकार दिवस मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।साथ ही विश्वभर एवं भारत में 6000 विभिन्न संस्थानों के संयोजन में सामुहिक जाप के माध्यम से नवकार दिवस मनाया जायेगा। इस कलश यात्रा में भारत जैन महामंडल कपासन अध्यक्ष अशोक चण्डालिया,श्रमण संघ मंत्री प्रकाश आंचलिया,रूपलाल डांगी,निर्मल सांवला,अशोक बापना,प्रवीण कोठारी,हेमंत सिरोया,कैलाश चण्डालिया,साधुमार्गी संघ अध्यक्ष अरुण चण्डालिया, मंत्री गजेन्द्र बाधमार,नंदलाल सिरोया,पंकज बाघमार, सुरेश दुग्गड़,शांतक्रांत संघ अध्यक्ष सुगन बाघमार, पंकज सिरोया,मंदिरमार्गी संघ दिनेश मारवाड़ी, ज्ञानगच्छ के सतीश चण्डालिया,अशोक सांखला, तेरापंथ संघ अजय सुराणा,चंदन बाला महिला मण्डल सुनिता सांवला,प्रियंका दुग्गड़,अंगुरबाला सिरोया,चन्द्रकिरण चंडालिया,मीना पानगडिया,चित्रा लोढा, साधुमार्गी महिला अध्यक्ष रेखा बाघमार,मंत्री मनीष भंडारी,शांतक्रांति संघ विजयलक्ष्मी सिरोया,ललिता भंडारी,तेरापंथ संघ साधना सुराणा आदि श्रावक- श्राविकाएं उपस्थित रहे।

## महिला आरक्षण की मांग पर भीलवाड़ा में जोरदार प्रदर्शन, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा, (अमित शर्मा)।** महिला कांग्रेस ने भीलवाड़ा में 33प्रतिशत महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने की पुरजोर मांग उठाई। राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा, प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में आयोजित इस प्रदर्शन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष रेखा हिरण ने किया। सैकड़ों महिलाओं ने एकजुट होकर राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में नगर परिषद की पूर्व सभापति मधु जाजू, पूर्व सभापति मंजु पोखरना, महिला कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष विजय लक्ष्मी गुर्जर, पूर्व पार्षद व एडवोकेट सुशिला बैरवा, नर्मदा जैन, दीप माला लोट, अनिता पारीक, रेखा भट्ट, योगिता सुराणा, अनिता रावल, मंजु देवी माहेश्वरी, वंदना कंवर, लीला देवी देवड़ा, ममता शर्मा, सिमरन खान, मोनिका क्रिश्चियन, पिंकी सोनी,




बेला झा, मेहरून निशा, समीम बानो, हारून रंगरेज, मुस्ताक अली खान, चंद्र प्रकाश अमरवाल, शिवराज सुराणा, अतुल सुराणा समेत कई महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने अब नहीं तो कब? आज नहीं तो कभी नहीं! जैसे जोशीले नारे लगाए, जिससे माहौल ऊर्जा और संकल्प से भर गया। रेखा हिरण ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा, महिलाओं को केवल अवसर नहीं, समान भागीदारी चाहिए। यह कोई अहसान नहीं, बल्कि हमारा हक़ है। राजनीतिक और सामाजिक निर्णयों में हमारी हिस्सेदारी तय होनी ही चाहिए!

महिला कांग्रेस ने केंद्र और राजस्थान की भाजपा सरकार से महिला आरक्षण विधेयक को तुरंत लागू करने की मांग की।

## मोबाइल वैन ने न्याय क्षेत्र में दूसरे दिन भी किया विधिक जागरूकता प्रचार-प्रसार

बढ़ता राजस्थान

**भवानीमंडी (अब्दुल सलीम मंसूरी)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झालावाड़ के निर्देश एवं आदेशानुसार अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति भवानीमंडी न्यायाधीश गौरव शर्मा (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) के मार्गदर्शन में दूसरे दिन भी विधिक जागरूकता का प्रचार - प्रसार किया। मोबाइल वैन भवानीमंडी न्यायिक क्षेत्र के स्थानीय सार्वजनिक स्थलों सहित कई ग्रामीण इलाको कालवा स्थान, पचपहाड़, देवरिया, गुराडिया जोगा, बंबोरी, महुडिया, बैंसानी, मिश्रौली व सिलेहगढ़ इत्यादि गांवों में पहुंची। जहां ग्रामवासियों को विस्तारपूर्वक विधिक जागरूकता योजनाओं के बारे में बताया गया। ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणाम



और प्रावधानिक दंड, बालविवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, जल संरक्षण, पॉलिथीन का उपयोग न करने, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण 2005, बालश्रम निषेध, स्थाई लोक अदालत, आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत, मध्यस्थता,पीड़ित प्रतिकार योजना, विधिक सहायता, पॉश एक्ट 2013, नालसा के हेल्प लाइन नंबर 15100, शी - बॉक्स पोर्टल, एवं नालसा नई दिल्ली की विभिन्न योजनाओं के बारे में कानूनी जानकारी दी। साथ ही पैंपलेट का वितरण किया। यह जानकारी कनिष्ठ सहायक राकेश ने दी।

## प्राचीन शक्तिपीठ मुला माता मंदिर कपासन पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नगर में स्थित पुरातात्विक महत्व के शक्तिपीठ मूला माता मंदिर पर गुरुवार को ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन अध्यक्ष व अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश डॉ. महेंद्र सोलंकी के सानिध्य में किया गया।उक्त जागरूकता शिविर के माध्यम से ताल्लुका जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध नि:शुल्क विधिक सहायता संबंधी जानकारी से अवगत कराया गया। इस शिविर में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निष्ठा पाण्डे एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट नीलम नाहर उपस्थित रहे।साथ ही पैरालीगल वॉलंटियर प्रकाश सुथार, रोशनलाल जाट द्वारा नालसा रालसा की योजनाओं, महिला अधिकारों,आदिवासियों के



अधिकारों,पीड़ित प्रतिकार स्कीम आदि संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान कर आमजन में विधिक जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया गया।इस दौरान पैनल अधिवक्ता सुरेश कुमार बापना,बार एसोसिएशन अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव, अधिवक्ता हरीश तुलछिया,सुरेश सेन सहित आमजन उपस्थित रहे।

# धौलादाता गांव में भीषण आग से 40 भेड़े व बकरियां झुलसी, 35 की मौत

## 7 की हालत चिन्ताजनक, 3 की स्थिति ठीक बताई गयी, घटना स्थल पर विधायक रावत ने पहुँचकर घटना का लिया जायेजा

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, (विष्णु दत्त धीमान)।** ब्यावर के दुर्गावास के पास स्थित धौलादाता गांव में बुधवार रात एक भीषण अग्निकांड हुआ। स्थानीय निवासी पावर्ती पत्नी स्व. रामसिंह के भेड़-बकरी के बाड़े में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की लपटें उठते ही आसपास के क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। इस दौरान किसी भी पानी के टैंकर की व्यवस्था नहीं हो पाई, जिससे आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। आग लगने के दौरान घर में केवल दो बहु सीमा व रेखा है मौजूद थी शेष परिवार के लोग किशनपुरा गये हुए थे।

30 भेड़ों व 5 बकरी की मौत, 7 भेडें की हालत गंभीर है जो मौत से जूझ रही है वहीं 3 भेडों की स्थिति ठीक है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस हादसे में 45 भेड़-बकरियां आग की चपेट में आ गईं। अब तक 35 भेड़ों व बकरी की मौत हो चुकी है, जबकि 10 गंभीर रूप से झुलस गई हैं, जिनमें से 7 की हालत नाजुक बनी हुई है।





**अग्निशमन दल और पुलिस मौके पर पहुंची :** आग की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया। मौके पर वाहन चालक लाल सिंह, फायरमैन ईशु यादव और देवीलाल योगी पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। इस घटना के बाद साकेत नगर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल, आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। गुरुवार को सुबह पशु चिकित्सालय के डॉ. विश्वास कुमार, डॉ. शौबिरसिंह, नीरज कुमार, मनिषा सिंघाडिया सहित कई चिकित्सक धोलादाता पहुँचे और मृत भेड़ों व बकरियों का मौके पर ही पोस्टमार्टम कर उन्हें एक गहरे गड्ढे में गढ़वाकर उनका अन्तिम संस्कार किया गया। इस दौरान भेड-बकरी वाला पूरा परिवार गमगीन था। उधर ब्यावर के विधायक शंकरसिंह रावत ने भी मौके पर पहुँचकर परिवार वालों से बातचीत की और मौका देखा। स्वयं विधायक भी इस दर्दनांक घटना को देखकर आर्श्चयचकित रह गये। उन्होने उच्चाधिकारियों से मिलकर परिवार वालों को उचित मुआवजा दिलवाने व घटना की निष्पक्ष जांच करवाने का आश्वासन दिया। परिवार में मुकेश सिंह रावत ने बताया कि बुधवार रात लगभग 9 बजे किशनपुरा अपनी बहिन लीला के यहां सत्संग में गये थे। मुकेश के साथ उसकी माता श्री पार्वती भी थी। सवा ग्यारह बजे फोन से सूचना मिली की जानवरों के बाडे में आग लग गई तो वह तत्काल प्रभाव से उल्टे पैर लौट आई और मौके का नजारा देखकर वह स्वयं भी दंग रह गयी। पार्वती देवी ने उक्त मंजर देखकर वह फूट-फूटकर रोने लगी और कुछ देर बाद बेहोश हो गयी थी। पीडिता को तत्काल उसके पुत्रों ने पास के राजकीय चिकित्सालय में पहुँचाया जहां उसका प्राथमिक इलाज शुरु कर ड्रिप आदि लगाई। पार्वती की तबियत अब ठीक है।

# नैनवां पालिका में जारी है, अर्न्तकलह, बेलगाम हुआ पूरा सिस्टम

## चैयरमैन पति एंव ई.ओ के खिलाफ दिया पुलिस थाने में परिवाद

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** नैनवां पालिका में इन दिनों अर्न्तकलह देखा जा रहा है। विकास के सारे कार्य बंद पड़े हुए है। टेंडर जारी नहीं हो पा रहे है। पालिका की बेश किमती भूमियो पर बंदरबांट हो रही है। बिना कनर्वजन के कॉलोनिया काटी जा रही है। खातेदारी भूमि की आड में सरकारी भूमि बेची जा रही है। पालिका का पूरा सिस्टम बेलगाम है।

### संविदा कार्मिक ने दिया पुलिस में परिवाद-

पालिका में कार्यरत संविदा कार्मिक (कम्प्यूटर ऑपरेटर) रविशंकर वर्मा ने चैयरमैन श्रीमती सरिता नागर के पति महेन्द्र नागर के खिलाफ शोषण कर अनैतिक कार्य करवाने के लिए दबाव बनाने एंव गाली गलौच करने एंव अवकाश के दिन एंव ऑफिस समय के बाद बुला कर अनैतिक कार्य के लिए दबाव बनाया जाता है। उन्होने जातिगत शब्दो से अपमानित करने का भी आरोप लगाया है। इतना ही नहीं संविदा कार्मिक द्वारा अनैतिक कार्य करने से मना किया तो उन्होने पालिका के अधिकृत ठेकेदार को फोन करके उनको संविदा कार्मिक से हटाये जाने के लिए आदेश जारी करवा दिया है। गुरूवार को भी वह ऑफिस गया तो चैयरमैन पति ने उसको अंदर जाने से मना कर दिया। मामले की जानकारी थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा से लेने पर बताया कि संविदा कार्मिक का परिवाद आया है। जिसकी जॉच की जा रही है। वहीं चैयरमैन पति महेन्द्र नागर ने बताया कि संविदा कार्मिक का आरोप झूठा है। पुलिस जॉच कर लेगी।

### ई.ओ के खिलाफ भी दिया परिवाद-

पालिका में कार्यरत एक सफाई कार्मिक ने एसडीएम एंव थानाधिकारी को एक परिवाद देकर अधिशाषी अधिकारी मोती शंकर पर अभद्रता किया जाने का आरोप लगाया है। थानाधिकारी ने बताया कि सफाई कार्मिक द्वारा दिया गया परिवाद की भी पुलिस जॉच कर रही है। वहीं अधिशाषी अधिकारी मोती शंकर नागर ने बताया कि सफाई कार्मिक उनके दायरे में आते है। सफाई व्यवस्थार्थ उनको आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे। अभद्रता किया जाना जैसा कोई मामला ही नहीं है।

### इनका कहना

दोनो ही परिवाद में पुलिस जॉच कर रही है,जॉच उपरान्त पुलिस नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

**कमलेश कुमार शर्मा**
**थानाधिकारी नैनवां**

# इंस्टाग्राम पर महिला की फर्जी आईडी बनाकर अश्लील मैसेज भेजने के आरोप में युवक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** साइबर थाना पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसने महिला की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसे अश्लील मैसेज भेजे और धमकियां दीं। थाना अधिकारी सरोज बैरवा ने बताया कि एक महिला ने साइबर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी इंस्टाग्राम आईडी की फर्जी आईडी बनाकर उन्हें अश्लील मैसेज भेजे और धमकियां दीं।

# भाजपा नेता की अवैध रुप से चल रही बेट्री बनाने की फैक्ट्री को किया सीज

## परकोटा तोड़ कर क्रिश्चनकालोनी में अपनी फैक्ट्री का निकाल रखा था रास्ता, रिहायशी कालोनी में चल रही थी अवैध फैक्ट्री

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर, (विष्णु दत्त धीमान)। शहर में अवैध रूप से संचालित तेजाब गोदाम से हुए रिसाव के कारण हुई जनहानि को देखते हुए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत के आदेशानुसार रिहायशी क्षेत्रों में संचालित फैक्ट्रियों और तेजाब गोदामों को तत्काल खाली करने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि, आदेश जारी होने के तीन दिन बाद भी कई गोदाम खाली नहीं हुए। इस संबंध में नगर परिषद, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त कमेटी का गठन किया गया था, जिसने संबंधित स्थानों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की। इसी क्रम में, गुरुवार को नगर परिषद आयुक्त दिव्यांश सिंह और



सचिव विकास कुमावत ने चांगगेट स्थित टाइगर बैट्री के गोदाम का निरीक्षण किया। पाया गया कि गोदाम संचालक ने अवैध रूप से अपनी दुकान के भीतर से शहर के परकोटे को तोड़कर क्रिश्चियन कंपाउंड में स्थित फैक्ट्री तक जाने के लिए रास्ता बना लिया था। यह फैक्ट्री रिहायशी इलाके में स्थित थी और वहां बैटरियों के निर्माण में तेजाब का उपयोग किया जा रहा था। नगर परिषद के सचिव विकास कुमावत, अधीशासी अभियंता पप्पू सिंह गुर्जर, सिटी पुलिस थाना प्रभारी विजय मीणा तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में गोदाम को सीज करने की कार्रवाई की गई। जिला कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट ब्यावर के 1 अप्रैल 2025 के आदेश के तहत यह कार्रवाई की गई।

अधिकारियों द्वारा तैयार किए गए मौके के पंचनामे में स्पष्ट उल्लेख किया गया कि किशनगंज ब्यावर निवासी मंगत सिंह पुत्र गुरु संगत सिंह द्वारा खसरा नंबर 201/01, प्लॉट नंबर 21, मिशन कंपाउंड स्थित 263.33 वर्ग गज क्षेत्रफल वाले भवन में अवैध रूप से बैटरी निर्माण और बिक्री का कार्य किया जा रहा था। इस पर संज्ञान लेते हुए नगर परिषद ने 3 अप्रैल 2025 को पत्र क्रमांक / न. प. ब्यावर/ अति. / 25-26/642 दिनांक 3 अप्रैल 2025 के तहत गोदाम को सीज कर दिया। उल्लेखनीय है कि मंगतसिंह पुत्र गुरुसंगतसिंह नगर परिषद के निर्वतमान पार्षद व मुख्य सचेतक थे। वह अपने रसूखातों के चलते रिहायशी क्षेत्र में अवैध रुप से उक्त फैक्ट्री को संचालित कर रहे थे। सबसे गंभीर बात यह है कि उक्त फैक्ट्री को सीज करने के आदेश दिये गये थे, सीज करने आयी कमेटी के सदस्यों ने भी प्रभावशाली नेता होने के कारण उन्हें पूरा समय देते हुए फैक्ट्री को खाली कराने का मौका दिया और उसके बाद ही भवन सीज किया गया।

### इनका कहना है

नगर परिषद के रेवेन्यु ऑफिसर विकास कुमावत ने बताया कि जिला कलेक्टर के आदेशों के तहत कार्यवाही की गई है। फैक्ट्री को सीज कर दिया है।

# ग्राम विकास अधिकारी संघ के चुनाव संपन्न, अर्जुन सिंह राठौड़ बने जिलाध्यक्ष

## ग्राम विकास अधिकारी संघ की नई कार्यकारिणी का गठन



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ राजसमंद जिला शाखा के त्रैवार्षिक चुनाव संघ कार्यालय में शांतिपूर्वक संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी कमलेश सेन ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें सर्वसम्मित से अर्जुनसिंह राठौड़ को बतौर निर्विरोध संघ के नए जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। राजसमंद में राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ की नई जिला कार्यकारिणी का बुधवार को गठन किया गया। संघ के जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश कुमार सेन और पर्यवेक्षक शंकरलाल कुम्हार ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलाई। कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष फतेह सिंह रावत, उपाध्यक्ष (महिला) जया पालीवाल, मंत्री मनोहर सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष हिमांशु डीडवानिया, संयुक्त मंत्री गिरधारी सिंह राव, संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह राव, प्रदेश प्रतिनिधि संतोष सिंह रावत, संगठन महामंत्री किशोर कुमार, कार्यालय मंत्री ऋषि राज खत्री को निर्विरोध निर्वाचित कयिा गया। संचालन सहायक विकास अधिकारी राजेश जोशी ने किया। नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह राठौड़ ने संघ के लिए तत्पर रहने की प्रतिबद्धता दिखाई। उपाध्यक्ष (महिला) जया पालीवाल ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान निवर्तमान जिला अध्यक्ष बालमुकुंद माली, सहायक विकास अधिकारी जगदीश चंद्र कुमावत, संजय आचार्य, गुणवंत सिंह आसोलिया, अम्बालाल भोई, रामचंद्र कुमावत, करणसिंह राव, शंभूलाल व्यास, प्रहलाद सिंह राठौड़, सिद्धार्थ शर्मा, सुरेश कीर सहित जिले के ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित थे।

## बूंदी विधायक ने विधानसभा में उठाए मुद्दों को लेकर की प्रेस वार्ता

# बूंदी में ट्रिपल इंजन की सरकार के बावजूद शहर में गंदगी के साथ विकास से कोसो दूर शहर

## एयरपोर्ट की जमीन बूंदी की होने के बावजूद भी बूंदी का दूर-दूर तक नाम नहीं

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** विधानसभा में बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा द्वारा उठाए गए मुद्दों को लेकर गुरुवार को एक निजी रिसोर्ट में प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ । पत्रकारों को संबोधित करते हुए विधायक शर्मा ने कहा कि प्रदेश में दुष्कर्म, बजरी माफिया साइबर क्राइम और जेल से अपराधी द्वारा गेंग संचालित के मुद्दों को विधानसभा में पूरजोर से उठाया गया। उन्होंने कहा कि रामगंज बालाजी वेलकम होटल में जो युवक की हत्या हुई वह शर्मसार करने वाली है देवपुरा में अवैधानिक काम संचालित है। गति दोनों जमीदपुरा में शराब के ठेके पर कहासुनी के दौरान एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई। शहर को विभिन्न सड़कों से जोड़ने के लिए 10 करोड़ के दो टेंडर 20 करोड़ सेंशन किए थे। जिसमें 10 करोड़ की सड़क के कांग्रेस सभापति के कार्यकाल में बन चुकी है किन्तु भाजपा की सरकार बनते ही 10 करोड रुपए स्थानांतरीत कर दिए गए। जिससे शहर का विकास बाधित हो गया। 11 माह में एक भी पट्टा जारी नहीं हुआ जबकि लोगों ने पट्टा राशि जमा कर रखी है। शर्मा ने कहा कि बूंदी नगर परिषद में भाजपा का बोर्ड है और , प्रदेश में भाजपा की सरकार है फिर भी बूंदी शहर का कोई विकास नहीं हो पा रहा है जगह-जगह गंदगी फैली हुई है जिसको नगर परिषद द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि एयरपोर्ट के लिए बूंदी की हजारों बीघा जमीन दी गई इसके बावजूद भी एयरपोर्ट का नाम कोटा बूंदी न रखकर कोटा का ही नाम रखा जा रहा है यह बूंदी के लिए बड़े दुर्भाग्य की बात है साथ ही लोकसभा स्पीकर होने के बावजूद ओम बिरला स्पष्टीकरण भी नहीं दे रहे कि इस एयरपोर्ट का नाम कोटा बूंदी ही रखा जाएगा, औरत और एयरपोर्ट के बाद जो इनकम होगी वह भी कोटा के विकास में ही खर्च की जाएगी यह सरासर बूंदी के साथ अन्याय है। इस दौरान कांग्रेस शहर अध्यक्ष शैलेश सोनी, बून्दी ब्लॉक अध्यक्ष रामकरण मीणा, तालेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम शंकर राठौर, अर्बन बैंक चेयरमैन सत्येश शर्मा, पार्षद टीकम जैन आदि मौजूद रहे ।

# लघु पंच कल्याण महोत्सव की धूम : श्री पार्श्‍वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में आयोजित हुआ भक्तिमय उत्सव

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविन्द सिंह सेठी )।** यहां शहर के कूंचलवाड़ा रोड़ कॉलोनी में श्री पार्श्‍वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में गुरुवार से लघु पंच कल्याण महोत्सव घट व श्री जी की शोभायात्रा के साथ शुरू हो गया।आयोजन स्थल पर ध्वजारोहण,मंडप उद्घाटन,चित्र अनावरण कार्यक्रमों बाद प्रवचन हुए। धर्मसभा में आर्यिका गणिनी स्वस्तिभूषण माताजी ने कहा कि मनुष्य जीव ही गर्भ,जन्म,तप,ज्ञान एवं मोक्ष की पंच कल्याणक क्रियाओं से भगवान बनते है।वह मां सौभाग्यशाली होती है जिनके कोख में भगवान आते है और मां की सेवा में देवियां आती है।एक नारी पूर्ण तब ही समझती है जब उसकी कोख में तीर्थंकर जीव आए तो तीनों लोक में खुशियां आ जाती है।उन्होंने कहा पंचकल्याणक भावों से करें तो असंख्य पूण्य और अनंत पापों का नाश करता है।जिस तरह लाभ शब्द को उल्टा करेंगे तो भला होता है वैसा ही महत्व पंचकल्याणक का है।वही मुनि सुप्रभ सागर महाराज ने कहा पंचम काल मे भगवान पैदा नही होते।लेकिन पंचकल्याणक में उसकी तरह की क्रिया से पाषाण से भगवान बनाने की क्रिया संपन्न की जाती है।





**महोत्सव पर निकाली घट व श्रीजी की शोभायात्रा :** महोत्सव की शुरुआत में श्री महावीर मंदिर से मुनि वैराग्य सागर,मुनि सुप्रभ सागर,आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी के सानिध्य में घट व श्रीजी की शोभायात्रा मुख्य बाजार,पेट्रोल पंप होकर कूंचलवाड़ा रोड से जैन कॉलोनी आयोजन स्थल पहुंची।जिसमे बैण्ड बाजे एवं घोड़ी बग्गियों में भगवान के माता-पिता, सोधर्म इन्द्र परिवार,यज्ञ नायक, कुबेर इन्द्र, सानत, इशान इन्द्र,महेन्द्र,ब्रह्म इन्द्र, ब्रह्मोत्तर,लान्तव इन्द्र,कपिष्ठ ,शुक्र इन्द्र, महाशुक्र,सत्तार इन्द्र बैठे थे।वही महिला, युवा मण्डल एवं पुरुष भजनों पर नृत्य कर साथ चल रहे थे।


**गर्भ कल्याणक संस्कार,गोदभराई की रस्में निभाई :** प्रतिष्ठाचार्य देवेश शास्त्री, कपिल भैया के निर्देशन में दोपहर में सकलीकरण, यागमण्डल विधान,गर्भ कल्याणक संस्कार,गोदभराई की क्रियाएं की गई। सांय काल महाआरती, शास्त्र प्रवचन,सौधर्म सभा,कुबेर द्वारा नगरी की रचना, सोलह स्वप्न,माताजी का श्रृंगार,अष्टकुमारियो द्वारा मां की सेवा आदि कार्यक्रम होंगे। तीर्थंकर बालक के जन्म कल्याणक पर जुलूस 4 को पार्श्‍वनाथ दिगम्बर मन्दिर जैन कॉलोनी लघु पंच कल्याण महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार 4 अप्रेल को जन्म कल्याणक में प्रातः जाप,पूजन तीर्थंकर बालक का जन्म, मुनि श्री की दिव्य देशना,इंद्राणी को प्रथम दर्शन, जन्मकल्याणक जुलूस,पांडुशिला का जन्म अभिषेक, दोपहर में तीर्थंकर बालक का श्रृंगार,शाम को आरती, शास्त्रसभा,रात्रि को आनंदोत्सव,बालक को पालना व बाल क्रीड़ा कार्यक्रम होंगे।

# पौधारोपण की अभी से शुरू करें तैयारी, अभियान महज औपचारिकता न रहे, भावनात्मक रूप से भी जुड़ें - कलक्टर

## पौधे तब ही लगाएं जब जीवित रख सकें, पौधे लगाने के बाद ध्यान रखना बेहद जरूरी, हरियालो राजस्थान अभियान को लेकर कलक्टर ने ली बैठक

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने गुरुवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में 'हरियालों राजस्थान' अभियान के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स और पर्यावरण समिति की बैठक लेकर विभागों से तैयारियों पर चर्चा की। बैठक में उप वन संरक्षक कस्तूरी प्रशांत सुले, एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, एडिशनल एसपी रजत, एसीएफ श्रीकृष्ण चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



कलक्टर ने गत वर्ष में हुए पौधारोपण और उनमें से वर्तमान में जीवित पौधों की स्थिति, जियो-टैगिंग आदि की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए। कलक्टर ने कहा कि गत वर्षों से अधिक लक्ष्य लेकर इस वर्ष पौधारोपण करें। साथ ही हर विभाग किसी न किसी तरह का उदाहरण प्रस्तुत करे, जिससे वह गर्व के साथ दिखा सके। कलक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) राजेंद्र गग्गड़ और जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) नूतन प्रकाश जोशी को निर्देश दिए कि बाउंड्री वॉल और पानी की पर्याप्त उपलब्धता वाले विद्यालयों का चयन कर इन विद्यालयों में प्राथमिकता पर पौधारोपण करें।

**पौधे तभी लगाएं जब जीवित रख सकें :** कलक्टर असावा ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि लक्ष्य पूरा करने की होड़ में किसी भी तरह पौधे लगा देने का प्रयास न करें। पौधे सिर्फ तब ही लगाएं जब आप उसका रखरखाव करते हुए जीवित रख सकें और उसे बड़ा कर सकें। इस पर उप वन संरक्षक सुले ने कहा कि इस बार वन विभाग द्वारा सभी विभागों के कार्मिकों को पीपरड़ा नर्सरी में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें गड्ढे खोदने के सही तरीके, पौधा लगाने की तकनीक सहित हर विषय को समझाया जाएगा, साथ ही इसकी वीडियो भी जारी की जाएगी।

# कपिल शर्मा @44

## कैंसर पीड़ित पिता के लिए मांगी मौत

## पुलिस की नौकरी ठुकराई, फिल्म फ्लॉप होने से डिप्रेशन में गए तो सुसाइड की सोची

कॉमेडी के बादशाह कपिल शर्मा आज घर-घर में लोकप्रिय हैं। लोगों के चेहरे पर हंसी और चहक लाने वाले कपिल शर्मा आज भले ही बड़े स्टार बन चुके हों, लेकिन एक वक्त ऐसा भी था जब उन्हें काम के लिए बहुत धक्के खाने पड़ते थे। कपिल शर्मा से कॉमेडी किंग बनने तक का उनका सफर बेहद मुश्किल भरा था, लेकिन उन्होंने भी दृढ़ निश्चय कर लिया था कि किसी भी हालत में अपने सपनों को पूरा करेंगे। सफलता के शीर्ष पर पहुंचने के बाद कपिल शर्मा के जीवन में एक ऐसा वक्त आया जब वो डिप्रेशन और एंग्जाइटी का शिकार हो गए। यहां तक कि सुसाइड करने के ख्याल आने लगे, तब शाहरुख खान ने उनकी काउंसलिंग की थी।



### खुद की जरूरतों को पूरा करने के लिए कम उम्र से कमाने लगे

कपिल शर्मा के पिता जितेंद्र कुमार शर्मा पंजाब पुलिस में हेड कॉन्स्टेबल थे। फिर भी उनका बचपन बहुत ही तंगी में गुजरा। जब वह छोटे थे तब टेलीफोन बूथ पर काम करके 500 रुपए प्रति महीना कमाते थे। उसके बाद जब थोड़ा बड़े हुए तब कपड़े की मिल में 900 रुपए महीने पर काम करने लगे। यह सब काम कपिल खुद की जरूरतों को पूरा करने के लिए करते थे, लेकिन जब उनके पिता की मृत्यु हुई तब उनके ऊपर इतनी जिम्मेदारियां आ गईं कि पैसे कमाने के लिए उन्होंने रात-दिन एक कर दिया।

### पिता की मौत की दुआ मांगते थे

कपिल शर्मा के पिता की मृत्यु कैंसर से 2004 में हुई। कपिल शर्मा ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि कैंसर के कारण दर्द से कराहते पापा को देखकर वे भगवान से प्रार्थना करते थे कि वे उन्हें अपने पास बुला लें। उस समय कपिल का खुद का घर भी नहीं था। वो अमृतसर में किराए के घर में रहते थे।

### अनुकंपा नौकरी ठुकरा दी थी

अनुकंपा नौकरी एक ऐसी व्यवस्था है, जिसके तहत सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्र के संगठन किसी कर्मचारी के निधन के बाद उसके परिवार के एक सदस्य को नौकरी देते हैं। पिता के निधन के बाद उनकी जगह कपिल शर्मा को कॉन्स्टेबल की नौकरी मिल रही थी, लेकिन उन्होंने यह नौकरी ठुकरा दी। बाद में यह नौकरी कपिल के बड़े भाई अशोक कुमार शर्मा को मिली, जो पंजाब पुलिस में कॉन्स्टेबल हैं।

### मोहल्ले में हुई जमकर पिटाई

कपिल शर्मा ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि बचपन में उनके पिता ने मोहल्ले में सबके सामने उनकी पिटाई कर दी थी। कपिल शर्मा ने कहा था- जब मैं 15 साल का था, तब मेरे पिता अपने दोस्त के साथ पुलिस जीप पर आए थे। उन्होंने गाड़ी की चाबी टेबल पर रख दी। वो अपने दोस्त के साथ बैठकर शराब पी रहे थे। मैं वहां बर्फ देने के बहाने आया और वहां से चाबी उठा ली। मैंने जीप स्टार्ट कर दी, जबकि मुझे गाड़ी चलाना बिल्कुल भी नहीं आता था। जीप स्टार्ट होते ही सब्जी वाले के ठेले से टकरा गई। उस पर रखी सारी सब्जियां हवा में उड़ीं और नीचे गिर गईं। मैं जब तक सब्जियां उठाता, तब तक पिता जी आ गए और मुझे मुझे पीटना शुरू कर दिए। पूरा मोहल्ला उस वक्त मुझे पिटता हुआ देख रहा था।

### पहले ऑडिशन में रिजेक्ट हो गए थे

'द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज-3' जीतने के बाद कपिल शर्मा की किस्मत खुल गई, लेकिन जब लाफ्टर चैलेंज का ऑडिशन अमृतसर में हुआ, तब वे रिजेक्ट हो गए थे। उसके बाद अपने एक दोस्त के कहने पर उन्होंने फिर से दिल्ली में ऑडिशन दिया और सिलेक्ट हुए।

### लाफ्टर चैलेंज से खुली किस्मत

'द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज-3' जीतने के बाद कपिल शर्मा की किस्मत का ताला खुल गया। इसके बाद वे कॉमेडी सर्कस में आए और फिर खुद का प्रोडक्शन हाउस 'के9' खोला। उन्होंने कलर्स चैनल के साथ हाथ मिलाया और अपना शो 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' शुरू किया। चंद दिनों में यह शो टॉप पर पहुंच गया और कपिल शर्मा दुनिया के बेहतरीन कॉमेडियन में शुमार हो गए।

### डिप्रेशन का शिकार हुए

कपिल शर्मा के जीवन में एक ऐसा भी दौर आया जब वो डिप्रेशन का शिकार हो गए। छोटे परदे पर छा जाने के बाद कपिल शर्मा बड़े परदे पर भी अपनी पहचान बनाना चाह रहे थे। भावनाओं को समझा करो' और 'एबीसीडी 2' जैसी फिल्मों में छोटे-मोटे रोल करने के बाद कपिल शर्मा डायरेक्टर अब्बास-मस्ताना की फिल्म 'किस किस को प्यार करूं' में लीड भूमिका में नजर आए। इस फिल्म के बाद कपिल शर्मा ने 2017 में हिंदी फिल्म 'फिरंगी' और 2018 में पंजाबी फिल्म 'सन ऑफ मंजीत सिंह' प्रोड्यूस की थी।

### फ्लॉप फिल्मों के बाद दिवालिया हो गए थे

'फिरंगी' में कपिल शर्मा ने खुद एक्टिंग की थी, जबकि पंजाबी फिल्म के सिर्फ प्रोड्यूसर थे। इन फिल्मों के फ्लॉप होने के बाद कपिल शर्मा दिवालिया हो गए थे। उनका बैंक बैलेंस जीरो हो गया था। इस वजह से वो डिप्रेशन में चले गए थे। इस डिप्रेशन से उबरने में उनकी पत्नी गिन्नी ने मदद की।

### सुसाइड करने के बारे में सोचने लगे थे

कपिल शर्मा 2017 में सुसाइड करने के बारे में सोचने लगे थे। कपिल ने आज तक को दिए एक इंटरव्यू में कहा था- मैंने सुसाइड करने के बारे में सोचा था। मुझे लगा कि ऐसा कोई नहीं है, जिसके साथ मैं अपनी भावनाओं को शेयर कर सकूं। मैं जिस जगह से आता हूं। वहां मानसिक स्वास्थ्य जैसी चीज नहीं है, जिस पर चर्चा की जाती है। मुझे नहीं लगता कि यह पहली बार था जब मैं इस दौर से गुजरा। हो सकता है, बचपन में मुझे निराशा हुई होगी, लेकिन किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया होगा।

### समुद्र में कूदना चाहते थे

कपिल ने कहा था कि वह ऐसा दौर था जब डिप्रेशन के कारण उन्हें एंग्जाइटी अटैक पड़ने लगे थे। उनका दोस्त उन्हें अपने सी फेसिंग घर पर ले गया था ताकि वह अपना गम भुला सकें, लेकिन वह समुद्र को देखकर उसमें कूदने तक को तैयार हो गए थे।

कपिल ने सुनील ग्रोवर के साथ रिश्ते पर भी सफाई दी थी। उन्होंने कहा था कि ऑस्ट्रेलिया की ट्रिप के समय उनके और सुनील के बीच कुछ नहीं हुआ था। बस सुनील ने उन्हें किसी और पर गुस्सा होते देखकर इतना कहा था कि उनका यह बिहेवियर सही नहीं है।

### खुद को बेहतर महसूस कराने के लिए शराब पीने लगा

कपिल ने कहा था - जब आप नशे में होते हैं, तो आप आश्वस्त होते हैं, लेकिन जब आप शांत होते हैं, तो वास्तविकता आपके सामने आती है। मेरी गलती यह थी कि मैं खुद को बेहतर महसूस कराने के लिए शराब पीता था। रात तक तो ठीक था, लेकिन मैं दिन में भी ड्रिंक करने लगा था। कुछ समझ नहीं आ रहा था कि क्या करना है। उस समय कई कार्यक्रम रद्द कर दिया था।



## लगता था कि शूट नहीं हो पाएगा, बाद में काफी गिल्ट हुआ

कपिल ने कहा था- मैं चाहकर भी अपनी शूटिंग पर लेट नहीं हो सकता। मुझे फिल्म स्टार्स के पहुंचने से दो घंटा पहले सेट पर पहुंचना ही पड़ता है, क्योंकि मुझे पहले पहुंचकर तैयारी करनी पड़ती है। मैं 10 बजे सेट पर पहुंच गया था। शाहरुख खान एक बजे आने वाले थे, मेरी घबड़ाहट बढ़ने लगी। मैं पौने एक बजे ही सेट से निकल गया था, क्योंकि मुझे लगता था कि शूट नहीं हो पाएगा। कभी-कभी काम करने का दिल नहीं करता है, लेकिन इस बात को लोग नहीं समझते हैं। शाहरुख भाई के साथ शूट कैंसिल हुआ तो काफी गिल्ट हुआ।

### शाहरुख ने की थी काउंसलिंग

कपिल शर्मा ने कहा था- शाहरुख खान शूटिंग कैंसिल होने के तीन-चार दिन बाद मुझसे मिले। वो फिल्मसिटी कुछ शूट करने आए थे। वो एक कलाकार के तौर पर समझ गए कि क्या हो रहा है। आखिरकार वह एक सुपरस्टार हैं और उन्होंने इंडस्ट्री में सब कुछ देखा है। उन्होंने मुझे अपनी कार में बुलाया, हम एक घंटे तक बैठे रहे और बातचीत की।

### निगेटिव खबरों से बौखला कर पत्रकार को गाली दी

जिन दिनों कपिल शर्मा डिप्रेशन के दौर से गुजर रहे थे, उस दौरान लगातार उनके खिलाफ खबरें लिखी जा रही थीं। निगेटिव खबरों से कपिल बौखला गए थे। उस समय उन्होंने एंटरटेनमेंट वेबसाइट के एक जर्नलिस्ट को फोन कर बहुत गालियां दी थीं। जर्नलिस्ट ने कपिल से हुई बातचीत की पूरी रिकॉर्डिंग को वेबसाइट पर डाल दिया था। उस रिकॉर्डिंग में कपिल वेबसाइट के जर्नलिस्ट को कॉल पर गंदी-गंदी गालियां दे रहे थे। कपिल ने रिकॉर्डिंग में कहा था कि आप मेरे बारे में गलत खबरें क्यों छापते हैं? आपने ये कभी क्यों नहीं लिखा कि मैंने यशराज की फिल्म 'बैंक चोर' को रिजेक्ट कर दिया था और वो फिल्म फ्लॉप हो गई।

### यशराज की फिल्म से करने वाले थे डेब्यू

कपिल शर्मा लीड एक्टर के तौर पर यशराज बैनर की फिल्म 'बैंक चोर' से डेब्यू करने वाले थे, लेकिन उन्होंने यह फिल्म छोड़ दी थी। बाद में उन्होंने अब्बास-मस्तान के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'किस किस से प्यार करूं' से डेब्यू किया था।

### किस किसको प्यार करूं 2 में आएंगे नजर

'किस किसको प्यार करूं 2' का निर्देशन अनुकल्प गोस्वामी कर रहे हैं। जबकि इसके पहले पार्ट 'किस किसको प्यार करूं' का निर्देशन अब्बास-मस्तान ने किया था। अनुकल्प गोस्वामी ने इस फिल्म की कहानी धेराज सरना के साथ मिलकर लिखी थी।

'किस किसको प्यार करूं 2' की कहानी भी अनुकल्प गोस्वामी ने लिखी है। इस फिल्म को अब्बास-मस्तान, रतन जैन और गणेश जैन के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह फिल्म कब रिलीज होगी, अभी तब इसके बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

## शाहरुख खान और अजय देवगन जैसे स्टार्स को घंटों इंतजार कराके शूटिंग कैंसिल की

नशे की हालत में कार्यक्रम के अलावा कपिल शर्मा को कई बार शूटिंग भी कैंसिल करनी पड़ी थी। टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए इंटरव्यू में कपिल से जब पूछा गया कि उन्होंने अजय देवगन, शाहरुख खान जैसे सुपरस्टार्स को घंटों इंतजार करवाया और फिर आखिरी मिनट पर शूटिंग कैंसिल कर दी, जिसकी वजह से स्टार्स नाराज हो जाते थे। इसके जवाब में उन्होंने कहा- मैं उन्हें कैसे इंतजार करवा सकता हूं। कभी कोई मुझसे नाराज नहीं हुआ।



# खाकी के सेट पर घबरा गई थीं चित्रांगदा सिंह

## एक सीन में 400 लोगों के सामने भाषण देना था; पहली बार पॉलिटिशियन के किरदार में दिखीं

चित्रांगदा सिंह की खाकी- द बंगाल चैप्टर वेब सीरीज हाल ही में रिलीज हुई। सीरीज के रिलीज होने के बाद एक्ट्रेस ने शूटिंग के कुछ किस्से शेयर किए। उन्होंने कहा कि वह शूटिंग के समय 400 लोगों के सामने काफी नर्वस फील कर रही थीं।

### खाकी के सेट पर घबरा गई थीं चित्रांगदा सिंह

चित्रांगदा सिंह ने सेट के किस्से शेयर करते हुए कहा कि कुछ मोमेंट ऐसे हैं, जिन्हें वह कभी नहीं भूल पाएंगी। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए चित्रांगदा ने बताया, 'एक कलाकार के तौर पर मैं हमेशा चैलेंजिंग किरदारों को चुनती हूं। नॉर्मल किरदार निभाना कॉमिक बुक जैसा लगता है।'

### एक सीन में 400 लोगों के सामने भाषण देना पड़ा

चित्रांगदा ने कहा कि निबेदिता बसाक की भूमिका निभाना मुश्किल था। एक स्पेशल सीन को करते हुए एक्ट्रेस को काफी घबराहट हुई। उन्होंने कहा, फिल्म के सेट पर मुझे करीब 400 लोगों के सामने भाषण देना था। इस सीन को विक्टोरिया मेमोरियल के ठीक सामने एक बड़े मैदान में शूट किया गया था। मैंने डायरेक्टर के साथ वैन में अपने भाषण की प्रैक्टिस की। लेकिन जैसे ही मैं स्टेज पर चढ़ी और रेडी टू रोल सुना, मुझे काफी घबराहट होने लगी और मैं कुछ सेकेंड के लिए फ्रिज हो गई थी। हालांकि, भीड़ की एनर्जी ने मुझे आगे बढ़ने के लिए मोटिवेट किया। यह मोमेंट मुझे हमेशा याद रहेगा।

# सारा ने कहा- ट्रोलिंग से अब कोई फर्क नहीं पड़ता : डील करने में सबसे ज्यादा हेल्प मेडिटेशन करता है; मेट्रो इन दिनों में नजर आएंगी एक्ट्रेस



सारा अली खान को अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ और पर्सनल लाइफ को लेकर ट्रोल किया जाता है। एक्ट्रेस ने हाल ही में सोशल मीडिया ट्रोलिंग को लेकर बात की। उनका मानना है कि नेगेटिविटी को सिर्फ मेडिटेशन से ही कम किया जा सकता है।

### मुझे ट्रोलिंग से कोई फर्क नहीं पड़ता- सारा

सारा अली खान ने टाइम्स नाउ समिट में बातचीत के दौरान सवाल किया गया कि वह सोशल मीडिया ट्रोलिंग को कैसे डील करती हैं और उससे कैसे डील करती हैं?

सारा ने ट्रोलिंग को लेकर बात करते हुए कहा, मुझे मेरे धर्म को लेकर भी ट्रोल्स किया जाता है, लोग कहते हैं कि तुम मुस्लिम हो और हिंदू मंदिरों में जाती हो। लेकिन मुझे अब इन सब बात से फर्क पड़ना बंद हो गया है। मुझे ट्रोलिंग से डील करने में सबसे ज्यादा हेल्प मेडिटेशन करता है। मुझे मेडिटेशन से यह पता चलता है कि क्या रियल है और क्या नहीं। मेरे लिए समस्या कभी भी ट्रोलिंग नहीं थी, मेरा यह सोचना था कि मैं ही सबसे अच्छी हूं। अब, मैंने यह सोचना ही बंद कर दिया है।'

### काफी लंबी लाइफ है, बहुत कुछ करना है- सारा

सारा ने आगे कहा, 'मैं एक एक्टर के रूप में अभी भी टॉप पर नहीं हूं। कुछ लोग कुछ कलाकारों को पसंद करते हैं, और कुछ को नहीं। एक एक्टर के रूप में मुझे अभी काफी लंबा सफर तय करना है। अभी एक लंबी लाइफ है, अभी काफी कुछ करना है।'

### 2018 में सारा ने किया था डेब्यू

सारा अली खान ने साल 2018 में फिल्म केदारनाथ से अपने करियर की शुरुआत की थी। सारा को हास ही में फिल्म स्काई फोर्स में देखा गया था। इसमें उनके साथ अक्षय कुमार, वीर पहाड़िया और निमरत कौर भी मुख्य भूमिकाओं में थे। सारा जल्द ही अनुराग बसु की रोमांटिक ड्रामा मेट्रो इन दिनों में नजर आएंगी। यह फिल्म लाइफ इन ए मेट्रो (2007) का सीक्वल है। इसमें आदित्य रॉय कपूर, अनुपम खेर, नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, अली फजल और फातिमा सना शेख जैसे कलाकारों भी दिखाई देंगी। यह फिल्म 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता और
टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# जयपुर सीरियल ब्लास्ट में जिंदा मिले बम पर आज फैसला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में करीब 17 साल पहले हुए सीरियल बम ब्लास्ट के दौरान चांदपोल के रामचंद्र मंदिर के पास मिले जिंदा बम मामले में शुक्रवार को फैसला आएगा। जयपुर बम ब्लास्ट मामलों की विशेष अदालत में जज रमेश कुमार जोशी जिंदा बम प्लांट करने के मामले में 4 आरोपियों को फैसला सुनाएंगे।

दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने पहले 29 मार्च को फैसले का दिन तय किया था। लेकिन पिछली सुनवाई पर कोर्ट ने फैसला नहीं सुनाते हुए शुक्रवार को फैसले का दिन तय किया था। इससे पहले ब्लास्ट के 8 मामलों में यही अदालत करीब साढ़े 5 साल पहले आरोपियों को फांसी की सजा सुना चुकी है, लेकिन हाईकोर्ट ने सजा को रद्द करते हुए सभी आरोपियों को बरी कर दिया था। मामले में दो आरोपी जमानत पर बाहर हैं। वहीं, दो जेल में बंद हैं। इस मामले में राज्य सरकार की अपील सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है।

## 8 मामलों में आरोपियों की फांसी की सजा माफ कर चुका हाईकोर्ट

### एटीएस ने कराए थे तीन नए गवाह

चारदीवारी में 13 मई 2008 को 8 सीरियल बम ब्लास्ट हुए थे। करीब 11 साल बाद 20 दिसंबर 2019 को जयपुर बम ब्लास्ट की विशेष अदालत ने सैफुर्रहमान, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद सरवर आजमी और एक अन्य नाबालिग (जिसे बाद में हाईकोर्ट ने घटना के समय नाबालिग माना) को फांसी की सजा सुनाई थी। वहीं, एक आरोपी शाहबाज अहमद को बरी कर दिया था। इसके बाद एटीएस ने जिंदा बम मामले में इन सभी आरोपियों को 25 दिसंबर 2019 को जेल से गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन हाईकोर्ट ने 29 मार्च 2023 को विशेष अदालत का फैसला पलटते हुए सभी आरोपियों को बरी कर दिया था। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में जांच एजेंसियों की कमियों को भी उजागर किया था। इसके बाद एटीएस ने इस मामले में सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश की थी। इसमें एटीएस ने तीन नए गवाह शामिल किए थे। सुनवाई के दौरान एटीएस ने पत्रकार प्रशांत टंडन, पूर्व एडीजी अरविंद कुमार और साईकिल कसने वाले दिनेश महावर सहित कुल 112 गवाहों के बयान दर्ज करवाए थे।

# मुंबई में लॉरेंस गैंग के 5 सदस्य गिरफ्तार

## क्राइम ब्रांच ने 7 पिस्तौल और 21 जिंदा कारतूस जब्त किए, निशाने पर कोई सेलिब्रिटी था

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने अंधेरी इलाके से लॉरेंस गैंग के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 7 पिस्तौल और 21 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। पुलिस ने बुधवार, 2 अप्रैल को यह जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें संदेह है कि गैंग के निशाने पर कोई सेलिब्रिटी था। क्राइम ब्रांच के अधिकारी ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने लॉरेंस गैंग के सदस्यों को शनिवार को हिरासत में लिया। उनके हथियार ले जाने के पीछे के मकसद की जांच की जा रही है। गिरफ्तार लोगों की पहचान विकास ठाकुर उर्फ विक्की, सुमित कुमार दिलावर, श्रेयस यादव, देवेंद्र सक्सेना और विवेक गुप्ता के रूप में की गई है। ये सभी राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। सुमित कुमार और विकास हिस्ट्रीशीटर हैं। दरअसल, लॉरेंस गैंग की तरफ से सलमान खान को लगातार धमकियां मिल रही हैं। ऐसे में गैंग के 5 सदस्यों की गिरफ्तारी और उनके पास से हथियार बरामद होने के बाद इसे सलमान खान की सुरक्षा के लिए बड़े खतरे के रूप में भी देखा जा रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट के जज संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करेंगे : जानकारी वेबसाइट पर अपलोड होगी; दिल्ली हाईकोर्ट जज के घर कैश मिलने के बाद फैसला लिया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** ज्यूडिशियरी में ट्रांसपेरेंसी और जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों ने पदभार ग्रहण करने के दौरान ही अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने का फैसला किया है। 1 अप्रैल को हुई फुल कोर्ट मीटिंग में सभी 34 जजों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना की मौजूदगी में अपनी संपत्ति का खुलासा करने का फैसला लिया है।

जजों ने यह भी कहा कि संपत्तियों से जुड़ी डिटेल सुप्रीम कोर्ट की ऑफिशियल वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। हालांकि वेबसाइट पर संपत्ति की घोषणा स्वैच्छिक होगी।

सुप्रीम कोर्ट में जजों की निर्धारित संख्या 34 है। फिलहाल यहां 33 जज हैं, एक पद खाली है। इनमें से 30 जजों ने अपनी संपत्ति का घोषणा-पत्र कोर्ट में दे दिया है। हालांकि इन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया है।

# अमेरिका ने भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाया

## ट्रम्प बोले- मोदी अच्छे दोस्त, लेकिन टैरिफ पर व्यवहार ठीक नहीं; बदलाव 9 अप्रैल से लागू होगा

बढ़ता राजस्थान

वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार देर रात भारत पर 26% टैरिफ (रेसिप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ) लगाने का ऐलान किया। ट्रम्प ने कहा- भारत बहुत सख्त है। मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं, लेकिन हमारे साथ सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा, भारत अमेरिका पर 52% तक टैरिफ लगाता है, इसलिए अमेरिका भारत पर 26% टैरिफ लगाएगा। अन्य देश हमसे जितना टैरिफ वसूल रहे, हम उनसे लगभग आधे टैरिफ लेंगे। इसलिए टैरिफ पूरी तरह से रेसिप्रोकल नहीं होंगे। मैं ऐसा कर सकता था, लेकिन यह बहुत से देशों के लिए कठिन होता। हम ऐसा नहीं करना चाहते थे।

भारत के अलावा चीन पर 34%, यूरोपीय यूनियन पर 20%, साउथ कोरिया पर 25%, जापान पर 24%, वियतनाम पर 46% और ताइवान पर 32% टैरिफ लगेगा। अमेरिका ने करीब 60 देशों पर उनके टैरिफ की तुलना में आधा टैरिफ लगाने का फैसला किया है।

इसके अलावा दूसरे देशों से अमेरिका में आने वाले सभी सामान पर 10% बेसलाइन (न्यूनतम) टैरिफ लगेगा। बेसलाइन टैरिफ 5 अप्रैल को और रेसिप्रोकल टैरिफ 9 अप्रैल को रात 12 बजे के बाद लागू होंगे। बेसलाइन टैरिफ व्यापार के सामान्य नियमों के तहत आयात पर लगाया जाता है, जबकि रेसिप्रोकल टैरिफ किसी अन्य देश के टैरिफ के जवाब में लगाया जाता है।

### ट्रम्प के संबोधन की बड़ी बातें

**ऑटो सेक्टर में 25% टैरिफ**

अमेरिका विदेशों में बनने वाले वाहनों पर 25% टैरिफ लगाएगा। अब तक अमेरिका अन्य देशों से मोटरसाइकिलों पर केवल 2.4% टैरिफ वसूलता था। जबकि भारत 60%, वियतनाम 70% और अन्य देश इससे भी अधिक कीमत वसूल रहे हैं। इन्होंने अमेरिका को 50 वर्षों तक लूटा, लेकिन यह आज समाप्त होगा।

**अमेरिका सबसे अमीर देश बनेगा**

अमेरिका दुनिया के किसी भी देश से अधिक अमीर होगा। आज हम अमेरिकी वर्कर के लिए खड़े हो रहे हैं। आखिरकार हम अमेरिका फर्स्ट को लागू कर रहे हैं। हम वास्तव में बहुत धनवान हो सकते हैं। हम इतने अधिक धनवान हो सकते हैं कि यह अविश्वसनीय लगे, लेकिन अब हम समझदार हो रहे हैं।

**टैरिफ से बचने के लिए अमेरिका में बनाएं प्रोडक्ट**

अमेरिका टैरिफ के मामले में अब बराबरी का जवाब देगा। जो देश अमेरिकी बाजार तक पहुंच चाहते हैं, उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। अगर कोई भी कंपनी टैरिफ से छूट चाहती है, तो उसे अमेरिका में अपना प्रोडेक्ट बनाना होगा। टैरिफ से अमेरिका का विकास होगा।



**नौकरियां और कारखाने अमेरिका लौटेंगे**

कई देशों ने अमेरिकी बाजार का फायदा लेकर खुद को समृद्ध बनाया, लेकिन अमेरिकी सामान के लिए अपने बाजार में सख्ती लगा दी। अब अमेरिका भी अपने फायदे के बारे में सोचेगा। अब नौकरियां और कारखाने अमेरिका में वापस आएंगे।

**कनाडा के डेयरी टैरिफ अनुचित**

कनाडा का डेयरी टैरिफ हमारे किसानों के लिए उचित नहीं है। अमेरिका कनाडा और मेक्सिको जैसे देशों को उनके उद्योगों को बनाए रखने में मदद करने के लिए सब्सिडी देता है। हम अपने महान किसानों और पशुपालकों के लिए भी खड़े हैं, जिनके साथ दुनियाभर के देश क्रूरता करते हैं। अमेरिका की आर्थिक आजादी का दिन: आज का दिन अमेरिका के लिए आर्थिक आजादी का है। हमें अमेरिका को फिर से महान बनाना है। हम रेसिप्रोकल टैरिफ का ऐलान कर रहे हैं, यानी जो देश हम पर जैसा शुल्क लगा रहा है हम भी उनके साथ वैसा ही करेंगे।

# राजस्थान में आज आंधी-बारिश का अलर्ट

## कई जिलों में 50किमी. की स्पीड से चल सकती है आंधी; 5 अप्रैल से हीटवेव की चेतावनी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ का असर देर रात कोटा संभाग में दिखने लगा। बारां-झालावाड़ के एरिया में आंधी चलने के साथ कई जगह बादल छाए और कुछ जगह हल्की बूंदाबांदी हुई। इस सिस्टम का असर आज भरतपुर, जयपुर, कोटा संभाग के जिलों में ज्यादा देखने को मिलेगा। इन संभाग के जिलों में बादल छाने के साथ कई जगह तेज आंधी चल सकती है और जगहों पर हल्की बारिश या बूंदाबांदी भी हो सकती है।

**2 दिन रह सकता है नए सिस्टम का असर**

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अरब सागर से आए वेदर सिस्टम के असर से राज्य के मौसम में ये बदलाव हुआ है। इस सिस्टम के असर से मध्य प्रदेश के अलावा राजस्थान का दक्षिण-पूर्वी हिस्सा प्रभावित होगा। 4 अप्रैल से सिस्टम का असर खत्म होगा और 5 अप्रैल से राजस्थान में फिर से गर्मी तेज होने लगेगी। पश्चिमी राजस्थान के जिलों में हीटवेव का दौर शुरू होगा और तापमान 42-43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

**औसत से ऊपर दर्ज हुआ दिन का तापमान**

पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान के अधिकांश शहरों में दिन का अधिकतम तापमान औसत से ऊपर दर्ज हुआ। जयपुर, पिलानी, सीकर, चित्तौड़गढ़, बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर में अधिकतम तापमान औसत से 2 डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज हुआ। राजधानी जयपुर में कल अधिकतम तापमान 36 .9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में दिनभर कल तेज धूप रही, जिससे गर्मी थोड़ी ज्यादा रही। अलवर, भीलवाड़ा, दौसा के एरिया में भी कुछ इसी तरह मौसम रहा।

**बारिश-आंधी बदल सकती है मौसम का मिजाज**

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के मुताबिक झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, टोंक, अजमेर, सवाई माधोपुर, जयपुर, दौसा, करौली, धौलपुर, भरतपुर, अलवर, सीकर और झुंझुनूं जिलों में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

# थाईलैंड में दुनिया की सबसे यंग पीएम से मिले मोदी

## रामायण देखी, कहा- इसकी कहानियां थाई लोगों के जीवन का हिस्सा





बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/बैंकॉक (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को 2 दिन के थाईलैंड दौरे पर पहुंचे हैं। यहां पर उन्होंने थाईलैंड की पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। सबसे पहले पीएम मोदी ने 28 मार्च को भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने भारत और थाईलैंड के धार्मिक और सांस्कृतिक संबंधों पर बातचीत की।

उन्होंने कहा कि सदियों पुराने संबंध हमारी गहरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कड़ियों से जुड़े हैं। बौद्ध धर्म के प्रसार ने हमारे लोगों को जोड़ा है। रामायण की कहानियां थाई लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। इससे पहले थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक पहुंचकर पीएम मोदी ने एयरपोर्ट पर भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की। इसके बाद थाई रामायण का मंचन देखा। यहां रामायण को रामाकेन कहा जाता है। इसके बाद पीएम मोदी ने थाईलैंड की पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा (38) से द्विपक्षीय मुलाकात की। वे दुनिया की सबसे कम उम्र की प्रधानमंत्री हैं। इस दौरान दोनों देशों के अधिकारियों ने व्यापारिक संबंधों पर चर्चा की।

**पीएम के संबोधन की प्रमुख बातें...**

**भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष थाईलैंड भेजे जाएंगे**-पीएम मोदी ने कहा कि पीएम शिनवात्रा ने मुझे त्रिपिटक भेंट किया। 'बुद्ध भूमि' भारत की ओर से, मैंने इसे श्रद्धा पूर्वक स्वीकार किया। पिछले साल भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत से थाईलैंड भेजे गए थे। मैं यह घोषणा करते हुए खुशी महसूस कर रहा हूं कि गुजरात के अरावली में 1960 में मिले भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भी थाईलैंड भेजे जाएंगे।

**भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी में थाईलैंड का खास योगदान**-पीएम ने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और हमारे इंडो पेसिफिक विजन में थाईलैंड का खास योगदान है। आज हमने अपने संबंधों को स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप का रूप देने का फैसला किया है। सुरक्षा एजेंसियों के बीच स्ट्रैटजिक डायलॉग स्थापित करने पर चर्चा की गई। साइबर क्राइम के शिकार भारतीयों को वापस भारत भेजने में थाईलैंड सरकार से मिले सहयोग के लिए थाईलैंड सरकार का शुक्रिया। हमारी एजेंसी ह्यूमन ट्रैफिकिंग और अवैध माइग्रेशन के खिलाफ एकजुट होकर काम करेगी। उत्तर पूर्वी राज्यों और थाईलैंड के बीच टूरिज्म, कल्चर, एजुकेशन आदि क्षेत्रों में सहयोग पर बल दिया गया है।

**दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा**-पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच स्वस्थ्य, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट में सहयोग के लिए समझौता हुआ है। रिन्युएबल एनर्जी, डिजिटल टेक्नोलॉजी, ई-व्हीकल्स, रोबोटिक्स, स्पेस, बायोटेक्नोलॉजी और स्टार्ट अप में सहयोग बढ़ाने का फैसला लिया गया है।

# राहुल बोले-चीन ने हमारी 4 हजार वर्ग किमी जमीन कब्जाई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को भारत-चीन के राजनयिक संबंधों की 75वीं सालगिरह के जश्न को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा- चीन हमारे 4 हजार वर्ग किमी इलाके पर कब्जा करके बैठा है, लेकिन मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि हमारे विदेश सचिव (विक्रम मिस्री) चीनी राजदूत के साथ केक काट रहे थे।

लोकसभा में शून्यकाल के दौरान राहुल ने कहा- हम सामान्य स्थिति के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उससे पहले हमें अपनी जमीन वापस मिलनी चाहिए। मुझे पता चला कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने चीनी राजदूत को चिट्ठी लिखी है और यह भी हमें दूसरों से पता चल रहा है। चीनी राजदूत भारत के लोगों को बता रहे हैं कि उन्हें चिट्ठी लिखी गई।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बीती 1 अप्रैल को भारत-चीन संबंधों के 75 साल पूरे होने पर भारत में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। उन्होंने चीन के राजदूत शू फेइहोंग के साथ काटा था। फेइहोंग ने ट्वीटर पर कार्यक्रम की तस्वीरें शेयर की थीं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बीती 1 अप्रैल को भारत-चीन संबंधों के 75 साल पूरे होने पर भारत में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। उन्होंने चीन के राजदूत शू फेइहोंग के साथ काटा था।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

